RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 179
फरीदाबाद, शनिवार, 06 अगस्त, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



परमाणु बम से उत्पन्न धुआं का गुब्बार, हिरोशिमा

पेज - 11

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,387 | 89.13 |
| निफ्टी | 17,397 | 15.50 |
| सोना | 52,592 | 0.9 /10 ग्रा |
| चांदी | 58,964 | 487 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 32.00°C
न्यूनतम 26.00°C

## क्विक न्यूज

### आरबीआई ने ब्याज दरें 0.50 फीसद बढ़ाईं, लोन महंगे होंगे

**नई दिल्ली।** बढ़ती महंगाई से चिंतित भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में 0.50 फीसद इजाफा किया है। इससे रेपो रेट 4.90 फीसद से बढ़कर 5.40 फीसद हो गई है। यानी होम लोन से लेकर ऑटो और पर्सनल लोन सब कुछ महंगा होने वाला है और आपको ज्यादा किश्त चुकानी होगी। इस बढ़ोतरी के बाद ब्याज दरें अगस्त 2019 के लेवल पर पहुंच गई है। ब्याज दरों पर फैसले के लिए तीन अगस्त से मॉनिटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग चल रही थी। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में ब्याज दरें बढ़ाने की जानकारी दी। मान लीजिए, एक व्यक्ति ने 7.55 फीसद के रेट पर 20 साल के लिए 30 लाख रुपये का हाउस लोन लिया है। उसकी लोन की किश्त 24260 रुपये है। 20 साल में उसे इस दर से 2822304 रुपये का ब्याज देना होगा। यानी उसे अब 30 लाख के बदले कुल 5822304 रुपये चुकाने होंगे।

### ममता ने समय से कोष जारी करने का किया अनुरोध

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और अपने राज्य से संबंधित कई मुद्दों को उठाया, जिसमें जीएसटी बकाया और केंद्र द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत समय पर धन जारी करना शामिल है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने करीब एक घंटे तक हुई बैठक की एक तस्वीर साझा की है। ममता ने कहा कि वह कई बार कोष जारी करने आग्रह कर चुकी हैं। विभिन्न योजनाओं के तहत राज्य को देय राशि अब लगभग 17996.32 करोड़ रुपये है।

### टीवी चैनल के सम्पादक को दंडात्मक कार्रवाई से मिला संरक्षण

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के फर्जी वीडियो क्लिप के प्रसारण मामले में एक टेलीविजन चैनल के सम्पादक को दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा प्रदान की। न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की खंडपीठ ने राजस्थान और छत्तीसगढ़ सरकार को नोटिस जारी किए और कहा कि एक ही वादहेतुक को लेकर रायपुर और सीकर में दर्ज प्राथमिकियों पर कोई दंडात्मक कार्रवाई न की जाए।

### उत्तराखंड चयन आयोग अध्यक्ष ने पद छोड़ा

**देहरादून।** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी के आरोपों के बीच शुक्रवार को उसके अध्यक्ष एस राजू ने पद से इस्तीफा दे दिया। 2016 से आयोग के अध्यक्ष राजू ने नैतिकता का हवाला देते हुए पद से इस्तीफा दिया है। कहा कि वह जांच में सहयोग करेंगे और भर्तियों में दबाव डालने वाले लोगों के नाम जांच एजेंसियों से साझा करेंगे।


## 2024 तक बनेंगे 26 ग्रीन एक्सप्रेस-वे, गडकरी ने कहा

# दिल्ली से जयपुर का सफर दो घंटे में, मुंबई 12 घंटे में पहुंचेंगे

**एजेंसी।** नई दिल्ली

2024 खत्म होने से पहले देश में 26 ग्रीन एक्सप्रेस हाईवे बनाए जाएंगे। इन पर 125-130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से सफर पूरा होगा। सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने संसद में यह बात कही। उन्होंने दावा किया कि 2024 खत्म होने से पहले तक देश का रोड इंफ्रास्ट्रक्चर अमेरिका की टक्कर का होगा।

नितिन गडकरी ने कहा, 'इस समय नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की आर्थिक स्थिति बहुत मजबूत है। मैं सदन में ऑन-रिकॉर्ड यह बात कह रहा हूं कि मैं हर साल पांच लाख करोड़ रुपये की सड़क बना सकता हूं। हमारे पास पैसे





की कमी नहीं है। संसद में किसी भी पार्टी के सांसद से पूछिए, जिसने भी मुझसे सड़क बनवाने के लिए पैसा मांगा है, मैंने उसे पैसा सैंक्शन किया है। मैंने किसी पार्टी के सांसद को मना नहीं किया।'

उन्होंने कहा, एनएचएआई को एएए रेटिंग मिली हुई है। हाल ही में दो बैंकों के चेयरमैन मेरे पास आए और उन दोनों ने मुझे 25-25 हजार करोड़ रुपये लोन देने का प्रस्ताव रखा। मुझे सिर्फ 6.45 फीसद की ब्याज दर

पर यह पैसा मिला है। इसलिए एनएचएआई के पास सड़कें बनवाने के लिए भरपूर पैसा है।

एनएचएआई का काम है अम्ब्रेला हाईवे योजना, भारतमाला योजना के लिए फंड देना। इसका उद्देश्य एनएच

### दूसरा सिस्टम है नंबर प्लेट में बदलाव करना

**गडकरी** ने कहा कि फिलहाल टोल कलेक्ट करने के लिए हमारे पास एक सिस्टम मौजूद है, लेकिन हम दो विकल्पों पर काम कर रहे हैं। पहला है सैटलाइट आधारित टोल-सिस्टम जिसमें कार में जीपीएस लगा होगा और उसमें से खुद ही टोल कट जाएगा। दूसरा सिस्टम है- नंबर प्लेट में बदलाव करना। 2019 से ही हमने नए तरीके की नंबर प्लेट बनाने की तकनीक पर काम करना शुरू कर दिया है। अब मैन्युफैक्चरर के लिए, यह नंबर-प्लेट लगाना अनिवार्य होगा। पुरानी नंबर-प्लेट्स को नई नंबर प्लेट्स से बदला जाएगा। नई नंबर-प्लेट से एक सॉफ्टवेयर जुड़ा होगा, जिससे टोल कट जाया करेगा। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया भारत सरकार की एक स्वायत्त संस्था है। इसे 1955 में स्थापित किया गया था। यह देश के 132499 किमी लंबे नेशनल हाइवे में से 50 हजार किमी के नेटवर्क के मैनेजमेंट का काम देखती है।

लिंकेज वाले जिलों की संख्या को 300 से बढ़ाकर 550 करना है। इसके अलावा सड़क के किनारे रेस्टरूम, फूड प्लाजा और मेडिकल सुविधाओं की व्यवस्था करना और पौधरोपण करना भी इसी संस्था की जिम्मेदारी है।

## कॉमनवेल्थ में एक और गोल्ड : सोनीपत के सुधीर ने पॉवर लिफ्टिंग में सोना जीता

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत



**कॉमनवेल्थ** गेम में सोनीपत के पैरा खिलाड़ी सुधीर ढ़ोचक लाठ ने पावर लिफ्टिंग में देश को गोल्ड दिलाया है। सुधीर के पैतृक गांव लाठ में बेटे की जीत पर खुशी मना कर लड्डू बांटे गए। मां सुमित्रा ने कहा कि बेटे ने कहा था कि घर से जा रहा हूं तो खाली हाथ नहीं आऊंगा। बीए में पढ़ रहे छोटे भाई साहिल ने कहा कि भाई ने जमकर तैयारी की थी।

पिछले कई सालों से देश में उनके मुकाबले का कोई खिलाड़ी नहीं था। सुधीर वर्ष 2017 में वर्ल्ड गेम और 2018 में एशियन गेम में मेडलिस्ट है। पूरे परिवार को खुशी के बीच एक गम यह है कि सुधीर के पिता राजबीर बेटे को ऊंचाइयों पर नहीं देख पाए। 2018 में एशियन गेम में ब्रॉन्ज मेडल जीतने के बाद घर लौटने से तीन दिन पहले ही उनकी मौत हो गई थी। वे मिलिट्री से रिटायर्ड थे। सुधीर अपने परिवार के साथ गोहाना उपमंडल के गांव लाठ में रहता है।

विस्तृत खबर पेज-12 पर

## कांग्रेस पार्टी के प्रदर्शन को गृहमंत्री अमित शाह ने राममंदिर से जोड़कर कहा

# कांग्रेसियों ने राममंदिर के शिलान्यास का विरोध किया

### अमित शाह ने कहा काले कपड़े क्यों पहने यह तुष्टिकरण की नीति

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** पार्टी ने भले ही शुक्रवार को महंगाई, जीएसटी और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ सुबह से ही संसद से सड़क तक प्रदर्शन किया हो लेकिन देश के गृहमंत्री अमित शाह ने इस विरोध प्रदर्शन के सीधे तौर पर राममंदिर के शिलान्यास से जोड़ दिया है। गृहमंत्री ने कहा, आज तो ईडी की पूछताछ भी नहीं थी। कांग्रेसियों ने काले कपड़े क्यों पहने, क्योंकि आज के दिन ही राम मंदिर की नींव पड़ी थी और कांग्रेस ने छिपे तौर पर इसका विरोध किया है। उन्होंने कहा कि जिस दिन राम मंदिर का शिलापूजन हुआ, उसी दिन को विरोध प्रदर्शन के लिए क्यों चुना। कांग्रेस ने इस तरह से तुष्टिकरण की अपनी नीति को आगे बढ़ाया है।

इस विरोध प्रदर्शन के दौरान राहुल संसद से राष्ट्रपति भवन तक मार्च निकालने के लिए निकले, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया और हिरासत में ले लिया। इसके बाद प्रियंका गांधी अपने सांसदों के साथ पीएम आवास घेरने के लिए निकलीं, लेकिन यहां भी पुलिस ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया। राहुल को हिरासत में लिए जाने के बाद कांग्रेस मुख्यालय में मौजूद प्रियंका गांधी ने मोर्चा संभाला और वे अपने सांसदों के साथ पीएम आवास घेरने के लिए निकलीं, लेकिन यहां भी पुलिस ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया। वे सड़क पर धरने पर बैठ गईं। पुलिस ने उन्हें भी हिरासत में ले लिया। इस दौरान अजय माकन, सचिन पायलट, हरीश रावत, अविनाश पांडे सहित कांग्रेस





### यहां रोज लोकतंत्र की हत्या हो रही

**केंद्र** की नीतियों के खिलाफ सोनिया, राहुल समेत कांग्रेस के सभी सांसद सदन में काले कपड़े पहनकर पहुंचे और जमकर नारेबाजी की। इससे पहले, सुबह राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा, क्या आप तानाशाही का मजा ले रहे हैं, यहां रोज लोकतंत्र की हत्या हो रही है। इस सरकार ने आठ साल में लोकतंत्र को बर्बाद कर दिया। दरअसल, कांग्रेस देशभर में केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रही है। मीडिया से बात करने के दौरान वह अपने बाजू पर काली पट्टी बांधे थे।

### देश के हर इंस्टीट्यूट में आरएसएस का आदमी बैठा है : राहुल गांधी

**राहुल** ने कहा कि देश की मीडिया, इलेक्टोरल सिस्टम इनके दम पर विपक्ष खड़ा होता है, लेकिन देश के हर इंस्टीट्यूट में आरएसएस का आदमी बैठा है। वह सरकार के कंट्रोल में है। जब हमारी कांग्रेस सरकार होती थी तब इंफ्रास्ट्रक्चर न्यूट्रल होता था। हम उसमें दखल नहीं देते थे। मेरी दिक्कत ये है कि मैं सच्चाई बोलूंगा, महंगाई, बेरोजगारी का मुद्दा उठाने का काम करूंगा। जो डरता है, वो धमकाता है। जो आज देश की हालत है, उससे डरते हैं, जो उन्होंने पूरे नहीं किए, महंगाई और बेरोजगारी से डरते हैं। जनता की शक्ति से डरते हैं, क्योंकि ये 24 घंटा झूठ बोलते हैं।

के सभी बड़े नेताओं को हिरासत में लिया गया। शाम को सभी नेताओं को छोड़ दिया गया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पुलिस ने बैरिकेडिंग की थी। प्रियंका गांधी इसे लांघकर आगे बढ़ीं, इसी के बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया था। प्रियंका को कांग्रेस मुख्यालय के सामने पुलिस ने जब रोका तो वे वहीं धरने पर बैठ गईं। प्रियंका ने कहा कि पुलिस वालों से कहा कि वो सरकार से समझौता करने नहीं बैठी हैं। महंगाई का विरोध करके जनता की आवाज उठाना उनका हक है। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या को देखकर अकबर रोड पर भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई। पुलिस ने तीन लेयर में जवानों को तैनात किया। किसी भी कार्यकर्ता अंदर नहीं जाने दिया गया।

प्रदर्शन को देखते हुए जंतर-मंतर इलाके को छोड़ पूरी दिल्ली में धारा 144 लागू लगाई गई। दिल्ली पुलिस ने कहा कि लॉ एंड ऑर्डर को देखते हुए यह फैसला किया गया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि सरकार हमें महंगाई के खिलाफ विरोध करने से रोकना चाहती है, इसलिए लगातार कांग्रेस नेताओं को परेशान कर रही है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राहुलजी ने जो कहा आप समझ लें कि देश में क्या हालात हैं। किसी ने नहीं सोचा होगा कि देश में लोगों को लोकतंत्र समाप्त होते देखना होगा। देश में ईडी, इनकम टैक्स, सीबीआई का आतंक है। दिल्ली, पटना, मुंबई, भोपाल समेत देशभर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन किया।

## अक्साई चिन में पीएलए को ट्रेनिंग दे रहा चीन

### सैन्य कमांडर की बैठक में भारत ने जताया ऐतराज

**एजेंसी।** नई दिल्ली

भारत-चीन सीमा के बीच लंबे समय से तनाव जारी है। इसी बीच खबरें आ रही हैं कि चीन अक्साई चिन में अपनी सेना को भारतीय सेना से मुकाबला करने की ट्रेनिंग दे रहा है। सैन्य कमांडर की बैठक में भारत ने इस पर ऐतराज जताया है। शुक्रवार को लद्दाख में दोनों देशों के बीच सीमा तनाव को खत्म करने के लिए फिर चर्चा हुई। इस दौरान खास तौर पर एयरस्पेस उल्लंघन को लेकर चर्चा हुई। इसके साथ ही दोनों देशों ने अपने इलाकों में निशानदेही स्पष्ट रखने पर भी जोर दिया है।

अब तक दोनों देशों के बीच कई दौर की बैठकें हो चुकी हैं, लेकिन इस मसले का कोई हल नहीं निकल सका। पिछले महीने दोनों देशों के बीच 16वें दौर की बैठक हुई थी, 13 घंटे तक चली इस बैठक के एक दिन बाद दोनों पक्षों ने संयुक्त बयान जारी किया था। कहा गया कि यह बैठक पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति और स्थिरता बहाल करने में मददगार साबित होगी। साथ ही दोनों पक्षों के रिश्ते भी बेहतर होंगे।

हाल ही में भारतीय सेना के अधिकारियों ने कहा था कि पूर्वी



### एयरस्पेस उल्लंघन पर भी चर्चा हुई

लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन चिढ़ाने वाली हरकतें कर रहा है। वह यहां युद्धाभ्यास कर रहा है। उसने हमारी फौज के करीब से एक एयरक्राफ्ट गुजारा। वायुसेना सक्रिय हुई तो एयरक्राफ्ट भाग गया। यह घटना जून के आखिर की है। भारत ने इस घटना को लेकर चीन के सामने कड़ा ऐतराज जताया था। साथ ही भविष्य में ऐसा न करने की हिदायत भी दी थी। चीन की हरकतों को देखते हुए भारत ने भी अपनी मिसाइलों को एक्टिव कर दिया था। बता दें, 15 जून 2020 को गलवान में हमारे ग्राउंड ट्रूप्स पर दबाव था। चीन पर भी दबाव था। चीन की सेना उस साइट पर बैठी हुई थी तो भारतीय सेना ने उनसे वापस जाने को कहा। हालांकि वो लोग मान गए, पर विवाद शुरू हुआ चीनी हरकत से। चीन ने दो टेंट लगाए, जो ऑब्जर्वेशन पोस्ट की तरह थे। चीनी सैनिकों ने तर्क दिया कि अगर हम वापस चले गए तो आपकी गतिविधियों पर नजर नहीं रख पाएंगे।

भारतीय सेना ने इसी का विरोध किया और झड़प शुरू हो गई। चीनी सैनिक हथियार से लैस थे और भारतीय सेना पुरानी प्रैक्टिस के तहत वहां पहुंची थी। इस झड़प के बाद 30 जून के आसपास दोनों पक्षों में बात हुई और चीन वहां से एक किलोमीटर पीछे हट गया। भारत अपनी पोस्ट पर वापस आ गया था।

## नेवी के लिए बना देश का पहला पैसेंजर ड्रोन

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**महाराष्ट्र** में भारतीय नौसेना के लिए देश का पहला पैसेंजर ड्रोन तैयार किया गया है। ड्रोन का नाम वरुण है। ये 130 किलोग्राम के वजन के साथ उड़ान भर सकता है और 25 किमी. का सफर 25 से 33 मिनट में पूरा कर लेगा।

ड्रोन को पुणे की चाकन सागर डिफेंस इंजीनियरिंग कंपनी ने बनाया है। ड्रोन का प्रदर्शन जुलाई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने किया गया था, यहां उनके साथ केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद थे। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सोशल मीडिया अकाउंट पर इसका वीडियो भी शेयर किया गया था। कंपनी के को-फाउंडर बब्बर ने बताया कि ड्रोन हवा में तकनीकी खराबी के बाद भी सुरक्षित लैंडिंग करने में सक्षम है। इसमें एक पैराशूट भी है, जो इमरजेंसी या खराबी के दौरान अपने आप खुल जाएगा।

## यूएस बास्केटबॉल प्लेयर को रूस में 9 साल की जेल

**वॉशिंगटन।** एक रूसी अदालत ने अमेरिकी बास्केटबॉल प्लेयर ब्रिटनी ग्रिनर को नौ साल जेल की सजा सुनाई है और उन पर 10 लाख रूबल (करीब 13 लाख रुपये) का जुर्माना भी लगाया है। ब्रिटनी को ड्रग तस्करी का आरोपी ठहराया है। कोर्ट की कार्रवाई को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने नामंजूर बताया है। उन्होंने रूस को प्रिजनर स्वैप डील स्वीकार करने के लिए कहा है। इधर, रूस ने कहा कि वो अमेरिका के साथ प्रिजनर स्वैप डील पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं। अमेरिका ने ग्रिनर की रिहाई के लिए रूस के सामने प्रिजनर स्वैपिंग, यानी एक कैदी के बदले दूसरे कैदी को छोड़ने की डील रखी थी। अमेरिका ने ब्रिटनी के बदले खतरनाक रूसी आर्म्स डीलर विक्टर बाउट को छोड़ने का ऑफर दिया है। 31 साल की अमेरिकी गोल्ड मेडलिस्ट ब्रिटनी को 17 फरवरी 2022 में मास्को एयरपोर्ट पर हिरासत में लिया गया था। एयरपोर्ट पर उनके सामान से ड्रग्स से निकाले गए तेल की कार्टिज मिली थी।

## ताइवानी एयरस्पेस में फिर घुसे चीनी विमान, पेलोसी जापान पहुंचीं

**एजेंसी।** बीजिंग/ताइपे

**अमेरिकी** संसद की स्पीकर नैंसी पेलोसी ने दो अगस्त को ताइवान दौरा किया था। इस दौरे से नाराज चीन तीन अगस्त से ताइवान के आसपास के इलाकों में मिलिट्री ड्रिल कर रहा है।

ताइवानी रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, शुक्रवार को मिलिट्री ड्रिल के दूसरे दिन चीन के 68 फाइटर जेट्स ने ताइवान एयरस्पेस में घुसपैठ की। वहीं, 13 वॉरशिप्स ने ताइवान स्ट्रेट (मीडियन लाइन) को पार किया। ताइवान विजिट के बाद नैंसी पेलोसी जापान पहुंचीं। उन्होंने चीनी सैन्य अभ्यास की निंदा की। पेलोसी ने कहा, अमेरिकी अधिकारियों को



ताइवान यात्रा करने से रोककर चीन ताइवान को अलग-थलग नहीं कर सकता। हम ताइवान को आइसोलेट नहीं होने देंगे। अमेरिका चीन को ऐसा करने से रोकेगा।

इधर, चीन ने अमेरिका से डिफेंस पॉलिसी कोऑर्डिनेशन पर बातचीत रद्द करने का ऐलान किया है। साथ ही यूएस के साथ समुद्र में सैन्य सहयोग पर भी रोक लगा दी है। इससे पहले शुक्रवार को चीन ने नैंसी पेलोसी पर प्रतिबंध भी लगाए हैं। हालांकि, चीन ने किस तरह के प्रतिबंध लगाए हैं, ये स्पष्ट नहीं हैं। पेलोसी की ताइवान यात्रा के जवाब में चीन ने आठ कार्रवाइयों का ऐलान किया है।

चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा- पेलोसी ने हमारे विरोध के बावजूद ताइवान का दौरा किया। ये हमारे लिए गंभीर मुद्दा है। विदेश मंत्री वांग यी ने कहा, यूएस संसद की स्पीकर ने हमारे आंतरिक मामलों में दखल दिया है। उन्होंने वन-चाइना पॉलिसी का उल्लंघन किया है। चीन के विरोध के बावजूद पेलोसी ने ताइवान जाकर क्षेत्र की शांति को खतरे में डाला है।

## बेजोस के शिप में छह लोगों ने की अंतरिक्ष यात्रा, एक टिकट 10 करोड़ का

# पृथ्वी से 107 किलोमीटर ऊपर गए, फिर पैराशूट से नीचे आए

**एजेंसी।** टेक्सास

**अमेजन** के फाउंडर जेफ बेजोस की स्पेस कंपनी ब्लू ओरिजिन ने गुरुवार को छह लोगों को स्पेस टूरिज्म के लिए अंतरिक्ष भेजा। कंपनी के न्यू शेपर्ड स्पेसक्राफ्ट ने टेक्सास की लॉन्च साइट वन से उड़ान भरी।

यह स्पेसक्राफ्ट यात्रियों को पृथ्वी से 107 किलोमीटर ऊपर ले गया और फिर वहां से पैराशूट के जरिए लोग धरती पर वापस आए। इस स्पेस मिशन में सिर्फ 10 मिनट 20 सेकेंड का ही समय लगा। इस दौरान स्पेसक्राफ्ट की अधिकतम रफ्तार 2239 मील प्रति घंटे थी, यानी 3603 किलोमीटर प्रति घंटे रही। अंतरिक्ष यात्रा में यू-ट्यूब चैनल डूड परफेक्ट



के को-फाउंडर कोबी कॉटन, ब्रिटिश-अमेरिकी पर्वतारोही वैनेसा ओ ब्रायन, टेक्नोलॉजी लीडर क्लिंट केली थर्ड और टेली कम्युनिकेशन एग्जीक्यूटिव स्टीव यंग भी शामिल थे। दरअसल, न्यू शेपर्ड स्पेसक्राफ्ट में एक रॉकेट और एक कैप्सूल है। रॉकेट से कैप्सूल लिफ्ट ऑफ यानी अलग हो जाता है। इसके बाद से कैप्सूल के धरती पर लैंड होने तक का समय 10-11 मिनट का होता है। अंतरिक्ष यात्री इस दौरान कुछ देर तक खुद को हल्का महसूस करते हैं। पैराशूट के जरिए कैप्सूल के लैंड करने से कुछ मिनट

### ब्लू ओरिजिन का नया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**स्पेस** कंपनी ब्लू ओरिजिन ने पिछले साल जुलाई में बेजोस समेत तीन लोगों को स्पेस भेजकर इस मिशन की शुरुआत की थी। इस फ्लाइट के साथ ब्लू ओरिजिन ने नया वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बना लिया है। पहली बार मिस्र और पुर्तगाल के लोग स्पेस टूरिज्म का हिस्सा बने। इंजीनियर सारा साबरी अंतरिक्ष की यात्रा करने वाली पहली मिस्री और बिजनेसमैन मारियो फेरेरा अंतरिक्ष में जाने वाले पहले पुर्तगाली बने।

पहले रॉकेट लैंड करता है। खास बात यह है कि यह दोनों ही री-यूजेबल हैं, यानी इन्हें दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है। यह रॉकेट स्पेस एक्स के फॉल्कन नौ ऑर्बिटल रॉकेट की तरह काम करता है।

क्वार्ट्ज की रिपोर्ट के मुताबिक, ब्लू ओरिजिन के स्पेसक्राफ्ट की एक टिकट की कीमत 1.25 मिलियन डॉलर, यानी 98973750 रुपये है। यह रिचर्ड ब्रैनसन की कंपनी वर्जिन गैलेक्टिक की टिकट की कीमत से कहीं ज्यादा है। ब्लू ओरिजिन अब तक छह बार लोगों को अंतरिक्ष यात्रा करा चुका है। इस तरह कंपनी ने अब तक 31 लोगों को स्पेस की यात्रा कराई है। ब्लू ओरिजिन ने पिछले साल जुलाई में बेजोस समेत तीन लोगों को स्पेस भेजकर इस मिशन की शुरुआत की थी।

**शहर का तापमान**

- अधिकतम 32.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 26.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**

- बीके अस्पताल की ओपीड़ी शुरू: सुबह 8 बजे।
- शहर में जगह-जगह वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन: सुबह 9 बजे।
- शहरभर में एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल: सुबह 10 बजे।

**निवेश गुरु**

**अपने** वित्तीय लक्ष्य को ध्यान में रख कर निवेश करना चाहिए। यह अनुमान लगाना सबसे अहम है कि वित्तीय लक्ष्य के लिए आपको कितनी रकम चाहिए। आज से 10 साल बाद एक करोड़ उतनी बड़ी रकम नहीं होगी, जितनी आज है। आपको महंगाई, क्रय क्षमता और जरूरतों को ध्यान में रखकर ही अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। इसलिए लक्ष्य के चयन से पहले कुछ गुणा-भाग कर लेना अक्लमंदी है। आपके आने वाले कल के लिए आज बेहद अहम है।


**यूटीलिटी न्यूज**

### राशन डिपुओं में मिल रहा तिरंगा

**फरीदाबाद।** डीसी जितेन्द्र यादव ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में आगामी 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए जिला में प्रशासन द्वारा लगभग 700 राष्ट्रीय झंडा वितरण बनाए गए हैं। डीसी जितेन्द्र यादव ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित होने वाले हर घर तिरंगा अभियान की सफलता को लेकर जिला प्रशासन ने पूरी रूप रेखा तैयार करके क्रियान्वित की जा रही है। उन्होंने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान में शामिल लोगों को झंडा उपलब्ध करवाने के मद्देनजर प्रशासन ने मंगलवार को लघु सचिवालय परिसर से झंडा वितरण केंद्रों का शुभारंभ किया है।

**क्विक न्यूज**

### वाहन चोर गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा-निर्देश पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर प्रभारी सेटी मलिक की टीम ने एक वाहन चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी विशाल उर्फ नानू उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के गांव बस्सी कसवा शेरगढ़ का तथा वर्तमान में फरीदाबाद की पर्वतीय कॉलोनी में किराए पर रहता है। आरोपी दिल्ली में सपा सेंटर में नौकरी करता है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से बदरपुर बॉर्डर से थाना कोतवाली के चोरी के मुकदमे में चोरी की स्कूटी सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी आदतन चोरी करने का अपराधी है आरोपी पर पूर्व में चोरी के दो मुकदमे दर्ज हैं। जिनके लिए आरोपी जेल जा चुका है। पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# स्मार्ट सिटी : घरों में हो रहा सीवर ओवरफ्लो और सड़कों पर जलभराव

## विभागों के आपसी तालमेल के अभाव में नरकीय जीवन जीने को विवश हो रहे लोग

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**शहर** के लोगों मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए विकास कार्य पहले नगर निगम और एचएसवीपी द्वारा करवाए जाते थे। लेकिन इन दोनों ही एजेंसियों के अधिकारियों की लापरवाही अथवा भ्रष्टाचार की वजह से विकास कार्यो का समुचित फायदा शहर के लोगों को नहीं मिल पा रहा था। जिसे ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ने पहले स्मार्ट सिटी प्राइवेट लिमिटेड और फिर एफएमडीए का गठन किया था। अब शहर में विकास कार्य करवाने के लिए चार-चार एजेंसियां और करीब दर्जनभर आईएएस अधिकारी मौजूद हैं, लेकिन इसके बावजूद शहर की स्थिति में जरा भी परिवर्तन नहीं आया है। पहले समस्या होने पर लोग नगर निगम और एचएसवीपी के कार्यालय में शिकायत करते थे। उस समय टालने की गुजाइंश नहीं थी। लेकिन अब चार एजेंसियों में कौन सा काम कौन कर रहा है। किस कम की जिम्मेदारी किस एजेंसी के पास है, शहर के आम लोगों को पता ही नहीं चल पाता। चारों ही एजेंसियां एक दूसरे की जिम्मेदारी बताते हुए अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। वहीं चारों ही एजेंसियों में तालमेल का भारी अभाव है। जिसका खामियाजा आम लोगों को उठाना पड़ता है। सीवर का पानी ओवरफ्लो होकर लोगों के घरों में पहुंच रहा है। वहीं निकासी न होने से बरसाती पानी सड़कों पर बह रहा है।



राष्ट्रीय राजमार्ग पर जलभराव से अस्त-व्यस्त हुए हालत।



पॉश इलाकों में शामिल 21सी की हालत।

### तालमेल के अभाव में परेशानी

**शहर** में विकास कार्य करवाने और लोगों को सुविधाएं देने का दावा करने वाली चारों ही एजेंसियों में तालमेल के अभाव का खामियाजा शहर के लोगों को आए दिन भुगतना पड़ रहा है। एफएमडीए द्वारा इन दिनों शहर में कई जगह सड़कों का निर्माण करवाया जा रहा है, लेकिन इस दौरान एफएमडीए के अधिकारियों द्वारा नगर निगम अथवा एचएसवीपी के अधिकारियों का सहयोग नहीं लिया जाता। जबकि निगम और एचएसवीपी के अधिकारियो को पता है कि सड़क पर किस जगह से अंडरग्राउंड सीवर अथवा पानी की पाइप लाइन गुजर रही है। ऐसे में आए दिन लाइनों के टूटने की समस्या उत्पन्न हो रही है। पिछले दिनों एनएच तीन में चिमनीबाई धर्मशाला के पास एफएमडीए द्वारा सड़क निर्माण के दौरान सीवर की मैनलाइन टूट गई। जिसके कारण इलाके में सीवर व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई। यहां तक कि सीवर का पानी लोगों के घरों में ओवरफ्लो हो रहा है। स्थानीय लोगों द्वारा ऐप 311 में शिकायत करने पर निगम कर्मचारी समस्या का समाधान करने की बजाए एफएमडीए द्वारा लाइन तोड़ने की बात कह कर अपना पल्ला झाड़ा जा रहा है।

### स्मार्ट नहीं बना नर्क सिटी



बरसात के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगा जाम।

**नगर** निगम की लापरवाही के कारण पहले ही शहर के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अब शहर में चार-चार एजेंसियां विकास कार्य करवाने में जुटी हुई हैं, लेकिन इसके बावजूद शहर की स्थिति में सुधार आने की बजाए हालात बिगड़ते जा रहे हैं। सड़कों के निर्माण के नाम पर शहर को कई जगह खोदकर डाल दिया गया है। वहीं कई स्थानों पर लंबे समय से विकास कार्य अधूरे पड़े हुए हैं। जिसके कारण शहर की सड़कों पर वाहन चालकों को रोज परेशान होना पड़ रहा है। वहीं दूसरी तरफ एनआइटी के एनएच एक, दो, तीन और पांच में अवैध निर्माणों के कारण निगम के सीमित साधनों पर सीवर के अवैध कनेक्शनों का बोझ बढ़ने की वजह से स्थित बिगड़ती जा रही है। शहर में जगह जगह सीवर जाम की समस्या के कारण गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों और गलियों में बह रहा है। शिकायत करने के बावजूद भी निगम अधिकारी समस्या का समाधान करने को तैयार नहीं है। ऐसे में इन इलाकों के लोग निगम की लापरवाही से नरकीय जीवन जीने को मजबूर हैं।

### नहीं हुआ जलभराव का समाधान

**शहर** को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए प्रदेश और केंद्र सरकार द्वारा लगातार करोड़ों रुपये खर्च किये जा रहे हैं। शहर में बरसातों के दौरान होने वाले जलभराव की समस्या के समाधान के लिए छोटे बड़े नालों के निर्माण और स्टॉर्म वाटर लाइनों पर करोड़ों रुपये खर्च किये जा चुके हैं। बिना योजना के किये गए इन तमाम कामों के बाद भी शहर में बरसाती पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं हो पाई है। जिसके कारण जरा सी बरसत आते ही शहर की सड़कें जलमग्न हो जाती है। सड़कों पर गड्ढों की वजह से जहां लोग दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं, वहीं आए दिन लोगों के वाहन भी क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। बरसात से पहले जलभराव की समस्या से निपटने के लिए उपायुक्त ने नगर निगम, पुलिस, एनएचएआइ को जिम्मेदारी सौंपी थी। लेकिन शहर के अंदरूनी हिस्सों के साथ साथ राष्ट्रीय राजमार्ग भी जलभराव की समस्या से अछूता नहीं है।

### लापरवाही है जिम्मेदार



**समाजसेवी** बिजेंद्र त्यागी का कहना है कि हर साल जरा सी बरसात आते ही शहर की सड़कें जलमग्न होने से व्यवस्था बुरी तरह चरमरा जाती है, लेकिन इसके बावजूद शहर में पानी की निकासी की व्यवस्था बनाने की तरफ जरा भी ध्यान नहीं दिया जाता। नगर निगम द्वारा सिविल के इंजीनियरों से मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल काम लिया जाता है। वहीं मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियर सिविल का काम देख रहे हैं। यह शहर की दुर्दशा का प्रमुख कारण है।

# छात्राओं को एनीमिया मुक्त बनाने के लिए अभियान

## भारत विकास परिषद फरीदाबाद के सहयोग छात्राओं को स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श सुविधा देगा विश्वविद्यालय

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



जेसी बोस विश्व विद्यालय में आयोजित शिविर में जांच करते डाक्टर।

**विश्वविद्यालय** को एनीमिया मुक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने भारत विकास परिषद फरीदाबाद के सहयोग से एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर को एनीमिया मुक्त बनाने के लिए जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया।

डॉ. सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र के विशेषज्ञ डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ ने विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र की मदद से आज विश्वविद्यालय का दौरा किया और विश्वविद्यालय की छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्वास्थ्य जांच शिविर का संचालन डीन छात्र कल्याण कार्यालय की देखरेख में किया गया। कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग ने शिविर का जायजा लिया और छात्राओं को स्वास्थ्य जांच के लिए प्रेरित किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को एनीमिया के प्रति जन जागरुकता पैदा करने और अभियान के सार्थक परिणाम के लिए समर्पित भाव से प्रयास करने के लिए भी कहा। इस अवसर पर डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. अनुराधा पिल्लई तथा चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकुर शर्मा भी उपस्थित थीं। कुलपति प्रो. एसके तोमर ने छात्राओं की स्वास्थ्य जागरुकता के लिए आयोजित कार्यक्रम की सराहना की। भारत विकास परिषद फरीदाबाद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री राज कुमार अग्रवाल ने बताया कि एनीमिया मुक्त भारत एक ऐसा पोषण जागरुकता कार्यक्रम है।

# ग्राम सभा में ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



गांव वासियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाते हुए जिला सलाहकार दीपक कुमार।

**जल** जीवन मिशन के तहत जिला हर घर जल उत्सव के तहत ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा की अध्यक्षता ग्राम सचिव बिजेंदर सिंह ने की। ग्राम सभा में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के वासो के जिला सलाहकार दीपक कुमार ने शिरकत की।

उन्होंने ग्राम सभा में ग्राम जल एवं सीवरेज के कार्यों व उद्देश्यों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामवासियों को जल जीवन मिशन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 15 अगस्त 2019 को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल जीवन मिशन की घोषणा की थी। इस मिशन का उद्देश्य 2024 तक हर घर को नल से जल देना है। वहीं हरियाणा में जल जीवन मिशन के तहत हर घर को नल से जल दे दिया गया है। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि पूरे हरियाणा में 1 अगस्त से लेकर 7 अगस्त तक सभी ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल उत्सव के तहत ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव पर जल जीवन मिशन को 3 वर्ष पूरे होने पर हर घर जल उत्सव मनाया जा रहा है। 2,000 1920 में हुए सर्वे के दौरान ग्रामीण क्षेत्र के जितने घर मिले उनको हर घर नल से जल देने का कार्य पूर्ण किए जाने पर प्रदेश भर की प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम सभा के माध्यम से हर घर जल उत्सव मनाया जा रहा है।

# ह्यूमैनिटी ओलंपियाड में हिस्सा लेने को प्रेरित किया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**एनआईटी** स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग के आदेशानुसार सतयुग दर्शन ट्रस्ट ने जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड के सहयोग से विद्यालय की छात्राओं को आठवें अंतरराष्ट्रीय ह्यूमैनिटी ओलंपियाड में प्रतिभागिता के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर सतयुग दर्शन ट्रस्ट से बिंदु एवम् उन की टीम के सदस्यों ने सभी छात्राओं को आठवें मानवता ओलंपियाड में प्रतिभागिता के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत करवाया। जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने सतयुग दर्शन ट्रस्ट के अधिकारियों के विद्यालय में आगमन पर स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय की सभी छात्राएं आठवें मानवता ओलंपियाड में बहुत ही अच्छी तैयारी के साथ प्रतिभागिता कर रही हैं मनचंदा ने सभी पदाधिकारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि हमारे विद्यालय की सभी छात्राएं शिक्षा विभाग के इस प्रकार के कार्यक्रमों में प्राथमिकता से प्रतिभागिता करती हैं। प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि विश्व भर में नैतिक और नैतिक मूल्यों के साथ समृद्ध करके व्यक्तियों, परिवारों और समाज के उत्थान को सुनिश्चित करने के लिए सतयुग दर्शन ट्रस्ट फरीदाबाद अंतर्राष्ट्रीय मानवता ओलंपियाड आयोजित करता है। कोई भी व्यक्ति अपने स्तर की नैतिकता का सही आकलन कर सकता है।

# स्कूलों को बेहतर बनाने को सरकार प्रयासरत : रावत

## विधायक ने पृथला क्षेत्र के 106 सरकारी स्कूलों के अध्यापकों से जानी समस्याएं

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



अजरौंदा के विद्यालय में जिला शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते विधायक नयनपाल रावत।

**हरियाणा** भंडारण निगम के चेयरमैन एवं विधायक नयनपाल रावत ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2021 शिक्षा नीति का अनुसरण करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों का इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि जब स्कूलों में सभी सुविधाएं होंगी, तभी बच्चे अच्छी शिक्षा हासिल कर पाएंगे।

विधायक नयनपाल रावत शुक्रवार को अजरौंदा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पृथला क्षेत्र के 106 सरकारी स्कूलों के अध्यापक, हैड मास्टर व मास्टरों ने हिस्सा लिया।

विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि संसार में गुरु का स्थान सर्वोपरि है और स्कूल शिक्षा के मंदिर होते है इसलिए जब स्कूलों में सुविधाएं अच्छी होगी तो बच्चों को शिक्षा भी अच्छी मिलेगी और वह उन्नत समाज व देश निर्माण में अपना योगदान दे पाएंगे। उन्होंने कहा कि आज पृथला क्षेत्र के स्कूलों के अध्यापकों व जिला शिक्षा अधिकारियों को बुलाकर उनके स्कूलों में क्या-क्या समस्याएं है, इसकी जानकारी ली गई है क्योंकि मुख्यमंत्री मनोहर लाल व शिक्षा मंत्री की सोच है कि सरकारी स्कूलों का स्तर बेहतर बनाया जाए। उन्होंने बताया कि कुछेक स्कूलों में चार दिवारी, बिल्डिंग, जलभराव व अन्य प्रकार की समस्याएं है, जिन्हें शिक्षा मंत्री के साथ-साथ मुख्यमंत्री को अवगत करवाया जाएगा और जल्द ही इन समस्याओं को दूर करवाया जाएगा। विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि सरकार गांवों में शिक्षा के स्तर को बेहतर बना रही है, इसलिए मॉर्डन सीनियर सैकेंडरी विद्यालय बनाएं जा रहे है, जहां बच्चों को बेहतर सुविधाओं के साथ-साथ गुणवत्तायुक्त शिक्षा भी मुहैया करवाई जा रही है।


**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103





**वतन सर्वोपरि है बस यही कहता रहे जन-जन**
**भरत-भू पर सदा हो आपसी सौहार्द अभिनंदन**
**धरा, आकाश, सूरज, चाँद भी जब तक रहें जग में**
**हमारी आस्था, विश्वास के दीपक रहें रोशन**

# श्रीशिव कथा की ज्ञान की गंगा में डूबे रहे श्रोता

## कथा में भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने व्यास का स्वागत किया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



गांव बघोला स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर में आयोजित शिवपुराण कथा में कथा वाचक प्रेमचंद वशिष्ठ से आशीर्वाद लेते अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा।

**बघोला** के लक्ष्मी नारायण मंदिर के प्रांगण में आयोजित श्रीशिव महापुराण कथा के तीसरे दिन कथावाचक पंडित प्रेम चंद वशिष्ठ ने शिव की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि कथा के मुख्य रचियता भगवान शिव हैं। भगवान शिव कथा वक्ता भी हैं और श्रोता भी हैं।

भगवान शिव निरंतर कथा का श्रवण करने के लिए कभी नीलगिरी पर्वत के ऊपर काग भुसुंडीजी के यहां तो कभी गोदावरी नदी के तट पर जाया करते थे। एक बार त्रेता युग में भगवान शिव एक बार देवी सती को कथा सुनाने के लिए अपने साथ ले गए। सती के मन में राम के प्रति कुछ शंका हुई। भगवान शिव के बहुत समझाने पर भी माता सती नहीं मानी और राम की परीक्षा लेने जंगल में पहुंच गई।

जहां उन्होंने सीता का रूप धारण कर लिया, लेकिन भगवान राम ने उन्हें पहचान लिया। इसी के चलते शिव ने माता सती को त्याग दिया। बाद में सती ने अपने पिता के घर देह त्याग दिया। इसके बाद उनका दूसरा जन्म पावर राज हिमाचल के घर हुआ। कथा के दौरान अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा बबली ने कथा व्यास का स्वागत करते हुए भगवान परशुराम का वर्णन किया।

इस दौरान गांव के लोगों ने भी उनका सम्मान किया। राजा दक्ष ने हरिद्वार के समीप कनखल में यज्ञ का आयोजन किया। लेकिन इस यज्ञ में सती के पिता राजा दक्ष ने शिव भोले को निमंत्रण नहीं दिया। सती भगवान शिव की बिना अनुमति अपने पिता के घर कनखल में आयोजित यज्ञ कार्यक्रम में भाग लेने जा पहुंची, जहां उन्हें पिता की ओर से कोई सम्मान नहीं मिला। यज्ञ को लेकर कनखल को पूरी तरह सजाया हुआ था।

सती भी मायके में अपने पति शिव के बारे में कहीं भी कोई सम्मान न देख क्रोधित हो उठी। क्रोधवश सती ने अपने पिता के घर ही अपने पति शिव को याद कर सती हो गई। सती मरण का समाचार जैसे ही भोले नाथ व नारदजी को मिला तो लाखों करोड़ों की सेना ने दक्ष पर हमला कर दिया। श्री शिव पुराण कथा में भगवान शिव पार्वती का विवाह होगा। आप भी इस कथा में पहुंचकर विवाह कार्यक्रम के दौरान ज्ञान रूपी गंगा में गोता लगा सकेंगे। कथा में श्रोताओं को अपार भीड़ निरंतर बढ़ रही।

# आदर्श नगर थाने में किया पौधरोपण

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



बल्लभगढ़ आदर्श नगर थाने में पौधा रोपण करते जनहित सेवा संस्था के सदस्य और पुलिस अधिकारी।

**सामाजिक** संस्था जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद के सौजन्य से आदर्श नगर थाने के प्रांगण में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थाना प्रभारी कुलदीप ने कहा कि पेड़ है तो कल है। पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखरेख करना भी बहुत जरूरी है।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष संत सिंह हुड्डा ने कहा कि सांसे विकास से ज्यादा कीमती है। हमें शुद्ध वायु व स्वास्थ्य के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए व उनकी देखरेख भी करनी चाहिए। संस्था के महासचिव सुभाष गहलोत ने कहा कि वृक्ष धरती का श्रृंगार है। संस्था ने आज पुलिस प्रशासन के सहयोग से आदर्श नगर थाने में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया है। पौधरोपण कार्यक्रम लगातार चलते रहेंगे। आपसी सहयोग से पौधरोपण कार्यक्रम में विशेष रुप से जामुन, आंवला, अनार, नींबू के फलदार पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से थाना प्रभारी कुलदीप, संस्था के अध्यक्ष संत सिंह हुड्डा, महासचिव सुभाष गहलोत, उपाध्यक्ष ओम दत्त शास्त्री, रामकिशन फौजी, राधारमण मिश्रा, सुंदर तेवतिया एवं थाने का स्टाफ मौजूद था।

# देशभक्ति की अलख जगाने को पुलिस ने निकाली रैली

## देशभक्ति की धुन में झूमे थाना ओल्ड प्रभारी दिनेश ने छात्रा को कंधे पर बैठाया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**भारतवर्ष** में मनाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत फरीदाबाद पुलिस द्वारा बड़ी संख्या में रैली तथा पद यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। फरीदाबाद पुलिस हर घर तिरंगा के लिए चला रहे जागरुकता अभियान में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। इसी के अंतर्गत आज फरीदाबाद पुलिस ने ओल्ड एरिया में छात्रों तथा आमजन के साथ मिलकर पदयात्रा निकाली जिसमें करीब 600 व्यक्ति मौजूद रहे। एसीपी ओल्ड मोहिंदर वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर पद यात्रा का शुभारंभ किया तो वहीं एसीपी ट्रैफिक विनोद कुमार ने पदयात्रा का नेतृत्व किया। इस अवसर पर थाना ओल्ड प्रभारी दिनेश कुमार, स्टूडेंट पुलिस कैडेट प्रभारी इंस्पेक्टर सविता सहित बहुत बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर पूरे देश में आजादी महोत्सव जोरों शोरों से मनाया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि इस वर्ष 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस तक अधिक से अधिक घरों पर तिरंगा झंडा लहराया जाए। जिसके लिए हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की जा चुकी है। पुलिसकर्मियों द्वारा रैली तथा पदयात्रा निकालकर नागरिकों को अपने घरों पर तिरंगा झंडा लगाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी के तहत आज ओल्ड फरीदाबाद में पुलिसकर्मियों ने विद्यालय के छात्र छात्राओं तथा आमजन को साथ लेकर जागरुकता अभियान के अंतर्गत पदयात्रा निकाली। पुलिस थाना ओल्ड प्रभारी इंस्पेक्टर दिनेश ने देशभक्ति की धुन में झूमते हुए पदयात्रा में शामिल हुई एक छात्रा को अपने कंधे पर बैठाया। जिसने भारत की आन बान और शान भारतीय तिरंगे को हवा में लहराते हुए लोगों में देशभक्ति का जोश भर भरकर हजारों लोगों का दिल जीत लिया। पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों ने पदयात्रा का नेतृत्व करते ओल्ड एरिया में आमजन को देश की आजादी के लिए स्वतंत्रता सेनानियों तथा वीरों द्वारा दिए गए किए गए बलिदान का महत्व समझाया। देश भक्ति गीत गाए तथा नारे लगाए जिससे पूरा फरीदाबाद देशभक्ति भावना से विभोर हो गया।


ओल्ड फरीदाबाद में हर घर तिरंगा अभियान के तहत रैली निकालते पुलिस अधिकारी और छात्र।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिसकर्मियों द्वारा निकाली जा रही तिरंगायात्रा का फरीदाबाद के नागरिकों द्वारा भरपूर सहयोग मिल रहा है और वह इस अभियान से जुड़े पुलिसकर्मियों और आमजन का तहे दिल से स्वागत कर रहे हैं। जहां जहां से पुलिस रैली तथा पदयात्रा निकाली जा रही है आमजन फूल बरसाकर उनका अभिवादन कर रहे हैं।

इन रैली तथा पद यात्राओं का उद्देश्य आमजन में देशभक्ति की भावना को बल देना है ताकि वह देश हित में कार्य करने के लिए प्रेरित हों और हमारा देश तरक्की की नई बुलंदियों को छू सकें इसलिए प्रत्येक नागरिक 15 अगस्त अपने घर पर तिरंगा झंडा लगाकर सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस जागरूकता अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दें।

# एनएचएम कर्मियों की हड़ताल से कई डिस्पेंसरियों पर लटके ताले

## एंबुलेंस चालक भी रहे हड़ताल में शामिल मरीज हुए परेशान

**कविता।** फरीदाबाद


हड़ताल में शामिल एनएचएम कर्मचारी।


हड़ताल के कारण स्वास्थ्य केन्द्र पर लटका ताला।

**शहर** के विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों में अनुबंध पर काम कर रहे एनएचएम के सभी कर्मचारी राज्य व्यापी हड़ताल में शामिल हुए। जिससे प्रदेश के स्वास्थ्य केन्द्रों व सिविल असपतालों में स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई। कुछ स्वास्थ्य केन्द्रों पर सुबह पौने 11 बजे के बाद भी ताला लटका मिला। एम्बुलेंस चालक भी हड़ताल में शामिल रहे। सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में हड़ताल का असर देखने को मिला।

केन्द्रों पर डिलीवरी को आई गर्भवती महिलाओं व मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं बीके सिविल अस्पताल के प्रसूति वार्ड और बच्चों की नर्सरी के अलावा कलर्क और डीईआईसी सेंटर में भी स्टाफ की कमी नजर आई। वार्ड में नर्सो का कार्य और बच्चों की नर्सरी में मेडिकल ऑफिसर की देखरेख में नर्सिंग स्कूल की छात्राओं और रेगुलर स्टाफ ने काम किया। डीईआईसी सेंटर के कर्मचारियों के हड़ताल में शामिल होने से रूम खाली पड़े रहे। कर्मचारियों का कहना था कि उनकी हड़ताल तब तक जारी रहेगी, जब तक सरकार उनकी मांगों को मान नहीं लेती और नौकरी से निकाले गए स्टाफ को दौबारा से ड्यूटी पर नहीं रखा जाता है।

बीके अस्पताल में परिसर में जिलेभर में तैनात करीब सात सौ एनएचएम कर्मचारियों ने शुक्रवार को हड़ताल शुरू कर दी। एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रधान और हड़ताली कर्मचारियों ने बताया कि प्रदेशभर में एनएचएम के तहत अनुबंध पर करीब छह से आठ हजार कर्मचारी काम कर रहे हैं। लेकिन विभाग द्वारा सालों से काम कर रहे कर्मचारियों कभी भी नौकरी से निकाल दिया जाता है। पिछले दिनों तीन कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। जिसको देखते हुए गुस्साए कर्मचारियों ने प्रदेशभर के स्वास्थ्य केन्द्रों पर शुक्रवार को हड़ताल शुरू कर दी। जिसका असर अस्पताल व केन्द्रों के जच्चा-बच्चा वार्ड में देखने को मिला। कर्मचारियों के हड़ताल पर होने से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिली।

**यह रहा असर :** जिले में करीब सात सौ कर्मचारियों में से 97 प्रतिशत हड़ताल पर रहे। जिसके कारण कुछ केन्द्रों पर ताले नजर आए, तो वहीं कुछ केन्द्रों पर जांच करते हुए कर्मचारी नजर आए। कर्मचारियों की हड़ताल के कारण गर्भवती महिलाओं और बुजुर्ग मरीज परेशान थे। हड़ताल के कारण बंद स्वास्थ्य केन्द्रों से लोगों को लौटते हुए देखा गया। बीके अस्पताल में अन्य दिनों के मुकाबले अधिक संख्या में इलाज को मरीज पहुंचे। वहीं एम्बुलेंस चालक भी इस हड़ताल में शामिल रहे। जिसके कारण जिले में मरीजों को एम्बुलेंस सेवाओं से वंचित रहना पड़ा।

**निकाले कर्मियों को वापस लें:** हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों ने कहा कि जब तक निकाले गए कर्मचारियों को वापस नौकरी पर नहीं रखते, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। सालों से स्वास्थ्य विभाग के जच्चा-बच्चा प्रोजेक्ट में काम करने के बाद भी सरकार कर्मचारियों को पक्का नहीं कर रही है।

# बिजली के नंगे तार ने ली महिला की जान


कालोनी में विलाप करती मृत महिला अंगूरी की बेटी और पड़ोसी महिलाएं।

**फरीदाबाद।** पाली क्रेशर जोन में कबाड़ा बीनकर अपने तीन बच्चों का पालन पोषण कर रही अंगूरी की बिजली के खुले तारों के कारण शुक्रवार की सुबह मौत हो गई। अंगूरी के घर में उसके अलावा उसके तीन बच्चे हैं। जिसमें एक बेटी और दो बेटे हैं। जिसमें एक बेटा दिव्यांग है और एक नाबालिग है। उसके पति की मौत तीन साल पहले हो चुकी है। ऐसे में अनाथ हुए बच्चों के पास मां के अंतिम संस्कार तक को पैसे नहीं थे, जिस पर राहुल कालोनीवासियों ने 10-10 और 20-20 रुपये एकत्रित करके अंगूरी का अंतिम संस्कार उसके दिव्यांग बेटे से करवाया।

जानकारी के मुताबिक राहुल कालोनी निवासियों ने आरोप लगाया है कि बिजली विभाग की लापरवाही से अंगूरी की मौत हुई है। उन्होंने बताया कि करीब 55 वर्षीय अंगूरी राहुल कालोनी की रहने वाली थी। उसके पति की करीब तीन साल पहले मौत हो चुकी है। जिसके कारण अंगूरी अपनी बड़ी बेटी और दिव्यांग बेटे के अलावा अपने नाबालिक बेटे को कूड़ा बीनकर पाल रही थी। शुक्रवार सुबह भी अंगूरी पाली क्रेशर जोन में कबाड़ा बीनने गई थी। जहां बरसाती पानी में बिजली के नंगे तार से करंट दौड़ रहा था। पानी में आए करंट से अंगूरी बिजली के नंगे तार से टच हो गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जिस पर पुलिस ने उसका पोस्टमार्टम करवा कर दोपहर को परिजनों को शव सौंप दिया।

# विधायक के पत्र के बाद प्रशासन ने वापस लिये आदेश

**फरीदाबाद।** भाजपा सरकार द्वारा चलाए जा रहे हर धर तिरंगा अभियान के तहत एनआईटी फरीदाबाद विधायक नीरज शर्मा ने अपना एक माह का वेतन स्वेच्छा से दिया था, विधायक नीरज शर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता को लिखे पत्र कहा था कि चाहे आप मुख्यमंत्री, मंत्री एवं विधायकों की डिस्कनरी ग्रांट कम कर दे, लेकिन तिरंगों की खरीद फरोख्त ना की जाए। जिस प्रकार आज तिरंगों का व्यापार बनाया जा रहा है जैसे सरकार द्वारा राशन डिपो एवं सरकारी विभागों में काम करवाने जाओ तो, लोगों से इसकी जबरदस्ती ना की जाए। विधायक नीरज शर्मा ने कहा था कि फरीदाबाद प्रशासन ने पत्र जारी करके सभी प्राईवेट स्कूल संचालकों से तिरंगा खरीदने के लिए कहा जा रहा है जोकि सरासर गलत है, क्योकि यह सिर्फ तिरंगा नहीं है। यह हमारे देश की आन बान शान है।


नीरज शर्मा।

इसके लिए हमारी माताओं बहनों ने अपने गहने तो छोड़ो अपने मंगल सूत्र तक दे दिए, माताओं-बहनों की गोदे उजड गई, सुहाग उजड़ गए और आज यह सरकार लोगों से जबरदस्ती कर रही है। विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि तिरंगों की खरीद फरोख्त को तुंरत रोका जाए। जैसा में अपनी इच्छा से हर घर तिरंगा के लिए एक माह का वेतन दे रहा हूं। उसी प्रकार जो देना चाहता है, उससे लिया जाए। किसी प्रकार की जोर जबरदस्ती ना की जाए। जैसा सरकार अगर यह अभियान चलाना चाहती है तो अपने खर्चे पर चलाए, अगर सरकार मुफ्त राशन दे सकती है तो तिरंगा झण्डा क्यों नहीं।

# एथलीटों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

## मानव रचना स्पोर्ट्स साइंस सेंटर ने प्रशिक्षण, पोषण और फिजियोथेरेपी की आवश्यकताओं के साथ सहयोग किया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**मानव** रचना एजुकेशनल इंस्टीटूशन्स और डॉ. ओपी भल्ला फाउंडेशन ने पराशर फाउंडेशन की एक पहल, ऑर्गन इंडिया के साथ साझेदारी में, 19 प्रत्यारोपित एथलीटों के लिए एक बैडमिंटन और फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर की मेजबानी की।

यह अनूठा प्रयास उन एथलीटों के लिए शुरू किया गया था। जो ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में होने वाले वर्ल्ड ट्रांसप्लांट गेम्स 2023 में भारत का प्रतिनिधित्व करने की इच्छा रखते हैं।



मानव रचना शैक्षिक संस्थान और डा. ओपी भल्ला फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते खिलाड़ी।

ओर्गेन इंडिया, पाराशर फाउंडेशन की एक पहल है, विश्व प्रत्यारोपण खेलों के लिए भारत की ओर से आधिकारिक सदस्य संगठन है, जो 2023 में पर्थ, ऑस्ट्रेलिया में आयोजित किया जाएगा। शिविर एक अगस्त, 2022 को शुरू हुआ। पांच अगस्त, 2022 को समाप्त हुआ। इसका उद्देश्य विश्व प्रत्यारोपण खेलों 2023 में भाग लेने की उम्मीद कर रहे 19 प्रत्यारोपित एथलीटों की मदद करना था। पूरे भारत के एथलीट मानव रचना शैक्षणिक संस्थानों के परिसर में एकत्र हुए। फरीदाबाद में। खेल विज्ञान केंद्र, मानव रचना खेल अकादमी, व्यवहार विज्ञान संकाय, संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय सभी एक साथ आए और एथलीटों के साथ अपने कौशल को तेज करने और अत्याधुनिक तकनीकी और मानसिक प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए काम किया क्योंकि वे तैयारी कर रहे हैं वर्ल्ड ट्रांसप्लांट गेम्स 2023 में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ट्रांसप्लांट एथलीटों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करें।

भारत को पारंपरिक रूप से बैडमिंटन में एक मजबूत ताकत के रूप में जाना जाता है, जिसमें पीवी सिंधु और साइना नेहवाल जैसे खिलाड़ी दुनिया के नक्शे पर अपनी छाप छोड़ते हैं। प्रत्यारोपित एथलीट भी वर्षों से भारत को मानचित्र पर ला रहे हैं! हमारे कई प्रतिरोपित एथलीटों ने 2011 से विश्व प्रत्यारोपण खेलों में पदक जीते हैं। बलवीर सिंह और डेविस जोस कोल्लनूर जैसे एथलीट पिछले एक दशक में विश्व प्रत्यारोपण खेलों में सबसे अधिक पदक विजेता रहे हैं। कभी अपंगता और बीमारी के कारण मृत्यु के कगार पर पहुंचे इन एथलीटों को अंग प्रत्यारोपण का उपहार मिला। डॉ. एन सी वाधवा महानिदेशक ने कहा, यह बहुत खुशी और संतोष की बात है कि डॉ ओपी भल्ला फाउंडेशन ने 19 खिलाड़ियों के लिए एक प्रशिक्षण शिविर की व्यवस्था की है।

# महंगाई और भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

## धरनास्थल पर रोटी-सब्जी बनाकर भाजपा सरकार को दिखाया आईना

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**देश** में बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार और आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी कर लगाने के विरोध में अखिल भारतीय कांग्रेस तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिले के कांग्रेसी नेताओं ने आज सेक्टर-12 जिला मुख्यालय पर के समक्ष अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने स्वयं चूल्हा जलाकर रोटी-सब्जी बनाई और अपना रोष जाहिर किया।

बरसात भी कांग्रेसी नेताओं के इरादों को कमजोर नहीं कर पाई और भारी बरसात में भी कांग्रेसी नेता विरोध प्रदर्शन पर डटे रहे। इस मौके पर पूर्व विधायक ललित नागर, पूर्व विधायक रघुवीर तेवतिया, लखन सिंगला, विजय प्रताप सिंह, गिरीश भारद्वाज, विनोद कौशिक, मुकेश शर्मा, राजेंद्र भामला, संजय कौशिक चेयरमैन, खुशबू खान, कमल चंदीला, गंगा राम जाट,मनोज नागर, अनिल शर्मा पूर्व पार्षद, विनय राठौर, विजय भीम बस्ती, लक्ष्मण सिंह तंवर, बाबूलाल रवि, रामअवतार भाटी, सुंदर अगवानपुरिया सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे। इस दौरान कांग्रेसी नेताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने तानाशाह की सभी हदें तोड़ दी हैं। ईडी सहित अन्य जांच एजेंसियों के कठपुतली बनाकर सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आज पेट्रोल-डीजल, सीएनजी, रसोई गैस सिलेंडर सहित आटा, दाल, तेल के साथ-साथ घरेलू उपयोग की वस्तुओं के दाम बेतहाशा बढ़ रहे है, दूध और पनीर तक को सरकार ने जीएसटी के दायरे में ला दिया है।


आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी लगाने के खिलाफ लघु सचिवालय के समक्ष खाना बनाकर विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसजन ।

# एक साल से फरार हत्यारोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा शहर में आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा-निर्देश पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर प्रभारी सेटी मलिक की टीम ने हत्या के आरोप में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम भोलाराम है। आरोपी उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के गांव बलव का तथा वर्तमान में फरीदाबाद की खेड़ी पुल के क्षेत्र में रहता है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से खेड़ी पुल के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी अवैध शराब बेचने का काम करता है। आरोपी ने वर्ष 2021 में शराब के धंधे को लेकर मृतक विक्की को अपने साथियों के साथ मिलकर पीटा था जिसमें विक्की की मृत्यु हो गई थी। जिसमें क्राइम ब्रांच टीम ने 9 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी व मृतक विक्की दोनों शराब बेचने का काम करते थे।

# हर घर तिरंगा अभियान में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



**फरीदाबाद।** देश की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर समस्त देश में मनाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में 13 से 15 अगस्त तक चलने वाले हर घर तिरंगा अभियान के तहत 4 अगस्त वीरवार को फरीदाबाद स्थित ओमेक्स वर्ल्ड स्ट्रीट में एक सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सशस्त्र सीमा बल के जैज़ व पाइप बैंड द्वारा भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम में केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहे। गणमान्य अतिथि के रूप में तिगांव विधानसभा से विधायक राजेश नागर, पृथला विधानसभा से विधायक नयनपाल रावत, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, हरियाणा रेडक्रॉस की वाइस चेयरमैन सुषमा गुप्ता ओमैक्स ग्रुप के चेयरमैन रोहतास गोयल, मुख्यमंत्री के मीडिया समन्वयक मुकेश वशिष्ठ व प्रशासन की ओर से उपायुक्त जितेंद्र यादव, नगर निगम कमिश्नर यशपाल यादव, एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोकचंद, सीटीएम नसीब कुमार, नगर निगम के जॉइंट कमिश्नर इंद्रजीत कुलड़िया, एचएसआईआईडीसी के ईओ विकास चौधरी, डीसीपी हेडक्वार्टर नितेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## जिले में कोरोना के 117 पॉजिटिव

**फरीदाबाद।** जिले में एक बार फिर कोरोना के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। शुक्रवार को कोरोना के 117 नए संक्रमित मामले सामने आए। वहीं राहत की बात यह रही कि जिले में 81 रोगियों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 99.11 प्रतिशत पर पहुंच गया। जिले में तेजी से एक बार फिर कोरोना के मामले बढ़ रही है। जिसे देखते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग ने मास्क लगाने के निर्देश दिए है, लेकिन इन निर्देशों की तरफ आम जनता तो क्या, शहर में नेताओं के द्वारा किए जा रहे प्रोग्रामों के अलावा अधिकारी व स्वास्थ्य कर्मी स्वयं ही ध्यान नहीं दे रहे है। जिले में फिलहाल एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 442 पर पहुंच गया है। वहीं जिले में अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या का आंकड़ा भी पिछले कुछ माह के मुकाबले शुक्रवार को बढ़कर 18 पर पहुंच गया। जिसमें चार कोरोना पॉजिटिव मरीज जोकि विभिन्न बीमारियों से भी ग्रस्त है, आईसीयू में भर्ती है। वहीं जिले में 424 मरीज होम आईसोलेशन में है।

## कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने अमृता अस्पताल किया निरीक्षण

**फरीदाबाद।** हरियाणा के परिवहन, खनन एवं कौशल विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने शुक्रवार को ग्रेटर फरीदाबाद में बने अम्मा हॉस्पिटल/ अमृता अस्पताल का निरीक्षण किया। आपको बता दें अमृता अस्पताल में आगामी 24 अगस्त को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन से पहले हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज अस्पताल का दौरा किया है। परिवहन मंत्री शर्मा ने इस मौके पर अम्मा के नाम से विख्यात आध्यात्मिक माता अमृता अमृतानंदमयी देवी के दर्शन किए और आगामी आयोजित होने वाले प्रोग्राम में सरकार द्वारा पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। कैबिनेट मंत्री पण्डित मूलचंद शर्मा ने आश्वासन दिया है कि अस्पताल शुरू होने के बाद सिटी बस बस सर्विस के रूट भी तय किए जाएंगे। ताकि मरीजों को अस्पताल आने जाने में दिक्कत ना हो।

## मांग पत्र लेकर विधायक से मिले निगम कर्मचारी



**फरीदाबाद।** विधायक राजेश नागर ने कहा कि बढ़ते शहरीकरण का हमें स्वागत करना चाहिए और शहरी गांवों को भी सेक्टरों में रह रहे लोगों जैसी सुविधाएं देने का प्रयास करना चाहिए। वह नगरपालिका कर्मचारी संघ के सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। संघ के सदस्यों ने आज विधायक राजेश नागर को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें राज्य सरकार द्वारा हाल ही में बनाए गए कौशल विकास रोजगार निगम को भंग किए जाने की मांग रखी। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि हमारे पहले के ही कर्मचारियों को पक्का नहीं किया गया है, अब सरकार पूरी तरह से ठेकेदारी प्रथा को अमलीजामा पहनाने पर आमादा है। जिसका हम कड़ाई से विरोध करेंगे। कर्मचारी नेताओं ने सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने और रोजगार निगम को भंग किए जाने की मांग की। उन्होंने 24 गांवों को नगर निगम में शामिल करने के बाद कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के बावजूद उन्हें औजार नहीं दिए जाने की शिकायत भी की। इस पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि हरियाणा की मनोहर सरकार सर्व कर्मचारियों के हित में निर्णय ले रही है। आप लोगों की औजार न मिल पाने की समस्या को बहुत जल्द समाधान कर दिया जाएगा क्योंकि हम चाहते हैं कि इन गांवों में भी शहरों की तर्ज पर लोगों को सुविधाएं प्राप्त हों। मैं इस बारे में जल्द ही निगम आयुक्त से बात करूंगा। इस मौके पर नानक चंद जिला सचिव, दिलीप गुरचरण खांडिया जिला प्रधान, सुदेश जैनवाल, दर्शन सोया, शक्तिसिंह प्रधान, मनोज ग्रामीण प्रधान, रघुवीर चौटाला, महेंद्र कुडिया, राजकुमार, साजन खांडिया व सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

## एनवाईके ने जिलों में हर घर तिरंगा अभियान का आगाज किया

**फरीदाबाद।** सम्पूर्ण भारत वर्ष में भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव का आगाज 15 अगस्त 2021 को प्रारंभ हुआ था, जिसके अंतर्गत सरकार, प्रशासन व सामाजिक संस्थाओं द्वारा प्रत्येक कार्यक्रम आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में किया गया। जिसके अनुरूप खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग भारत सरकार के उपक्रम नेहरू युवा केंद्र संगठन द्वारा देश के प्रत्येक राज्यो की जिला इकाइयों में हर घर तिरंगा अभियान का आगाज किया जा रहा है। आज नेहरू युवा केंद्र जिला फरीदाबाद व जज्बा फाउंडेशन द्वारा ग्राम पंचायत जुनहेड़ा स्थित कौशल विकास केंद्र पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं को जिला युवा अधिकारी प्रियंका ने विभाग से जुड़ी हुई जानकारी साझा की। इस अवसर जज्बा फाउंडेशन अध्यक्ष हिमांशु भट्ट ने बताया कि देश भर में आजादी के अमृत महोत्सव का आगाज अलग अलग संगठनों द्वारा अलग-अलग तरीकों से किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नेहरू युवा केंद्र से केशव, राकेश टोंगर, जसवन्त पंवार, आशा रानी, विजयपाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## छात्राओं के लिए बारहवीं के बाद पत्रकारिता

**फरीदाबाद।** देश के सभी बोर्ड की परीक्षाओं का परिणाम जारी होने के बाद प्रदेश के महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में स्नातक कक्षाओं की दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई है। राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर 16 ए फरीदाबाद में वर्ष 2006 से जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग चल रहा है। जहां से सैकड़ों छात्राएं पत्रकारिता की पढ़ाई कर देश के विभिन्न प्रतिष्ठित मीडिया संस्थानों में अपनी सेवाएं दे रही हैं। प्राचार्य डा. नरेंद्र कुमार ने कहा कि आधुनिक समय में शिक्षा के साथ कौशल पर अधिक जोर देने की आवश्यकता है। जिसके लिए महाविद्यालय में पत्रकारिता, बीसीए, बीबीए एवं बीटीटीएम जैसे कोर्स चल रहे हैं। ऑनलाइन फार्म भरने की आखिरी तारीख 8 अगस्त है, पत्रकारिता विभाग में कुल 40 सीटें हैं। उन्होंने बताया कि बारहवीं में किसी भी विषय में 45 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाली छात्राएं पत्रकारिता में दाखिला के लिए आवेदन कर सकेंगी। छात्राओं की सहायता के लिए महाविद्यालय में एडमिशन कमेटी भी बनाई जाएगी, जो छात्राओं की परेशानियों का समाधान करेंगी।

## झूठी शिकायत देने पर 122 लोगों पर कार्रवाई

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा द्वारा झूठी शिकायत देकर पुलिस को गुमराह करने तथा पुलिस तथा अदालत का कीमती समय बर्बाद करने के मामले में झूठी शिकायत देने वालों खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के दिशा निर्देश के तहत कार्यवाही करते हुए फरीदाबाद पुलिस द्वारा बीते 6 महीनों में झूठी शिकायत देने वाले 122 आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 182 के तहत करवाई की जा चुकी है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्राइम ब्रांच 48 प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने ऐसे ही एक झूठे मामले का पर्दाफाश करते हुए लूट के झूठे मुकदमे में अपने आप को पीड़ित बताने वाले आरोपी के खिलाफ झूठी शिकायत देने का मुकदमा दर्ज किया है। झूठी शिकायत देने वाले आरोपी का नाम कुणाल है, जो सूरजकुंड के चार्मवुड विलेज का रहने वाला है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2022 में फरवरी से जुलाई तक 6 महीनों में झूठी शिकायत देने वालों के खिलाफ 122 मुकदमे दर्ज किए जा चुके हैं। जिसमें फरवरी के 15, मार्च के 25, अप्रैल के 19, मई के 25, जून के 21 तथा जुलाई के 17 मुकदमे शामिल हैं। पुलिस आयुक्त ने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा है कि कोई भी व्यक्ति अपने फायदे के लिए इस प्रकार की हरकत ना करें अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## साइबर ठग गिरोह का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी मुख्यालय नीतीश कुमार अग्रवाल द्वारा साइबर ठगी के मामलों में जल्द से जल्द आरोपियों की धरपकड़ के दिशा निर्देश के तहत कार्यवाही करते हुए साइबर पुलिस थाना एनआईटी की टीम ने साइबर ठगी के मुकदमे में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले की जांच अभी जारी है जिसमें अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी बकाया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सन्नी तथा आदित्य का नाम शामिल है। दोनों आरोपी दिल्ली के रहने वाले हैं। 19 अप्रैल 2022 को फरीदाबाद के रहने वाले पीड़ित विक्रांत ने साइबर पुलिस थाने में शिकायत दी जिसमें उसने बताया कि आरोपियों ने उसके क्रेडिट कार्ड से 455000 रुपये की धोखाधड़ी की है।

# गुरुग्राम पुलिस ने निकाली तिरंगा बाइक यात्रा

### कई क्षेत्रों में घूमकर लोगों को हर घर तिरंगा के प्रति किया जागरुक

### उपायुक्त व पुलिस उपायुक्त ने तिरंगा बाइक यात्रा को हरी झंडी दिखाई



गुरुग्राम में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा बाइक यात्रा निकालते गुरुग्राम पुलिस के जवान।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शुक्रवार** को गुरुग्राम पुलिस की ओर से हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा बाइक यात्रा निकाली गई। एक बाइक पर दो पुलिस के जवान और दो ही तिरंगे झंडे लगाकर जब बाइक का काफिला रवाना हुआ तो लहराते तिरंगों का नजारा अलग ही दिखा।

उपायुक्त निशांत कुमार यादव व पुलिस उपायुक्त मुख्यालय अंशु सिंगला ने पीडब्ल्यूडी स्वर्ण जयंती विश्राम गृह से इस तिरंगा बाइक यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा में गुरुग्राम पुलिस के जवान पुलिस राईडर्स पर हाथों में तिरंगा लेकर सवार थे। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव में हम सबको बराबर की भागीदारी हो।

जवान हो या किसान या फिर आम नागरिक हों। सभी को तिरंगा फहराकर अपने देश के प्रति सम्मान का भाव दर्शाना है। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारी आन-बान और शान का प्रतीक है। इसकी शान को हमें सदा ऊंचा रखना है। पुलिस उपायुक्त अंशु सिंगला ने कहा कि वैसे तो हम सभी सदा तिरंगे का सम्मान करते हैं। तिरंगे के नीचे खुद को सुरक्षित मानते हैं। इस बार आजादी का दिवस विशेष है। हमारी आजादी को 75 साल पूरे हो रहे हैं।

इस उपलक्ष में सरकार की ओर से यह तिरंगा फहराने का जो विशेष कार्यक्रम शुरू किया है, इसमें हम सबकी भागीदारी होनी चाहिए। इस अवसर पर एसीपी अपराध प्रीतपाल सांगवान समेत पुलिस के कई अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# बिजली का करंट लगने से 15 वर्षीय छात्र की मौत, केस दर्ज

### सिटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने मामले की जांच शुरू की

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**निजी** स्कूल में पढ़ने वाले 15 वर्षीय छात्र की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। छात्र को आम रास्ते में दुकान के बाहर लगे लोहे के कूलर से करंट लगा। मृतक छात्र के परिजन नागरिक अस्पताल में सही उपचार न मिलने का आरोप लगा रहे है। मौके पर पहुंचे सिटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

शुक्रवार को शहर वार्ड-6 स्थित केडीएम स्कूल की कक्षा 9 में पढ़ने वाला छात्र यमन अपने बड़े भाई गौरव के साथ छुट्टी होने के बाद पैदल ही अपने घर को चल दिया। यमन व गौरव स्कूल से मात्र 400 मीटर दूर ही चला था। उसने किराना दुकान के बाहर दीवार से लगे लोहे के कूलर को पकड़ लिया। जिसमें आ रहा बिजली के करंट ने छात्र यमन को जोरदार करंट मारा और दूर फेंक दिया। जिसे बड़े भाई गौरव मौके पर पहुंचा स्कूल टीचर की मदद से निजी अस्पताल में लेकर पहुंचा। जहां डॉक्टरों ने यमन की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। एम्बुलेंस न होने पर यमन को नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां डॉक्टरों ने यमन को मृत घोषित कर दिया। मृतक छात्र यमन जिला नूंह का गांव किरंज का रहने वाला था।

#### उपचार न मिलने का आरोप

**मृतक** छात्र के पिता कर्मचंद ने बताया कि जिस समय यमन को गंभीर हालत में नागरिक अस्पताल के आपातकाल वार्ड में लाया गया था। उस समय वार्ड न तो डॉक्टर था और न ही स्टाफ कर्मचारी थे। यदि यमन को सही समय पर उपचार मिल जाता तो उसका बेटा बच जाता।



मृतक छात्र के परिजनों से बात करते हुए सोहना एसीपी नवीन कुमार।

#### दुकानदार ने हटाया कूलर

**मामले** की जांच शुरू करते हुए एसीपी नवीन कुमार ने घटना स्थल का दौरा किया। पुलिस के आने से पहले ही मकान मालिक ने कूलर को दीवार से उतारते हुए सबूत मिटाने की कोशिश की है। एसीपी ने मृतक के परिजनों से लिखित में आरोपियों के खिलाफ शिकायत मांगी है। जिसके चलते मृतक छात्र का पोस्टमार्टम अभी नहीं हो सका है।

> जिस समय बच्चा को लाया गया था। उस समय उसकी की मृत्यु हो चुकी थी।
>
> डा. नवल किशोर (एसएमओ)

# केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत के प्रयासों से चली पैसेंजर ट्रेन से यात्रियों को होगा बड़ा लाभ : डा. डीपी गोयल

### गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर पहुंची ट्रेन नंबर-74001/74002 का किया स्वागत

### डा. डीपी गोयल एवं नवीन गोयल ने राव इंद्रजीत सिंह का किया धन्यवाद

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**दैनिक** यात्रियों की मांग को प्रमुखता से उठाते हुए रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल के प्रयास उस समय सफल हो गए, जब शुक्रवार शाम को रेल की सीटी गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर बजी। डा. डीपी गोयल ने इस कार्य का पूरा श्रेय केंद्रीय राज्य मंत्री एवं गुरुग्राम के सांसद राव इंद्रजीत सिंह को दिया। उन्होंने इस सुविधा के लिए रेलमंत्री से बात भी की और पत्र भी लिखा। सायं 05:35 बजे गुरुग्राम पहुंची इस ट्रेन नंबर-74001/74002 के संचालन से अब दैनिक यात्रियों को बड़ा लाभ मिलेगा।

शाम को गुरुग्राम रेलवे स्टेशन पर दिल्ली-रेवाड़ी पैसेंजर गाड़ी पहुंची तो रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल, पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल समेत सैंकड़ों लोगों ने ट्रेन का स्वागत किया। स्टाफ को मालाएं पहनाकर व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। रेल मंत्री पीयूष गोयल, रेलराज्य मंत्री राव साहेब दानवे, दर्शना जरदोष, उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल का भी गोयल बंधुओं ने इस कार्य के लिए धन्यवाद किया है। इससे पूर्व अपने संबोधन में डा. डीपी गोयल ने इस ट्रेन की सुविधा को शुरू कराने का पूरा श्रेय केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह को देते हुए कहा कि दिल्ली-रेवाड़ी रूट पर इस समय ट्रेन का संचालन नहीं होने के कारण काफी समय से परेशानी उठानी पड़ रही थी। दैनिक यात्रियों की मांग को उन्होंने केंद्रीय मंत्री एवं गुरुग्राम के सांसद राव इंद्रजीत सिंह तक पहुंचाया। मंत्री ने रेल मंत्री से इस ट्रेन को संचालित करने की सिफारिश की। इस दौरान नवीन गोयल ने कहा कि जनता के हितों के लिए केंद्र में जहां केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह मजबूती से पैरवी कर रहे हैं, वहीं गुरुग्राम में डा. डीपी गोयल एक कड़ी बनकर काम कर रहे हैं। इसमें कोई दोराय नहीं कि दिल्ली-गुरुग्राम-रेवाड़ी रेल मार्ग पर कोरोना काल में बंद हुई ट्रेनों के संचालन के लिए लगातार वे प्रयासरत हैं और लगातार ट्रेनें शुरू भी हो रही हैं।

इस अवसर पर बलजीत प्रधान सुभाष नगर आरडब्ल्यूए, अजय जैन, अनिता गुप्ता, राजीव शर्मा, रजनीश राठी, प्रेम सिंह गहलौत, योगेश नई बस्ती, हरजीत कौर, त्रिलोक अरोड़ा, चरणसिंह, राकेश ठाकुर, दौलताबाद औद्योगिक क्षेत्र के सहसचिव उमेश द्विवेदी, संतोष ठाकुर, योगेश शर्मा आटो यूनियन प्रधान, मुकेश कुमार, सुभाष कौशिक, टिंकू वर्मा, कमल पहलवान, राजेश गुलिया, रमेश राजेंद्रा पार्क, उमाकांत शर्मा समेत सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



दिल्ली-रेवाड़ी रूट पर शुक्रवार से शुरू हुई पैसेंजर ट्रेन के स्टाफ का स्वागत करते डा. डीपी गोयल व नवीन गोयल।

# हर घर तिरंगा अभियान के लिए प्रशासन ने राजनीतिक दलों से मांगा सहयोग



राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक लेते एडीसी विश्राम कुमार मीणा।

### अभियान के नोडल अधिकारी एवं एडीसी ने दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**आजादी** के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 13 से 15 अगस्त तक आयोजित किए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान को जन अभियान बनाने के लिए गुरुग्राम जिला प्रशासन ने राजनीतिक दलों से सहयोग मांगा है। शुक्रवार को सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक बुलाई। उनसे इस अभियान से जुड़ने का आह्वान करते हुए हर घर तक तिरंगा पहुंचाने में सहयोग मांगा।

लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त एवं हर घर तिरंगा अभियान के नोडल अधिकारी विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि नागरिकों द्वारा एक साथ इतने बड़े पैमाने पर तिरंगा फहराने से निश्चित रूप से देशभक्ति और देशप्रेम की भावना का संचार होगा। उन्होंने सभी दलों को विश्वास दिलाया कि जिला में तिरंगे झण्डे पर्याप्त संख्या में उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। जिला के स्वयं सहायता समूहों के सहयोग से लघु सचिवालय, विकास सदन सहित सार्वजनिक स्थानों पर 20 तिरंगा वितरण केंद्र खोले जा चुके हैं। इसी प्रकार के कुल 100 केंद्र खोले जा रहे हैं। इसके अलावा जिला में स्थित राशन डिपुओं पर भी तिरंगा झण्डों की बिक्री की जा रही है, जहां से लोग तिरंगे खरीद सकते हैं। उन्होंने बताया कि 20 गुणा 30 ईंच आकार का झण्डा 20 रुपये में और यदि इसके साथ तीन फुट का डंडा भी लेते हैं तो 5 रुपये और देने होंगे। इस प्रकार इस आकार का झण्डा डंडे के साथ लगभग 25 रुपये का मिलेगा। बैठक में उपस्थित जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेश अरोड़ा ने बताया कि उनके दल ने घर-घर तिरंगा पहुंचाने का रोड मैप तैयार कर लिया है। जिला में लगभग 1250 मतदान केंद्र हैं। प्रत्येक बूथ के क्षेत्र में 100 झण्डे पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

एडीसी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर हर नागरिक अपने घर पर शान से तिरंगा फहराए। इस मुहिम को जन अभियान बनाने के लिए सभी राजनीतिक दलों के सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सभी दल अपने कार्यकर्ताओं को इस मुहिम से जोड़े और उन्हें तिरंगा हर घर तक पहुंचाने के लिए प्रेरित करें। श्रीमीणा ने कहा कि जैसा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल कह चुके हैं कि यह अभियान किसी राजनीतिक दल का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि हर भारतवासी का कार्यक्रम है।

# सोहना में बारिश से हुआ अब तक का सबसे बड़ा जलभराव

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शुक्रवार** को हुई साढ़े चार घंटा रुक-रुक कर बारिश से शहर के सार्वजनिक स्थानों से लेकर बाजार, सरकारी भवन परिसर जलमग्न हुए। जलभराव से स्कूली बच्चों से लेकर आम नागरिक और वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

एसडीएम के आदेश पर बीएण्डआर विभाग द्वारा शहर के हाईवे के साथ-साथ बने बरसाती नालों की सफाई के दौरान की गई कड़ी मेहनत पर शुक्रवार को हुई भारी बारिश ने पानी फेर दिया। शुक्रवार को रुक-रुक कर सुबह साढ़े नौ बजे बारिश शुरू हुई। यह बारिश दोपहर ढाई बजे तक होती रही। जिससे शहर के सार्वजनिक स्थानों बस स्टैंड परिसर, अनाज व सब्जी मंडी परिसर, नागरिक अस्पताल, पुराना तहसील परिसर आदि में जलभराव होने से नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। शहर की सड़कों में नागरिक अस्पताल मार्ग, बस स्टैंड मार्ग, महाराजा अग्रसेन मार्ग, पुरानी सब्जी मंडी मार्ग, फव्वारा चौक और बालूदा मार्ग शामिल है। बालूदा मार्ग पर करीब 500 मीटर की दूरी में तीन से चार फुट पानी सड़क पर जमा होने से वाहना चालकों को परेशानियां हुई। सड़क के दोनों तरफ बने मकानों में बारिश का पानी चला गया। सड़क के दोनों तरफ बने बरसाती नालों की सही ढंग से सफाई न होने के कारण पानी की निकासी सही नहीं हो पा रही है। देवी माता मंदिर मार्ग वार्ड-19 के नागरिकों के घरों में पानी जमा हो गया। बस स्टैंड के आगे व पीछे वाले खाली परिसर में जलभराव होने से वाहनों को पानी में से गुजरना पड़ा। यहां के निवासी भालूराम सैनी ने बताया कि मोटर लगाकर घर में जमा पानी को बाहर निकाला गया। जितनी बार भी दिन में बारिश हुई। उतनी बार ही पानी आम रास्ते से घर में आया है। जिसका कारण बारिश के पानी की वार्ड में से सही निकासी न होना है।



शुक्रवार को हुई बरसाती पानी से गुजरती छात्राएं।

## सोहना में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान में बारिश बनी बाधक

**सोहना।** शुक्रवार को भारी बारिश के कारण शहर में शुरू हुआ बरसाती नालों से अतिक्रमण के खिलाफ अभियान रोक दिया गया। इस अभियान को जारी रखते हुए शनिवार को चलाया जाएगा।

अतिक्रमण अभियान में ड्यूटी मजिस्ट्रेट लगे नायब तहसीलदार लक्ष्मीराम ने बताया कि राष्ट्रीय हाइवे से ही नहीं शहर के अंदर के बाजारों में अतिक्रमण का सफाया किया जाएगा। बाजारों में बने गंदे व बरसाती पानी के नालों की भी सफाई की जाएगी। जिसके लिए नगर परिषद और जनस्वास्थ्य विभाग को जिम्मेदारियां सौंपी हुई है। बीएण्डआर विभाग पिछले करीब एक सप्ताह से नालों की सफाई व अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाए हुए हैं। एसडीएम जितेन्द्र गर्ग ने बताया कि शहर में जलभराव की समस्या को प्राथमिकता से समाप्त किया जाएगा।

# असंचारी रोगों के बढ़ने से महत्वपूर्ण हुआ बीमा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**हालिया** वर्षों में भारत में कार्डियोवैस्कुलर डिजीज, डायबिटीज, हाइपरटेंशन, कैंसर, न्यूरोलॉजिकल बीमारियों और सांस की पुरानी बीमारियों जैसे असंचारी रोगों (एनसीडी) में बढ़ोत्तरी हुई है। अमित कुमार मित्तल, प्रबंध निदेशक, रैपिड इंश्योरेंस ग्रुप बताते हैं कि इनका मुख्य कारण है तंबाकू का सेवन, अस्वास्थ्यकर आहार, अल्कोहल का सेवन, वायु प्रदूषण और शारीरिक निष्क्रियता। भारत में हर चार में से एक व्यक्ति को 70 साल का होने से पहले एनसीडी से मरने का जोखिम रहता है। इस प्रकार गंभीर रोगों के लिये बीमा और बीमा के ज्यादा कवरेज की जरूरत है। केवल कंपनी ग्रुप इंश्योरेंस प्लान का होना काफी नहीं है; व्यक्तिगत बीमा से भी अच्छी तरह सुरक्षित होना जरूरी है।

यूनिवर्सल सोम्पोज जनरल इंश्योरेंस कंपनी द्वारा इस संदर्भ में हाल ही में लॉन्च किया गया कम्प्लीट हेल्थ इंश्योरेंस प्लान (सीएचआई) आपकी स्वास्थ्यरक्षा सम्बंधी सभी जरूरतों के लिये एक व्यापक पैकेज है, जिसके पास अभी उपलब्ध सबसे बड़ा गंभीर बीमारी कवरेज है। इस पॉलिसी में कई नवाचारी खूबियां हैं, जैसे कि पॉलिसीधारकों को बढ़ते मेडिकल खर्च से सुरक्षा देने के लिये 14 बेसिक और 26 ऐड-ऑन कवर्स। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) के अनुसार, एनसीडी के कारण होने वाली मौतों का अनुपात हर कारण से होने वाली मौत के लिहाज से 1990 के 37% से बढ़कर 2016 में 61 फीसदी हो गया है। इस प्रकार महामारी विज्ञान तेजी से संक्रामक रोगों से हटकर असंचारी रोगों की ओर गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, भारत में एनसीडी से हर साल लगभग 5.8 मिलियन लोग मरते हैं। इसलिये भारत के हर व्यक्ति को स्वास्थ्य बीमा से सुरक्षित करने की जरूरत है।

आज की दुनिया में बदलती जीवनशैली, स्वास्थ्यरक्षा के बढ़ते खर्च, अस्पतालों के बढ़ते बिल, बेहतर वित्तीय योजना की जरूरत, आदि जैसे कारणों से स्वास्थ्य बीमा जरूरी हो जाता है। सीएचआई, पॉलिसी की अवधि के दौरान हुई किसी भी बीमारी या आकस्मिक बीमारी, दुर्घटना में बीमित व्यक्ति की जरूरी सर्जरी के लिये उसके अस्पताल में भर्ती होने और भर्ती रहने के कारण होने वाले चिकित्सा सम्बंधी खर्च का भुगतान करती है। पॉलिसीधारक को किफायती दाम पर ज्यादा बीमित राशि और कवरेज मिलता है। यह पॉलिसी आपको पूरी तरह से कवर करती है और इसे हमेशा के लिये नवीकृत किया जा सकता है। यह सस्ते दाम पर बीमित राशि के व्यापक विकल्प देती है, 1 लाख से 50 लाख रुपये तक, वह भी कम प्रीमियम पर। कम्प्लीट हेल्थ इंश्योरेन्स प्लान के लिए नामांकन की आयु वयस्कों के लिये 18 से 75 वर्ष और बच्चों के लिये 91 दिन से लेकर 25 वर्ष तक है। न्यूनतम 4 लाख रूपये और अधिकतम 50 लाख रूपये की बीमित राशि के साथ यह पॉलिसी एक, दो या तीन वर्ष के लिये खरीदी जा सकती है। यह प्लान 50 रिस्तेदारों तक को कवर करता है। इसमें इन-पेशेंट प्रोसीजर्स, जैसे डे-केयर प्रोसीजर्स, अस्पताल में भर्ती होने के बाद, ठहरने का खर्च, अंग दानदाता, एम्बुलेंस का शुल्क और अस्पताल में भर्ती होने से पहले की स्थिति शामिल हैं। आउट-पेशेंट ट्रीटमेंट्स में मदर एंड चाइल्ड केयर बेनेफिट, डेंटल ट्रीटमेंट, आयुष बेनेफिट, बच्चे को रखने के लिये रोजाना का खर्च, टीकाकरण और स्वास्थ्यलाभ शामिल हैं।

# मातृ शक्ति के स्वास्थ्य के लिए बांटे सेनिटरी पैड



**गुरुग्राम।** महिलाओं और बेटियों के सम्मान में भाजपा एनआरआई सेल के प्रदेश महामंत्री और युवा नेता एडवोकेट रजत भार्गव ने पिरियड्स के दौरान हाईजीन को लेकर महिलाओं को शिक्षित और जागरूक करने के लिए बड़ा अभियान चलाया। इस अभियान में बड़ी संख्या में महिलाओं, बेटियों और मातृशक्ति ने हिस्सा लिया। इस दौरान गुरुग्राम के वार्ड-26 की स्पेज प्रिवी सोसाइटी में उन्होंने मुफ्त सेनिटरी पैड बांटे। रजत भार्गव ने कहा कि उन्होंने सभी मोहल्लों और गलियों में जाकर मातृशक्ति को जागरुक करने और निःशुल्क सेनिटरी पैड्स बांटने की जिम्मेदारी उठाई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के मार्गदर्शन और पार्टी के विदेश संपर्क विभाग के हरियाणा प्रमुख संदीप देशवाल के नेतृत्व में वे समाज सेवा की इस मुहिम को आगे बढ़ाते रहेंगे। उनकी कोशिश होगी कि क्षेत्र के लोगों को किसी भी तरह की समस्याओं का सामना ना करना पड़े। स्पेज प्रिवी सोसाइटी में आयोजित कार्यक्रम में रतन सिंह अध्यक्ष, सदस्य रतन ओखंडिअर, भारत भूषण, निकास जैन, राजेश कुमार, संगीता अरोड़ा, नीलम ओखंडिअर, बिबा, सविता भल्ला, मीना मल्होत्रा, स्वीटी तगड़ा, मीना भट्ट, सुचित्रा भल्ला आदि मौजूद रहे।

# लैब ग्रोन डायमंड एंड ज्वैलरी एग्जीबिशन एलडीजेएस के दूसरे संस्करण का आज धूमधाम उद्घाटन हुआ

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**लैब** ग्रोन डायमंड एंड ज्वैलरी एग्जीबिशन एलडीजेएस-2022 के दूसरे संस्करण का उद्घाटन आज पूरे धूमधाम के साथ हुआ। यह आयोजन 5 से 8 अगस्त तक मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में जारी रहेगा। लैब-ग्रोन डायमंड एंड ज्वैलरी प्रमोशन काउंसिल (एलजेडीजेपीसी) द्वारा आयोजित, एलडीजेएस-2022 भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय ज्वैलरी के लिए भारत की सबसे बड़ी लैब ग्रोन डायमंड्स एंड ज्वैलरी प्रदर्शनी है।

5000 वर्ग मीटर में आयोजित, एलडीजेएस 2022 में 100 से अधिक प्रदर्शकों द्वारा आगंतुकों के लिए, डायमंड एवं ज्वैलरी की अपनी विविध रेंज प्रदर्शित की जाएगी। इस प्रतिष्ठित एक्सपो में 45,000 से अधिक व्यापारिक आगंतुकों, खरीदारों और व्यापारी बिरादरी के सदस्यों और लगभग इतनी ही संख्या में देश-विदेश के सामान्य आगंतुकों के भाग लेने की उम्मीद है। एलडीजेएस का पहला



संस्करण बेहद सफल रहा था और यह नेस्को, मुंबई में 40,000 वर्ग फीट में आयोजित किया गया था। एलडीजेएस 2022 में 9 देश भाग लेंगे और 12 इंटरएक्टिव ट्रेड सेशन एवं 12 फैशन शो आयोजित होंगे। इसमें मॉडल रैंप वॉक करते हुए देश-विदेश के विभिन्न निर्माताओं और प्रदर्शकों के एलजीडीजेएस की श्रृंखला प्रदर्शित करेंगे। इसका उद्घाटन लैब ग्रोन डायमंड एंड ज्वैलरी प्रमोशन काउंसिल के चेयरपर्सन, शशिकांत दलीचंद शाह ने किया। रॉयल थाई कॉन्सुलेट, मुंबई के महावाणिज्यदूत, महामहिम, श्री डोनावित पूलसावत इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे, जबकि थाई ट्रेड सेंटर की वाणिज्यदूत, सुश्री सुपात्रा सवेंगसरी इस अवसर पर बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित थीं। अन्य विशिष्ट अतिथियों के रूप में भारत शाह, प्रेसिडेंट, एमडीएमए, आशीष पेठे, चेयरमैन, जीजेसी, मेहुल शाह वीपी, बीडीबी, अतुल जोगानी, वीपी, टीजीटीए थाईलैंड, अशोक गजेरा, सीएमडी लक्ष्मी डायमंड, प्रशांत मेहता, प्रेसिडेंट जेएबी, चेतन मेहता, वीपी आईबीजेए, घनश्याम ढोलकिया, एचके ग्रुप, पूर्व सांसद नरसिम्हन और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। एलडीजेएस 2022 भारत डायमंड बोर्स, सूरत डायमंड बोर्स, मुंबई डायमंड मर्चेंट्स एसोसिएशन, द लैब-ग्रोन डायमंड एसोसिएशन-सूरत; और हीरा झवेरात (एचजेड) इंटरनेशनल द्वारा समर्थित है। उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए, शशिकांत दलीचंद शाह, प्रेसिडेंट,लैब ग्रोन डायमंड एंड ज्वैलरी प्रमोशन काउंसिल ने कहा, आज इस प्रमुख प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। काउंसिल का यह निरंतर प्रयास रहा है कि न केवल एलजीडीजे को बढ़ावा मिले बल्कि मिथकों को भी स्पष्ट किया जाए।

# अमेजन डॉट इन के ग्रेट फ्रीडम फेस्ट के साथ मनाएं 10 तक जश्न

### यहां सभी को मिलेगी बड़ी बचत!

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**स्वतंत्रता** दिवस के 75वें वर्ष के साथ ही बहुप्रतीक्षित लॉन्ग वीकेंड बस आने ही वाला है। इस मौके पर, अमेजन इंडिया ने ग्रेट फ्रीडम फेस्टिवल की घोषणा की है। शानदार डील्स और ऑफर के साथ यह शॉपिंग इवेंट 06 अगस्त, 2022 की मध्यरात्रि 12 बजे से शुरू होगा और 10 अगस्त, 2022 तक चलेगा। प्राइम मेंबर्स को 05 अगस्त, 2022 को सुबह 12:00 बजे से 24 घंटे का अर्ली एक्सेस मिलेगा।

इस सेल में सेलर्स स्मार्टफोन, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन एंड ब्यूटी, होम एंड किचन, अप्लायंसेज, टीवी, किराना आदि पर बेहतरीन डील्स एवं ऑफर पेश कर रहे हैं। ग्राहक अमेजन डॉट इन पर विभिन्न कैटेगरी में करोड़ों से अधिक उत्पादों की खरीदारी कर सकते हैं। ग्रेट फ्रीडम फेस्टिवल के दौरान, ग्राहक एलजी, एलजी ओएलईडी, पैम्पर्स, एलजी, टेक्नो जैसे ब्रांडों के शानदार वेल्यू ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं। यहां ग्राहक उत्पादों के विशाल कलेक्शन के साथ-साथ घर पर सुकून से बैठकर खरीदारी का आनंद उठा सकते हैं।

ग्रेट फ्रीडम फेस्टिवल के दौरान खरीदारी करने वाले ग्राहक एसबीआई क्रेडिट कार्ड और क्रेडिट ईएमआई के साथ अतिरिक्त 10 फीसदी इंस्टेंट डिस्काउंट प्राप्त कर अधिक बचत कर सकते हैं; बजाज फिनसर्व ईएमआई कार्ड, अमेजन पे आईसीआईसीआई क्रेडिट कार्ड, अमेजन पे लेटर और अन्य डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर नो-कॉस्ट ईएमआई का लाभ उठा सकते हैं।

# सुपर वैल्यू डेज पर दैनिक वस्तुओं की विस्तृत श्रृंखला में से चुनने की आजादी का लें आनंद

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### 10 अगस्त, 2022 तक किराना और घरेलू आवश्यक वस्तुओं, पैकेज्ड फूड, व्यक्तिगत देखभाल, शिशु और पेट केयर पर प्राप्त करें 50 फीसदी तक की छूट

### 199 रुपये के न्यूनतम ऑर्डर के साथ प्राइम मेंबर्स के लिए फ्री डिलीवरी

### एसबीआई क्रेडिट कार्ड और क्रेडिट ईएमआई, बजाज फिनसर्व ईएमआई कार्ड का उपयोग कर नो-कॉस्ट ईएमआई, अमेजन पे लेटर, और चुनिंदा डेबिट और क्रेडिट कार्ड पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत की बचत

**अमेजन** आपके लिए ग्रेट फ्रीडम फेस्टिवल के दौरान 'सुपर वैल्यू डेज' के साथ 10 अगस्त, 2022 तक बड़ी बचत और दैनिक आवश्यक वस्तुओं की विशाल श्रृंखला में से विस्तृत चयन की आजादी लेकर आया है। प्राइम मेंबर्स को 24 घंटे पहले 05 अगस्त, 2022 को रात 12:00 बजे से सेल के लिए अर्ली एक्सेस मिलेगा। किराना, दैनिक और घरेलू आवश्यक वस्तुओं, पैक्ड फूड्स, पर्सनल केयर, बेबी और पेट केयर उत्पादों आदि पर 50 प्रतिशत तक की छूट का फायदा उठाएं।

उपभोक्ता सिंगल ऑनलाइन डेस्टिनेशन पर सुविधाजनक डिलीवरी विकल्प के साथ दावत, आशीर्वाद, टाटा, केलॉग्स, नीविया, डाबर, हिमालया और पैम्पर्स सहित अन्य लोकप्रिय ब्रांड्स से आकर्षक कीमत और नवीनतम ऑफर्स का भी लाभ उठा सकते हैं। प्राइम मेंबर्स 199 रुपए के न्यूनतम ऑर्डर पर फ्री डिलीवरी और 1500 रुपए की न्यूनतम खरीदारी पर फ्लैट 250 रुपए का कैशबैक का भी फायदा उठा सकते हैं।

पहली बार ऑर्डर करने वाले ग्राहकों को 1000 रुपये के न्यूनतम ऑर्डर मूल्य पर फ्लैट 100 रुपये का कैशबैक मिलेगा। इसके अलावा, वे 10 अगस्त, 2022 तक एसबीआई क्रेडिट कार्ड और क्रेडिट ईएमआई, बजाज फिनसर्व ईएमआई कार्ड का उपयोग कर नो-कॉस्ट ईएमआई, अमेजन पे लेटर और चुनिंदा डेबिट और क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर अतिरिक्त 10 प्रतिशत की बचत कर सकते हैं।

# महंगाई को लेकर कांग्रेस ने किया सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

## महताब अहमद ने कहा, महंगाई के कारण रसोई से होने लगी हैं कई चीजें गायब

पायनियर समाचार सेवा। नूंह



नूंह में भाजपा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

**मेवात** कांग्रेस के जिला मुख्यालय नूंह में शुक्रवार को लगातार बढ़ रही महंगाई, बेरोजगारी और हाल ही में जरूरी सामानों पर लगाएगी जीएसटी के विरोध में पीसीसी सदस्य चौधरी महताब अहमद के नेतृत्व में कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस मुख्यालय से नूंह शहर में पैदल मार्च किया। जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए भाजपा सरकार का विरोध किया। इस दौरान पूर्व विधायक चौधरी शहीदा खान और इब्राहिम इंजीनियर बीसरू भी चौधरी महताब अहमद के साथ मौजूद रहे।

बता दें कि कांग्रेस विधायक दल उप नेता व नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद, पुनहाना विधायक चौधरी मौहम्मद इल्यास व फिरोजपुर झिरका विधायक चौधरी मामन खान इंजीनियर के साथ चंडीगढ़ में पार्टी के साथ प्रदर्शन में गए हुए हैं। नेता विपक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा और प्रदेश अध्यक्ष उदय भान के नेतृत्व में कांग्रेस विधायक चंडीगढ़ में भाजपाई सरकार को घेर रहे हैं। महताब अहमद ने कहा कि महंगाई के कारण रसोई से कई चीजें गायब होने लगी है। महंगाई से ग्रहणीयों की परेशानी बढ़ गई है।

महंगाई और बेरोजगारी होने से जो मध्य वर्ग के लोग हैं उनका जीना ही दुर्लभ हो रहा है, गरीब के मुंह का निबाला छिन गया है। संसद भवन में अपने मुद्दे तक नहीं उठा सकते हैं, उन्होंने कहा कि महंगाई बेरोजगारी की चर्चा से सरकार भाग रही है, अग्निपथ पर बात करना चाहें तो चर्चा के लिए तैयार नहीं हैं. जिसको लेकर आज हम नूंह में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। चौधरी महताब अहमद का कहना है कि जनता त्राहि-त्राहि कर रही है लेकिन सरकार हिटलरशाही पर आमादा है। केंद्र सरकार को जनता की जरा सी भी परवाह नहीं है, युवा दिन पर दिन बेरोजगार होते जा रहे हैं। सरकारी कंपनियां अब प्राइवेट संस्थानों के आधीन की जा रही हैं, नौकरियां खत्म होती जा रही है, ऐसे में युवा कहां जाएंगे।

महताब अहमद ने कहा कि मेवात कांग्रेस जनता के मुद्दे उठाती रहेगी। सरकार पार्टी के कार्यकर्ताओं पर जितना भी जुल्म कर ले, हम पीछे नहीं हटेंगे। आज लोकतंत्र खतरे में हैं, अघोषित इमरजेंसी लगा दी गई है, ईडी और जांच एजेंसियां, सीबीआई, इलेक्शन कमीशन के अस्तिव पर प्रश्न चिन्ह लगा हुआ है। महताब अहमद ने कहा कि संघर्ष जारी रहेगा। नूंह में कांग्रेस कार्यकर्ता संघर्ष कर रहे हैं तो चंडीगढ़ में आफताब अहमद व दोनों विधायक लड़ाई लड़ रहे हैं। इस दौरान शहीदा पूर्व विधायक तावडू, इब्राहिम इंजीनियर, शरीफ अड़बर, वहीद सलंबा, शोहराब सरपंच मालब, मदन तंवर, जक्की सलंबा, अरशद टाई, इल्यास सरपंच सालाहेड़ी, रफीक गंगवानी, नजाकत, उसमान, रुक्कू, साहुन सरपंच रानिका, अलीशेर, अय्यूब सहरावत, हाजी गुडडू, शाहिद पतरिया, खुर्शीद लंबरदार, गुरजी, नजाकत रेहना, जानू रेहना, तुफैल, ताहिर ग्वालदया, उस्मान आकेड़ा, अब्बास सोंख, कम्मर खेड़ला, आमीन नंगली, नवाब नूह, रजा मौहम्मद, इकबाल कुरैशी, जाखू कुरैशी, उस्मान कुरैशी, ताहिर गुवालदया, यामीन फिरोजपुर नमक, नसीम बंधौली, शमीम खान रहनिया, अल्ताफ धांदूका, फिरोज भादस, तालिम, हफीज, जहान खां, डॉ उस्मान, आफाक एनएसयूआई, जमशेद लंबरदार सादेई, साकिर सादेई सहित यूथ कांग्रेस, सेवादल व एनएसयूआई के सैकड़ों कांग्रेस जन शामिल हुए।

# इनेलो ने बुढ़ापा पेंशन रोकने को लेकर किया प्रदर्शन



पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**प्रदेश** सरकार द्वारा वृद्धावस्था सम्मान पेंशन रोकने / बंद करने को लेकर शुक्रवार को इंडियन नेशनल लोकदल जिला नूंह इकाई ने विरोध प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय नूंह में पहुंचकर एसडीएम नूंह अश्वनी कुमार के मार्फत राज्यपाल हरियाणा को ज्ञापन सौंपा।

इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी के पदाधिकारियों का कहना है कि जननायक चौधरी देवीलाल ने वर्ष 1987 में 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए पेंशन योजना शुरू की थी ताकि बुजुर्गों का परिवार में मान-सम्मान बना रहे। इसलिए इस योजना का नाम वृद्धावस्था सम्मान पेंशन रखा गया तथा बुजुर्गों पर आय सीमा या किसी प्रकार की कोई शर्त उस समय नहीं रखी गई, परंतु वर्तमान गठबंधन सरकार परिवार पहचान पत्र में वर्णित आय को आधार मानकर बुजुर्गों की पेंशन में कटौती कर रही है। यह पेंशन सम्मान न रहकर बुजुर्गों के लिए अपमान पेंशन बन गई है। इनैलो नेताओं का कहना है कि पेंशन बंद करने की वजह से प्रदेश भर के बुजुर्गों में सरकार के प्रति गहरा आक्रोश है। पिछले 3 साल में तकरीबन 3 लाख बुजुर्गों की पेंशन काटी गई है। जिनमें अकेले यमुनानगर में 36500 बुजर्गों, दिव्यांगों, विधवाओं की पेंशन बंद कर दी गई है।

इंडियन नेशनल लोकदल का कहना है कि जीवित लोगों को भी मृत दिखाकर पेंशन काटी जा रही है। इंडियन नेशनल लोकदल, सरकार की गलत नीतियों की कड़ी निंदा करती है। आप के माध्यम से मांग करती है कि जिन बुजुर्गों, विधवाओं, दिव्यांगों की पेंशन रोकी गई है। उसे तुरंत प्रभाव से बहाल करें, ताकि बुजुर्गों का फिर से परिवार में मान-सम्मान बना रह सके।

# संक्षिप्त समाचार

## पुन्हाना बाईपास निर्माण के लिए मिली स्वीकृति

**नूंह।** नूंह जिला के पुन्हाना व पिनगवां बाई-पास निर्माण के लिए पुन्हाना का बाईपास कलेक्टर रेट से 20 प्रतिशत अधिक पर स्वीकृत हो गया है। जबकि पिनगवां बाईपास के लिए लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़क) द्वारा फिजिबलटी चैक करने के लिए कहा गया। यह जानकारी देते हुए लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता शमशेर सिंह ने बताया कि फिजिबलटी ठीक पाए जाने पर ही पिनगवां का बाईपास बन पाएगा। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के लोग पिनगवां बाईपास निर्माण के लिए दरियादिली दिखाए। शहीद हसन खां मेवाती मेडिकल कालेज नल्हड़ में बनने वाले डेंटल कालेज का भी शीघ्र निर्माण कराने की कवायद तेज हो गई है। शमशेर सिंह ने बताया कि पुन्हाना का बाईपास के निर्माण की सभी औपचारितकताएं पूरी हो गई है। यह बाईपास जिला के विकास में नई इबारत लिखेगा। मुख्य सचिव संजीव कौशल की अध्यक्षता ई भूमि पोर्टल के तहत विभिन्न परियोजनाओं के लिए जमीन खरीद हेतु सचिवों की समिति बैठक में हुए निर्णय के बाद शमशेर सिंह ने जानकारी दी।

## जिले में 13 को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**नूंह।** जिला में आगामी 13 अगस्त को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला मुख्यालय सहित फिरोजपुर झिरका न्यायिक परिसर में भी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कर आपसी सहमति से लंबित केसों का निपटारा किया जाएगा। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी प्रतीक जैन ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालय में लंबित फौजदारी समाधेय, चेक बाउंस, बिजली और पानी के बिल मामले, अन्य दीवानी मामले, ट्रैफिक चालान, मोटर व्हीकल दुर्घटनाग्रस्त मामलों आदि का निपटारा किया जायेगा। जिला एडीआर सेंटर स्थित स्थायी लोक अदालत के माध्यम से प्री- लिटिगेशन स्टेज पर विभिन्न बैंकों के बैंक लोन केसों, बिजली, पानी बिल, शिक्षा, इत्यादि जन उपयोगी सुविधाओं से संबंधित मामलों का निस्तारण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति अपने केसों को राष्ट्रीय लोक अदालत में लगाकर आपसी रजामंदी से केसों का निपटारा करवा सकता है। लोक अदालत केसों का निपटान का सरल व प्रभावी तरीका है और आपसी सहमति से ही केसों का निपटारा किया जाता है।

## तावडू शहर में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**तावडू।** शुक्रवार को तावडू शहर में धूमधाम के साथ तिरंगा यात्रा निकाली गई। शहर के राजकीय माडल संस्कृति विद्यालय में एकत्रित होकर सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा की अगुवाई स्वयं एसडीम तावडू सुरेंद्र पाल व तहसीलदार तावडू शालिनी लाठर ने की। तावडू उपमंडल अधिकारी सुरेंद्र पाल ने इस दौरान कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर इस बार बच्चों से लेकर युवाओं तक में अलग ही जोश दिखाई दे रहा है। हर कोई हाथों में तिरंगा थामे स्वयं को गौरवांवित महसूस कर रहा है। शहरवासियों ने की तिरंगा यात्रा का जगह-जगह फूल बरसा कर स्वागत किया। तिरंगा यात्रा से पहले पुलिस अलर्ट हो गई साथी ही पुलिस प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा को लेकर पहले से ही पर्याप्त इंतजाम कर दिए गए। पूरे रोड को एक तरफ से बंद कर तिरंगा यात्रा के लिए खाली करा दिया गया। यात्रा लखपत चौक स्थित राजकीय माडल संस्कृति विद्यालय से शुरू होकर विजय चौक पटौदी चौक होते हुए वापस विद्यालय परिसर में संपन्न हुई। यह पहला अवसर था जब उप मंडल अधिकारी सुरेंद्र पाल, तहसीलदार तावडू शालिनी लाठर, खंड शिक्षा अधिकारी रमेश मलिक, मार्केट कमेटी सचिव मोहन जोयल, खाद्य एवं आपूर्ति निरीक्षक चांद सिंह, सदर थाना प्रभारी व शहर थाना प्रभारी भी अपने-अपने हाथों में राष्ट्रध्वज थामें तिरंगा यात्रा की अगुवाई करते रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य विजय प्रतीक धनखड़,प्रवक्ता राजकुमार वत्स, स्पेशल टीचर अराधना मटानिया के अलावा करीब 800 छात्र-छात्राएं तिरंगा यात्रा में शामिल रहे।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**तावडू।** शहर के खंड शिक्षा कार्यालय में शुक्रवार को खंड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में एक मीटिंग आयोजित हुई। जिसमें निजी एवं सरकारी स्कूलों के संचालकों व प्रभारियों ने भाग लिया। मीटिंग के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी रमेश मालिक ने कहा कि आजादी का यह पर्व एक राष्ट्रीय पर्व है ,जिसे बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस बार यह पर्व अमृत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। मीटिंग के दौरान उन्होंने सभी से अपने-अपने विद्यालयों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया, साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में देशभक्ति से परिपूर्ण गाने व नाटक आदि शामिल करने की बात कही। सांस्कृतिक कार्यक्रम तैयार करवाने की जिम्मेदारी राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल बाईपास तावडू की अध्यापिका पिंकी यादव को सौंपा गई है, इसके अलावा पीटी-परेड संबंधित की जिम्मेदारी राजवीर सिंह राठी को सौंपी गई है। मीटिंग के दौरान खंड शिक्षा कार्यालय के कर्मचारियों सहित विभिन्न स्कूलों के शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## स्तनपान सप्ताह में महिलाओं को किया जागरुक

**तावडू।** महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देश पर मनाए जा रहे स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने महिलाओं को स्तनपान संबंधित जानकारी देकर जागरुक किया। सानिका गांव में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा ने अपने केंद्र पर उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहां की मां का दूध बच्चों के लिए सर्वोत्तम आहार है। जिसमें सभी प्रकार के पोषक तत्व शामिल होते हैं। 6 माह तक बच्चों को केवल मां का दूध ही पिलाना जरूरी है। इस दौरान उनके साथ आशा वर्कर और एएनएम भी मौजूद रही। इसी प्रकार गांव मोहम्मदपुर अहिर के आंगनवाड़ी केंद्र पर कार्यकर्ता सरोज ने स्तनपान सप्ताह मनाने के दौरान आयोजित एक कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को मां के दूध में पोषक तत्व के बारे में विस्तारित जानकारी दी। उन्होंने कहां की मां के दूध में सभी पोषक तत्व शामिल हैं,जो शिशुओं के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए जरूरी है। बता दें कि 1 अगस्त से 7 अगस्त तक खंड स्तर पर स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसमें सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार अपने अपने केंद्र पर महिलाओं को स्तनपान लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी देकर उन्हें जागरूक कर रही हैं।

## हर घर तिरंगा थीम पर राहगीरी का आयोजन रविवार को : सीईओ

**नूंह।** आजादी अमृत महोत्सव की श्रृंखला में जिला में हर घर तिरंगा अभियान के मद्देनजर जन जागरुकता मुहिम की कड़ी में निरंतर जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त अजय कुमार के मार्गदर्शन में रविवार, 7 अगस्त को प्रातः 7 बजे से वाईएमडी कालेज के सामने हर घर तिरंगा थीम पर केंद्रित राहगीरी का आयोजन किया जाएगा। सीईओ जिला परिषद प्रदीप अहलावत ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित होने वाले राहगीरी कार्यक्रम के बारे बताया कि प्रशासन हर घर तिरंगा अभियान को जनआंदोलन बनाने के लिए सजग है।

# अफसरों ने पैदल मार्च कर निकाली तिरंगा यात्रा



पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**वरुण** सिंगला पुलिस अधीक्षक नूंह के कुशल मार्गदर्शन व ममता खरब, उप-पुलिस अधीक्षक महिला विरुध अपराध नूंह के नेतृत्व में डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल पुलिस लाइन नूंह व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक संस्कृति स्कूल नूंह (मेवात मॉडल स्कूल) के छात्रों ने अपने हाथों में तिरंगा झण्डा लेकर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक संस्कृति स्कूल नूंह (मेवात मॉडल स्कूल) से यासीन मेव डिग्री कालेज नूंह तक पैदल मार्च कर तिरंगा यात्रा निकाली।

इस मौके पर ममता खरब, उप-पुलिस अधीक्षक नूंह ने कहा कि यह अभियान एक जन आंदोलन है और प्रत्येक जिलेवासी को इससे जुड़ना चाहिए। उन्होंने बताया कि जिला वासियों द्वारा भी पूरी धूमधाम के साथ तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। कहा कि हर व्यक्ति के अंदर देशभक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य से हर घर तिरंगा अभियान के तहत 13 से 15 अगस्त तक सभी घरों की छत पर, शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों, औद्योगिक ईकाईयो व सरकारी भवनों पर तिरंगा फहराया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी को इसमें भाग लेने की जरूरत है और इसमें हर नागरिक को जोड़ने के लिए सामाजिक संस्थाओं, एनजीओ व अन्य संगठनों का भी सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश के हर घर पर तिरंगे झंडे के एक साथ नजर आने से राष्ट्रीय एकता के साथ-साथ सामाजिक सद्भावना और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस अभियान में विशेषकर युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी हो, ताकि समाज में राष्ट्र के प्रति एक नया जोश नजर आए ।

# सरपंच ने निजी सचिव को तिरंगा सौंप अभियान शुरू किया

## मानेसर नगर निगम क्षेत्र में हर घर पहुंचाएंगे तिरंगे झंडे

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



मुख्यमंत्री के निजी सचिव अभिमन्यु यादव को तिरंगा सौंपते सरपंच सुंदर लाल यादव।

**आजादी** का अमृत महोत्सव के तहत देशभर में तिरंगे फहराने को लेकर सरकारी, निजी स्तर पर तैयारियां जोरों पर हो रही हैं। इसी कड़ी में पंचायती राज प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक सरपंच सुंदर लाल यादव ने संत कबीर कुटीर (मुख्यमंत्री आवास) मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निजी सचिव अभिमन्यु यादव को तिरंगा झंडा सौंपकर इस अभियान की शुरुआत की।

अब वे अपने क्षेत्र मानेसर नगर निगम क्षेत्र में तिरंगा वितरण शुरू करेंगे। सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि आजादी के 75वें अमृत महोत्सव में 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा भेंटकर यह अभियान जोरों से मानेसर नगर निगम क्षेत्र में चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर घर पर, हर संस्थान पर तिरंगा लहराकर आजादी के मतवालों को हमें श्रद्धांजलि भी देनी है और तिरंगे को सेल्यूट करके सम्मान करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश में तिरंगे के प्रति सम्मान और जागृति लाने के उद्देश्य से यह अभियान शुरू किया गया है। हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में इस अभियान की प्रशासनिक, निजी स्तर पर बेहतरीन तैयारियां हो रही हैं।

# दलितों की श्मशान भूमि पर कब्जे पर जताया विरोध

## प्रदर्शन में मेयर के पति अशोक आजाद व बेटे ने भी लिया भाग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में पटौदी पुलिस चौकी के पास दलितों के शमशान घाट पर कब्जे के विरोध में प्रदर्शन करते लोग।

**पटौदी** पुलिस चौकी के निकट दलितों की शमशान भूमि पर किए गए अवैध कब्जे हटवाने के लिए शुक्रवार को शहर में बरसात के बीच लोगों ने शहर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद लघु सचिवालय पहुंचकर जिला उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। इस प्रदर्शन में मेयर मधु आजाद के पति अशोक आजाद और उनके बेटे ने भी भाग लेकर दलितों की मांग का समर्थन किया। मांग पत्र में कहा गया है कि दलितों की शमशान भूमि के नाम से जानी जाने वाली भूमि पर गरीब बच्चों की शिक्षा एवं आवास के लिए डा. बीआर अम्बेडकर हरिजन छात्रावास बनाया गया था। इसका शिलान्यास और उद्घाटन उस समय कई गणमान्य व्यक्तियों, मंत्रियों की ओर किया गया था। छात्रावास के केयर टेकर के रूप में खेमचन्द डाबला को अस्थायी तौर पर रखा गया था। आरोप है कि कुछ साल बाद खेमचंद डाबला व उसके भाई लक्ष्मी नारायण डाबला द्वारा साजिश रचते हुए इस भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया गया और वहां पर अनाधिकृत निर्माण कर लिया।

# महिलाओं को स्वावलंबी बनाने को सरकार ने शुरू की कई योजनाएं : फौगाट

## हरियाणा महिला विकास निगम की अध्यक्ष ने शिक्षा ऋण एवं व्यक्तिगत ऋण की जानकारी दी

रिजवान कासिम। मेवात



महिलाओं को चेक वितरित करतीं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी व हरियाणा महिला विकास निगम की चैयरपर्सन बबीता फौगाट।

**हरियाणा** महिला विकास निगम की अध्यक्ष बबीता फौगाट ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए व्यक्तिगत कारोबार स्थापित करने के लिए बैंकों के माध्यम से तीन लाख रुपये तक का ऋण दिलवाने की विभिन्न योजनाएं शुरू की गई हैं। बबीता फौगाट शुक्रवार को जिला में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेला योजना के तहत स्वीकृत पात्र लोगों को शिक्षा ऋण एवं व्यक्तिगत ऋण योजना के सब्सिडी चेक वितरण समारोह में लोगों को संबोधित कर रही थी।

हरियाणा महिला विकास निगम की अध्यक्ष बबीता फौगाट ने 38 लाभार्थियों को लगभग 05 लाख रुपये की अनुदान राशि के चेक वितरण किए। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए प्रदेश सरकार निरंतर प्रयासरत हैं। जरूरतमंद महिलाओं को अपना स्वयं का रोजगार शुरू करने के लिए सब्सिडी पर आधारित ऋण की सुविधा दी गई है। यह ऋण प्राप्त कर कोई भी महिला अपनी समुदाय, सामाजिक और व्यक्तिगत सेवा गतिविधियां सैलून, ब्यूटी पार्लर, जिम, बुटीक, सिलाई की दुकानें, ड्राई क्लीनिंग, साइकिल और मोटरसाइकिल मरम्मत की दुकानें, डीटीपी और फोटोकॉपी सुविधाएं, दवा की दुकानें, कूरियर एजेंट आदि। खाद्य उत्पाद क्षेत्र पापड़ बनाना, आचार बनाना, जैम/जेली बनाना, ग्रामीण स्तर पर कृषि उपज संरक्षण, मिठाई की दुकानें, छोटे सेवा खाद्य स्टाल और दैनिक खानपान/कैंटीन सेवाएं, कोल्ड चेन वाहन, कोल्ड स्टोरेज, बर्फ बनाने वाली इकाइयां, आइसक्रीम बनाने की इकाइयां, बिस्किट, ब्रेड और बन बनाना आदि है। कपड़ा उत्पाद क्षेत्र/ गतिविधि हथकरघा, खादी गतिविधि, चिकन का काम, जरी और जरदोजी का काम, पारंपरिक कढ़ाई और हाथ का काम, पारंपरिक रंगाई और छपाई। परिधान डिजाइन, बुनाई, कपास की ओटाइ, कम्प्यूटर द्वारा कढ़ाई, सिलाई और अन्य कपड़ा गैर-परिधान उत्पाद जैसे बैग, वाहन सहायक उपकरण, फर्निशिंग सहायक उपकरण, आदि। व्यापारियों और दुकानदारों के लिए व्यावसायिक ऋण उनकी दुकानें और व्यावसायिक गतिविधियों/सेवा उद्यमों को चलाने के लिए वित्तीय सहायता और गैर कृषि आय पैदा करने वाली गतिविधियां आदि। सूक्ष्म इकाइयों के लिए उपकरण वित्त योजना आवश्यक मशीनरी/उपकरण आदि खरीदकर सूक्ष्म उद्यम स्थापित करना। कृषि से संबंधित गतिविधियां जैसे मछली पालन, मधुमक्खी पालन, मुर्गी पालन, एकत्रीकरण कृषि उद्योग आदि अपना स्वयं का रोजगार शुरू कर सकती हैं। सरकार द्वारा दिए गए ऋण पर सरकार सब्सिडी दे रही है।

### कॉमनवेल्थ व राजनीति पर बोली बबीता फौगाट

**बबीता** फौगाट ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए कुलदीप बिश्नोई का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के काम से प्रभावित होकर उन्होंने पार्टी को ज्वाइन किया है। भाजपा की नीतियों के विचारों को आगे लेकर जाएंगे, ऐसा विश्वास करते हैं। कॉमनवेल्थ खेलों में मैडल को लेकर पहलवान बबीता फोगाट ने कहा कि खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत की है। बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। राष्ट्रमंडल खेलों में वह मेहनत दिखाई दे रही है। बैडमिंटन, बॉक्सिंग, वेटलिफ्टिंग इत्यादि में खिलाड़ियों ने जोश दिखाया है। वह मेडल तालिका में शामिल हुए। महिलाओं ने गजब का परचम लहराया है। इतिहास रच दिया है। बबीता फोगाट ने कहा कि अभी प्रदर्शन और खेल बाकी है। अभी बाकी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देना चाहती हूं कि वह जोश के साथ अपनी उपथिति दर्ज कराए, जोश के साथ 100 प्रतिशत देकर आए, परिणाम आपके सामने होंगे और पूरा देश आपके स्वागत का इंतजार कर रहा है। आप मेडल लेकर आइए, इसका इंतजार पूरा देश कर रहा है।

### हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना के लिए पात्रता

**इस** योजना का लाभ उसी महिला को दिया जाएगा, जो हरियाणा की स्थाई निवासी है। जिनकी परिवार पहचान पत्र में सत्यापित आंकड़ों के आधार पर वार्षिक आय पांच लाख रुपये या इससे कम है। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए महिला की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदक द्वारा किसी भी योजना के तहत लिए गए लोन में डिफाल्टर नहीं होना चाहिए।

### योजना का ऋण पैटर्न

**इस** योजना के तहत हरियाणा महिला विकास निगम की ओर से तीन साल के लिए 7 प्रतिशत ब्याज पर तीन लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा। ऋण के संवितरण के बाद अधिस्थगन अवधि तीन महीने की होगी। इस योजना को वित्तीय संस्थानों द्वारा बिना संपार्श्विक सुरक्षा के कवर किया जाएगा।

### शिक्षा पर आधारित ऋण

**हरियाणा** महिला विकास निगम की अध्यक्ष बबीता फोगाट ने कहा कि कोई भी महिला अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए निगम के माध्यम से शिक्षा ऋण ले सकती है ताकि पैसों की तंगी में किसी भी बच्चे की पढ़ाई बाधित ना हो यह शिक्षा रन सरकार द्वारा सब्सिडी पर दिया जाता है।

पायनियर क्लासीफाइड

बेदखली सूचना

मै, रविन्द्र कुमार पुत्र स्व0 रामजी लाल व रानी देवी पत्नी श्री रविन्द्र कुमार निवासीगण म0 नं0 917-918, न्यु जनता कालोनी, फरीदाबाद हरियाणा के है। संदीप, रविन्द्र कुमार के साडूं व रानी देवी की बहन का पुत्र है व नीतू संदीप की पत्नी है ओर कृष्णा संदीप का पुत्र है। हम संदीप व उसकी पत्नी नीतू व उनका पुत्र कृष्णा को अपनी चल-अचल सम्पत्तियों से बेदखल करते है, जो कि हमारी आज्ञा में नहीं है। उनके द्वारा किए गये किसी सम्बन्ध, कार्य, पुराना व नया पैसे का लेन-देन, झगड़ा, मार-पीट, पुलिस केस, कोर्ट केस आदि से हमारा व हमारे परिवार के किसी सदस्य का कोई लेना-देना नहीं होगा। हमारी सम्पत्ति पर उनका कोई अधिकार नही होगा। हमारा कोई कानूनी रिश्ता नहीं होगा।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका तावडू की कर शाखा के सम्पत्ति कर रिकार्ड में प्रोपर्टी आई.डी. नम्बर 051511173/1/06 पर रिक्त स्थान है।किसी भी व्यक्ति का नाम दर्ज नहीं है।जिसे सीमा पत्नी योगेंद्र ने अपने नाम दर्ज कराने के लिए आन लाईन आवेदन किया है। यदि किसी भी जनसाधारण को सन्दर्भित आई.डी. आवेदक के नाम दर्ज होने में कोई आपत्ति है तो वह 8 दिन के अन्दर नगरपालिका तावडू (नूंह) में अपनी आपत्ति दर्ज कराएं, अन्यथा यह प्रोपर्टी आई.डी.आवेदक के नाम दर्ज कर दी जायेगी। जिसके लिए नगरपालिका तावडू व आवेदक उत्तरदायी नहीं होगा।

आवेदक
सीमा पत्नी योगेंद्र निवासी तावडू जिला नूंह -122105

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# डेटा विधेयक वापस

## बनेगा नया कानून

**भारी** विरोध के चलते केन्द्र ने अंततः पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल, 2019 वापस कर लिया है। संसद की संयुक्त समिति में व्यापक चर्चा के बाद केन्द्र द्वारा पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल, 2019 की वापसी एक सही कदम है। इसमें 81 संशोधनों का प्रस्ताव किया गया था, जबकि डिजिटल परिस्थितिकी में समग्र कानूनी ढांचे के लिए एक दर्जन संस्तुतियां की गई थीं। संयुक्त संसदीय समिति-जेसीपी रिपोर्ट पर विचार करने के बाद सरकार ने कहा कि वह समग्र विधिक ढांचे पर काम कर रही है। इसलिए उसने समग्र विधिक ढांचे के लिए नया कानून लाने का प्रस्ताव किया। वापस लिए विधेयक ने बड़े तकनीकी तथा सिविल सोसाइटी समूहों को परेशान किया था। फेसबुक, ट्विटर, गूगल, आदि इस विधेयक के प्राविधानों के प्रति असहज थे। इससे उनके तथा सरकार के बीच कुछ नाराजी पैदा हुई थी। कुछ समय के लिए इसका असर भारत-अमेरिका संबंधों पर भी पड़ा था। 2019 के विधेयक को व्यक्तिगत स्वतंत्रता व निजता के उल्लंघन के आधार पर आलोचना का शिकार होना पड़ा था। वास्तव में विधेयक बनाने वाली समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायाधीश बी.एन. श्रीकृष्ण संसद में पेश प्रारूप के अत्यधिक आलोचक थे। उन्होंने दिसंबर, 2019 में कहा था कि इसमें केन्द्र को कुछ या सभी प्राविधानों से बाहर रखा गया था। उन्होंने कहा था कि यह विधेयक 'खतरनाक' था जो भारत को 'आर्वेल राज्य' में बदल सकता था। उनकी आपत्ति थी कि सरकार ने सुरक्षा उपाय हटा दिए थे जिनका अर्थ था कि सरकार कभी संप्रभुता या सार्वजनिक व्यवस्था के नाम पर व्यक्गित डेटा तक पहुंच बना सकती थी।



यह उल्लेख करना जरूरी है कि पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल, 2019 अच्छे इरादों से लाया गया था। इसके पीछे विचार पर्सनल डेटा के संबंध में व्यक्तियह्मों की निजता को संरक्षण देना तथा पर्सनल डेटा का प्रवाह व प्रयोग परिभाषित करना था। इससे व्यक्तियों तथा पर्सनल डेटा का प्रसंस्करण करने वाले लोगों के बीच विश्वास का संबंध विकसित होता, पर्सनल डेटा प्रसंस्करण वाले लोगों के अधिकारों को सुरक्षा मिलती तथा डेटा प्रसंस्करण का संगठनात्मक व तकनीकी ढांचा तैयार होता। इसका उद्देश्य सोशल मीडिया मध्यस्थों के लिए मानक, सीमापार हस्तांतरण, पर्सनल डेटा प्रसंस्करण करने वाले उद्यमों की जवाबदेही, अनाधिकृत व हानिकारक प्रसंस्करण के उपचार तथा भारत में डेटा संरक्षण अधिकरण की स्थापना थी। यह किसी भावी इतिहासकार या न्यायशास्त्र विशेषज्ञ की दिलचस्पी का विषय हो सकता है क विधायन तैयार करने वाले मुख्य व्यक्ति के लिए यह 'आर्वेलियन' कैसे हो गया। हालांकि, यह देख कर खुशी होती है कि सरकार ने समय रहते विधेयक की आलोचना पर ध्यान दिया और अहंकारी या स्वयं को सही ठहराने वाला दृष्टिकोण अपनाने के बजाय विधेयक को वापस ले लिया। सरकार को यह सलाह देना उचित होगा कि इसी भावना पर चलते हुए वह न केवल विपक्षी पार्टियों, बल्कि इंटरनेट स्वतंत्रता समूहों, नागरिक स्वतंत्रता एक्टिविस्टों, जनमत निर्धारित करने वालों, बड़ी तकनीकी कंपनियों, आदि से विचार विमर्श कर पर्सनल डेटा संरक्षण कानून बनाए। बिना कोई जल्दबाजी दिखाए डेटा संरक्षण कानून से जुड़े सभी पक्षों के साथ व्यापक विचार-विमर्श से यह कानून जीवन्त बनाया जा सकता है। व्यापक विचार विमर्श व सहमति से बनने वाले ऐसे नए कानून से निश्चित रूप से डेटा संरक्षण को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# अमृत काल में प्रशासनिक सुधार जरूरी

सरकार को फौरन प्रशासनिक सुधार लागू करने की शुरुआत करनी चाहिए क्योंकि 45 प्रशासनिक सुधार समितियों की रिपोर्टें धूल खा रही हैं।

**वी.जे. नरसिम्हा राव**
(लेखक, तेलंगाना मुख्यमंत्री के पीआरओ हैं)



स्वतंत्रता के पश्चात केन्द्र की अनेक सरकारों ने प्रशासनिक सुधारों के लिए 45 से अधिक आयोगों व समितियों का गठन किया है। इनमें पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार तथा वर्तमान समय में कार्यरत भाजपा सरकार तथा थोड़े समय के लिए आने वाली अन्य सरकारें भी शामिल हैं। दुर्भाग्य से इनकी अधिकांश संस्तुतियां केवल कागजों पर ही बनी रहीं जो आज संदर्भ के लिए आसानी से उपलब्ध हैं। सिविल सोसाइटी में नीतिगत मामलों पर 'वाचडाग' की अनुपस्थिति के कारण केन्द्र सरकारों ने कोई फालोअप कार्रवाई नहीं की, प्रशासन लापरवाह बना रहा तथा उसने प्रशासनिक सुधार आयोगों की रिपोर्टों की अनदेखी की।

वर्तमान समय में स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने का आयोजन 'आजादी का अमृत महोत्सव' के नाम से मनाया जा रहा है। ऐसे में प्रशासन में जवाबदेही व बेहतर पारदर्शिता लाने के लिए प्रशासनिक सुधार की लाभदायक संस्तुतियों की समीक्षा कर उनको लागू करना उचित होगा। इस दिशा में एक उल्लेखनीय व गंभीर प्रयास 24 मई, 1997 को मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन में किया गया था। इसका नतीजा केन्द्र व राज्यों के स्तर पर प्रभावी सरकारों के लिए 9 बिंदुओं वाली कार्ययोजना के प्रारूप पर समग्र चर्चा के रूप में सामने आया था। हालांकि, इन चर्चाओं की अध्यक्षता करने वाले तत्कालीन प्रधानमंत्री आई.के. गुजराल केवल एक साल पद पर रहे। इस सम्मेलन ने स्वीकार किया था कि देश ने स्वतंत्रता के पचास साल पूरे कर लिए हैं, लेकिन जनता के मन में प्रशासन की जवाबदेही, प्रभावशीलता तथा नैतिक मानकों के प्रति संदेह गहराते जा रहे हैं। इस बात पर सहमति प्रकट की गई थी कि तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाने चाहिए ताकि जनता में सरकार की विश्वसनीयता बहाल करने के लिए प्रशासन को जनता के प्रति न्यायोचित, निष्ठावान व जवाबदेह बनाने के प्रयास किए जाएं। सम्मेलन में सहमति बनी थी कि हर राज्य योजना के क्रियान्वयन पर काम करेगा, हालांकि स्थानीय परिस्थितियों को देखते हुए उपयुक्त छूट की व्यवस्था भी थी। मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन ने तय किया था कि केन्द्र व राज्य सरकारों को एकसाथ आ कर जवाबदेही, पारदर्शिता व नागरिक-हितैषी सरकार की कार्ययोजना को मजबूत बनाने का काम करना चाहिए।

कार्ययोजना के 9 बिंदुओं में नागरिक चार्टर व जवाबदेह प्रशासन, प्रभाव व गतिशील सार्वजनिक शिकायत समाधान व्यवस्था, ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में निर्वाचित स्थानीय स्वशासी संस्थाओं को मजबूत करना, सेवायें प्रदान करने का विकेन्द्रीकरण तथा कानूनों, विनियमों व प्रक्रियाओं की समीक्षा शामिल थे। इनमें पारदर्शिता व सूचना का अधिकार, सरकारी कार्यालयों में जनता की सूचनाओं तक पहुंच व सुविधा देने वाले काउंटरों का गठन, सरकारी कर्मचारियों के लिए नैतिकता के मापदंड, भ्रष्टाचार से निपटना व प्रशासन को स्वच्छ करना तथा कार्यकाल की स्थिरता व सिविल सर्विस बोर्ड गठन की योजनायें भी शामिल थीं।

सम्मेलन ने कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने का सुझाव दिया जिसमें देश के कुछ प्रमुख सचिव तथा भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होते। समिति को प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में विधिक व नियामक सुधारों के लिए समयबद्ध एजेंडा तैयार करना था। इसके साथ ही उसे उन कदमों पर विचार करना था जिनसे विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्रों की व्यापक स्वीकार्यता सुनिश्चित हो तथा जवाबदेह प्रशासन के लिए जनता से फीडबैक प्राप्त किया जाए। इसके बाद तत्कालीन राजग सरकार ने नवंबर, 2001 में प्रशासनिक सुधार व सार्वजनिक शिकायत विभाग के अतिरिक्त सचिव को अध्यक्ष बना कर एक कोर समूह गठित किया था। इस समूह को केन्द्र व राज्य सरकारों के स्तर पर उठाए गए विभिन्न महत्वपूर्ण प्रशासनिक सुधारों की स्थिति जांचने, सरकार में प्रशासनिक सुधारों की समीक्षा करने तथा केन्द्र व राज्य सरकारों में सुशासन को बढ़ाने के सुझाव देने की जिम्मेदारी दी गई। इस कोर समूह ने एक उप-समिति गठित करने का निर्णय किया जिसका उद्देश्य राज्य सरकारों की प्रतिक्रिया को समेकित कर उसका विश्लेषण व मूल्यांकन करना था। यह लेखक भी इस उप-समूह का एक सदस्य था। प्राथमिक अध्ययन के बाद इस उप-समूह ने नतीजा निकाला कि केन्द्र सरकार, राज्य सरकारों व केन्द्रशासित क्षेत्रों के प्रशासन ने मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन की संस्तुतियों के क्रियान्वयन में कदम उठाए हैं। शुरुआत में इस मामले में काफी प्रगति हुई तथा अधिकांश राज्यों ने कार्ययोजना के क्रियान्वयन में तत्परता दिखाई। नागरिक चार्टर बनाए गए तथा सार्वजनिक सुविधा केन्द्रों की स्थापना हुई। लेकिन कोर समूह व उप-समूह को लगता था कि मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति अभी बहुत संतोषजनक नहीं है।

हालांकि, अटल बिहारी वाजपेयी नीत राजग सरकार ने सूचना स्वतंत्रता विधेयक पास किया, लेकिन केन्द्र व राज्य नियम-विनियम निर्धारित करने में विफल रहे जिसके कारण कानून का क्रियान्वयन नहीं हुआ। जब संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन-संप्रग सरकार का गठन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व में हुआ, तभी सूचना अधिकार कानून-आरटीआई पास हुआ तथा उसे लागू किया गया। लेकिन इसके बाद इसके क्रियान्वयन की प्रभावशीलता कमजोर होने लगी जो निश्चित रूप से उम्मीद के अनुसार नहीं था। हालांकि, इसके बावजूद आरटीआई कानून बना रहा। इसके बाद सभी जानते हैं कि राज्यों व केन्द्र स्तर पर इसका कैसा क्रियान्वयन हुआ। हर राज्य व इस दृष्टिकोण से केन्द्र सरकार की प्रशासनिक सुधार की अपनी समझ थी। इसके साथ ही देश की स्वतंत्रता के पचास साल पूरे हाने पर मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन में बनी कार्ययोजना हाशिए पर चली गई।

अब हम स्वतंत्रता के 75 साल पूरे होने का उत्सव मना रहे हैं। मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री कार्यकाल में भारत के राष्ट्रपति ने 31 अगस्त, 2005 को दूसरे प्रशासनिक सुधार आयोग-एआरसी का गठन किया। इसे कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री वीरप्पा मोईली की अध्यक्षता में सार्वजनिक प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार का विस्तृत ब्लूप्रिंट तैयार करना था। आयोग को ऐसे उपाय सुझाने को कहा गया था जिनसे देश में सरकार के सभी स्तरों पर सक्रिय, जवाबदेह, संवेदनशील, टिकाऊ व सक्षम प्रशासन का लक्ष्य प्राप्त हो सके। आयोग से आशा थी कि वह भारत सरकार के सांगठनिक ढांचे, प्रशासन की नैतिकता, कार्मिक प्रशासन में सुधार, वित्तीय प्रबंधन व्यवस्थाओं में मजबूती, राज्य स्तर पर प्रभावी प्रशासन सुनिश्चित करने के कदम, जिला प्रशासन को प्रभावी बनाना सुनिश्चित करने के कदम, स्थानीय स्वशासी सरकारों व पंचायती राज व्यवस्थाओं तथा सामाजिक पूंजी, विश्वास व सरकारी सेवाओं में सहभागिता पर विचार करे। इसके साथ ही आयोग को नागरिक-केन्द्रित प्रशासन, ई-गवर्नेंस को प्रोत्साहित करने, संघीय नीति के मुद्दों तथा आपदा प्रबंधन व सार्वजनिक व्यवस्था के मुद्दों पर भी विचार करना था।

आयोग ने जून, 2006 से अपनी विस्तृत 15 रिपोर्टें पेश की। ये रिपोर्टें सूचना अधिकार-सुशासन की मुख्य कुंजी, मानव पूंजी मुक्त करना-अधिकार एवं प्रशासन-एक केस स्टडी, आपदा प्रबंधन, प्रशासन में नैतिकता, सार्वजनिक व्यवस्था, स्थानीय स्वशासन, टकराव प्रबंधन हेतु क्षमता निर्माण, न्याय की सुरक्षा से आतंकवाद से मुकाबला, सामाजिक पूंजी-एक साझा भविष्य, कार्मिक प्रबंधन में सुधार-नई ऊंचाइयां, ई-गवर्नेंस प्रोत्साहन का स्मार्ट तरीका, नागरिक केन्द्रित प्रशासन, भारत सरकार का सांगठनिक ढांचा, वित्तीय प्रबंधन व्यवस्थाओं को मजबूत करना तथा राज्य व जिला प्रशासन पर हैं। लेकिन इन रिपोर्टों की संस्तुतियों पर विचार व उनका क्रियान्वयन अभी शुरू नहीं हुआ है। शायद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले आठ साल में इस क्षेत्र पर विचार नहीं किया है। हालांकि, सरकार से उम्मीद की जाती है कि वह पहले की प्रशासनिक सुधार रिपोर्टों पर विचार कर उचित समझने पर उनकी संस्तुतियों का क्रियान्वयन कर सकती है।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ कठोर कार्रवाई



**वी.के. बहुगुणा**
(लेखक सेंटर फॉर रिसोर्स मैनेजमेंट एंड एनवायरनमेंट के अध्यक्ष हैं)

विडंबना है कि आजकल व्यवस्था का पतन नीति निर्माताओं और न्यायपालिका का ध्यान उतनी गहनता से आकर्षित नहीं कर पा रहा है जैसे करना चाहिए। पश्चिम बंगाल के दो मंत्रियों के सहयोगियों के आवासों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा हाल ही में की गई छापेमारी में 40 करोड़ रुपये से अधिक नकद, आभूषण व दस्तावेज बरामद किए गए हैं। पार्थ चटर्जी और उनकी करीबी अर्पिता दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके पहले जून 2022 में, पंजाब के मंत्री विजय सिंगला को उनके सहयोगियों के साथ पैसे की मांग के लिए मंत्री बनने के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया गया था। जून के महीने में पंजाब के एक और आईएएस अधिकारी संजय पोपली को रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। कुछ महीने पहले मई 2022 में झारखंड की खनन सचिव पूजा सिंघल, एक आईएएस अधिकारी और उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट के आवास पर छापेमारी की गई थी और प्रवर्तन निदेशालय-ईडी ने 19 करोड़ रुपये से अधिक की बरामदगी की थी। कुछ महीने पहले महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख को अप्रैल 2022 में सीबीआई ने भ्रष्टाचार के आरोप और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में गिरफ्तार किया था। पुलिस निरीक्षक सचिन वाजे और मंत्री के निजी सचिव और सहायक को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोप था कि मंत्री ने वाजे को हर महीने 200 करोड़ रुपये जमा करने का निर्देश दिया था।

सीबीआई द्वारा 2017 में भ्रष्टाचार का मामला दर्ज करने के बाद दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को ईडी ने 4.8 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में गिरफ्तार किया था। ओडिशा कैडर के एक भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अधिकारी अभय कांत पटनायक को नवंबर 2020 में चार्टर्ड उड़ानों में यात्रा करने के लिए 3 करोड़ रुपये खर्च करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था और उनके बेटे के बैंक खाते में एक बड़ी धनराशि प्राप्त हुई।

पिछले 15 वर्षों से उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा आयोग एक तरफ भर्ती घोटालों को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहता है और दूसरी तरफ युवा जनशक्ति को श्रमशक्ति प्रबंधन के लिए की जाने वाली आउटसोर्सिंग गतिविधियों के घोटालों में फंसा दिया जाता है। इसी तरह, उत्तर प्रदेश में पिछली गैर-भाजपा सरकार के कार्यकाल में एक लोक सेवा आयोग प्रमुख की योग्यता ही संदिग्ध पाई गई, जिसने खुलेआम प्रांतीय सेवाओं में अधिकारियों की भर्ती में एक बड़ा घोटाला किया था। हालांकि, अनेक मामलों में कार्रवाई की गई है, लेकिन यह भ्रष्टाचार की व्यापक



समस्या को देखते हुए नाकाफी है। ऐसा लगता है कोई भी अनेक प्रदेश सरकारों में मंत्रियों की इस तरह की गिरफ्तारी और उनके द्वारा संस्थानों को भ्रष्टाचार के दलदल में डुबा कर नष्ट करने को गंभीरता से नहीं ले रहा है। मेरे द्वारा इन मामलों के वर्णन करने का मकसद देश की मूल अंतरात्मा को अहसास दिलाना है कि हमारे देश में खासकर राज्यों में शासन व्यवस्था सड़ने लगी है। व्यवस्था का ह्रास कानून-निर्माताओं व न्यायपालिका का ध्यान उस हद तक आकर्षित नहीं कर रहा है जितना कि शासन के इन संस्थानों को करना चाहिए। इस तरह की खबरें आजकल बहुत आम हो गई हैं और लगता है लोगों ने इसे न्यू नॉर्मल मान लिया है। विडंबना है कि इससे समाज में भ्रष्टाचार के प्रति व्याप्त संवेदनशीलता भी प्रभावित होती है। यदि हम मौजूदा परिदृश्य को ध्यान में रखें, तो ऐसा लगता है कि लोकतांत्रिक संस्थाएं सच्चाई व जवाबदेही को स्वीकारने की ईमानदारी की ओर गंभीरता से ध्यान नहीं देती हैं। यह अंततः वर्तमान लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति विश्वास को मिटा देगा और इतिहास उदाहरणों से भरा है कि जो समाज गलतियों से नहीं सीखते हैं वे तानाशाही ताकतों को उभरने का मौका देते हैं या बिखर जाते हैं।

श्रीलंका इस बात का ताजा उदाहरण है कि कैसे 40 वर्षों में विभाजनकारी राजनीति और भ्रष्टाचार ने देश को बर्बाद कर दिया। संक्षेप में, देश की शासन संस्थाएं सुधारों के लिए बेचैन हैं। आय के ज्ञात स्त्रोत से अधिक संपत्ति की जब्ती का प्रावधान करने के लिए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में संशोधन किया जाना चाहिए। राजनीतिक दलों को सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 2(एच) के तहत लाया जाना चाहिए ताकि पैसे के मामले में और अपराधियों को टिकट देने में मतदाता को जानने का अधिकार हो।

दल-बदल विरोधी कानून पूरी तरह से विफल हो गया है और इसे पूरी तरह से खत्म कर दिया जाना चाहिए। सांसदों और विधायकों के बेलगाम आचरण को रोकने के लिए एक मजबूत आचार संहिता विकसित की जानी चाहिए और पीठासीन अधिकारियों को ऐसे सदस्यों को शेष सत्र से निष्कासित करने का अधिकार दिया जाना चाहिए और आदतन कदाचार ऐसे सदस्यों को अगले छह वर्षों के लिए चुनाव लड़ने से रोकने के लिए पर्याप्त होगा। इसी तरह, लोकतांत्रिक विरोध के नाम पर सड़कों को अप्रत्याशित व मनमाने ढंग से जाम करने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने को दंडनीय अपराध बनाया जाना चाहिए और लोकतांत्रिक विरोध के लिए प्रशासन द्वारा कोई विशिष्ट स्थान निर्धारित किया जाना चाहिए जैसा कि हमारे पास जंतर मंतर पर है। सांसदों और विधायकों की स्थानीय क्षेत्र विकास निधि को जिला विकास योजनाओं में पूर्व स्वीकृत योजनाओं से जोड़ा जाए ताकि इन योजनाओं को बजट में शामिल किया जा सके। संविधान में संशोधन और 'जनमत संग्रह' का प्रावधान करने की आवश्यकता है ताकि जनसंख्या नियंत्रण और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे कुछ राष्ट्रीय मुद्दों पर निर्णय लेने के लिए प्रत्यक्ष लोकतंत्र का अभ्यास किया जा सके ताकि विकास के प्रतिफल खराब न हों।

सिविल सेवाओं को जवाबदेह बनाया जाना चाहिए और अक्षम, असंवेदनशील और भ्रष्ट नौकरशाहों को बाहर निकालने के लिए समय-समय पर समीक्षा-प्रक्रिया शुरू की जानी चाहिए। इस उद्देश्य के लिए तथा सिविल सेवकों को शक्तियों के दुरुपयोग हेतु दंडित करने के लिए एक सिविल सेवा ब्यूरो बनाया जा सकता है। भ्रष्टाचार के प्रसार को, जिसमें ढिलाई, विलंब व जानबूझकर मनमाना कृत्य शामिल हैं, वित्तीय भ्रष्टाचार से परे पुनः परिभाषित कर इसके लिए कठोर दंड की व्यवस्था की जानी चाहिए जिसमें नौकरी से निकालना प्रमुख हो।

## आप की बात

### खैरात से मुक्ति

**सत्ता** में बैठने या बने रहने या चुनाव जीतने के लिए सियासी दल जनता से मनमाने ढंग से चुनावी वायदे करते रहते हैं, क्योंकि अपनी जेब से इन्हें कोई खर्च नहीं करना पड़ता, बल्कि वादों की पूर्ति शासकीय खजाने के खर्च से होती है। इसके मद्देनजर पीएम ने मुफ्त की रेवड़ी को देश के लिए घातक बताया तथा सुप्रीम कोर्ट ने भी सियासी दलों को मतदाता से अव्यावहारिक वादे न करने को कहा है। वस्तुतः ऐसा कोई कानून नहीं बन पाने से वायदे की सीमा तय नहीं की जा सकी। मुफ्त की योजनाएं या रेवड़ी बांटने का काम बंद करने हेतु वायदे के मानदंड बदलने के साथ एक सीमा तय करना होगी तथा योजनाओं के क्रियान्वयन तथा जवाबदेही में व्याप्त खामियां दूर करनी होंगी। अच्छा हो कि फिजूलखर्ची की घोषणाओं को पूर्णतया प्रतिबंधित किया जाय, और उल्लंघन होने पर सियासी दल की मान्यता समाप्त करने के भी प्रावधान किए जाएं ताकि देश में पुरुषार्थियों की संख्या में वृद्धि भी हो सके। उम्मीद करनी चाहिए कि सभी दलों के राजनेता स्वतंत्रता के अमृत काल में देश को खैरात से मुक्त कर जनता को सचमुच विकास के मार्ग पर ले जाने की दिशा में काम करेंगे। इससे उनकी स्थिति भी मजबूत होगी।

-**बी एल शर्मा**, उज्जैन

### बाइडेन की विजय

**अमेरिकी** राज्य कन्सास में हुए जनमत संग्रह के परिणामों को अगर देश का रुख माना जाये तो ये राष्ट्रपति जो बाइडेन एवं उनकी डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए भारी खुशखबरी का अग्रिम संकेत हैं। यहां न सिर्फ स्थानीय रूप से रिपब्लिकन पार्टी के गवर्नर सत्ता में बैठे हैं। बल्कि पिछले राष्ट्रपति चुनाव में यहां के लोगों ने खुलकर डोनाल्ड ट्रम्प के विभाजनकारी विचारों का समर्थन करते हुए उन्हें जीत दिलाई थी। मगर गर्भपात के मामले में वहां के लोगों ने रूढ़िवादी रिपब्लिकनों का साथ नहीं दिया। दो महीने पहले अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने रो वी वेड, 1973 के फैसले को उलट दिया था, जिसने देश भर में गर्भपात को वैध कर दिया था। अब आशा करनी चाहिए कि बाद में बाकी राज्यों में भी अगर जनमत संग्रह कराये जायेंगे तो रूढ़िवादियों की हार होगी। अब देखना ये होगा कि क्या आगामी नवंबर में जो, मध्यावधि चुनाव होना तय है, उसमें गर्भपात मुद्दा बन पायेगा? रिपब्लिकन की विचारधारा को गहरा आघात लगा है। वे तो चाहेंगे कि मुद्रास्फीति को ही मुद्दा बनाया जाय। मगर डेमोक्रेट्स गर्भपात के अधिकार को ही जोर शोर से उठाएंगे।

-**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर


### प्राकृतिक खेती

**प्राकृतिक** कृषि को वर्तमान समय और परिस्थितियों के परिपेक्ष्य में बिल्कुल सही कहा जा सकता है। कृषि से जुड़े प्राचीन ज्ञान को हमें न सिर्फ फिर से सीखने की जरूरत है बल्कि उसे आधुनिक समय के हिसाब से तराशने की भी दरकार है। इस समय नई-नई बीमारियों व असमय मृत्यु का सबसे बड़ा कारण हमारा खानपान है। किसानों द्वारा अत्यधिक कीटनाशक दवाओं व खेतों में डाई तथा यूरिया के प्रयोग की वजह से अनेक तरह की लाइलाज बीमारियों ने समस्त मानव जाति को अपनी चपेट में ले लिया है। अनेक तरह के केमिकल व कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि की उर्वरता में भी कमी आती है। अनाजों-सब्जियों के माध्यम से यही जहर हमारे शरीर में जाता है। जिससे कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां लगातार फैल रही हैं। यदि हमें अपने परिवार-समाज को स्वस्थ रखना है तो हमें प्राकृतिक खेती की ओर लौटना ही होगा। सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती पर जोर देने की पहल सराहनीय है। किसानों को भी प्राकृतिक खेती के इस अभियान पर जोर देना चाहिए।

-**नितेश मंडवारिया**, वाराणसी

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**देश** हर-घर तिरंगा अभियान के लिए तैयार है। यह तिरंगे का उत्सव मनाने का सामूहिक आंदोलन है।

- **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**हर-घर** तिरंगा अभियान प्रधानमंत्री मोदी की अपील है, भाजपा की नहीं। कुछ लोग इसमें राजनीति क्यों देखते हैं?

- **धर्मेन्द्र प्रधान**
केन्द्रीय मंत्री



**लोगों** को जबरन राष्ट्रीय ध्वज खरीदने को मजबूर किया जा रहा है। देशभक्ति भीतर से पैदा होती है, इसे थोपा नहीं जा सकता है।

- **महबूबा मुफ्ती**
पीडीपी नेता

# तिरंगा ध्वज हमारे आत्म सम्मान और आजादी का है प्रतीक

## तिरंगा यात्रा को उपायुक्त ललित सिवाच ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## आईटीआई से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



जिला स्तरीय तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीसी ललित सिवाच।

**आजादी** का अमृत महोत्सव की श्रृंखला में पूरे देशभर में मनाए जा रही हर तिरंगा अभियान के तहत जिला में अभियान का आगाज हो चुका है। जिला के सभी शिक्षण संस्थान, राजनीतिक व सामाजिक संगठन सभी मिलकर इस अभियान को एक जन क्रांति का रूप देने का कार्य कर रहे हैं।

हर घर तिरंगा अभियान की इसी कड़ी में शुक्रवार को शहर स्थित आईटीआई संस्थान से जिला स्तरीय तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया गया। उपायुक्त ललित सिवाच ने इस तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपायुक्त ने कहा कि बारिश की बीच हमारे युवा जिस प्रकार अपने तिरंगा के प्रति सम्मान की भावना दिखाते हुए तिरंगा यात्रा में शामिल हुए हैं वो अपने आप में ऐतिहासिक पल है।

उपायुक्त सिवाच ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान हमारे लिए किसी त्योहार से कम नहीं है, क्योंकि इस तिरंगे की आन-बान-शान के लिए हमारे कितने वीर योद्धाओं ने अपने प्राणों का त्याग किया है। इसलिए हमें अपने वीर सपूतों द्वारा किए गए त्याग को नहीं भूलना चाहिए और सभी को मिलकर एक पर्व की तरह अपने घरों पर तिरंगा झंडा फहराना चाहिए।

उपायुक्त ने कहा कि तिरंगा हर भारतीय के आत्म सम्मान व देश की आजादी का प्रतीक है और हमारा इतिहास भी रहा है कि हमने अपने तिरंगे के सम्मान को कभी कम नहीं होने दिया, चाहे हमें इसके लिए अपने प्राणों की ही आहूति क्यों न देनी पड़ी। उपायुक्त ने सभी जिलावासियों का आह्वान किया कि हर घर तिरंगा को सफल बनाने के लिए सभी 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों में तिरंगा अवश्य फहराएं और पूरे विश्व के सामने अखंड भारत का उदाहरण पेश करें।

### तिरंगे के रंग में रंगा शहर

**तिरंगा** यात्रा आईटीआई संस्थान से शुरू होकर शहर के कई हिस्सों से निकली, जिसके कारण पूरा शहर तिरंगे के रंग में रंगता दिखाई दिया। बच्चों के भारत माता की जय और इंकलाब जिंदाबाद के नारे से सारा शहर गूंज उठा। शहर के जिस हिस्से से यह तिरंगा यात्रा निकली सभी लोगों ने तिरंगे के सम्मान में अपने घरों से निकालकर भारत माता की जय बोलते हुए तिरंगे झंडे को शैल्यूट किया। तिरंगा यात्रा में विभिन्न स्कूलों के छात्रों, आईटीआई, पॉलिटेक्निक के छात्र, एनसीसी कैडेट्स और कॉलेज के विद्यार्थियों सहित अनेक सामाजिक संगठनों ने भी भाग लिया। मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त शांतनू शर्मा, एसडीएम सोनीपत शशि वसुंधरा, एसडीएम खरखौदा शिखा, तहसीलदार सोनीपत मनोज अहलावत, आईटीआई संस्थान के प्राचार्य विक्रम सिंह, पॉलिटैक्निक संस्थान के प्राचार्य अनिल सहरावत और डीएसओ शर्मिला राठी सहित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

# फसल खराब होने की स्थिति में किसानों को दिलाएंगे मुआवजा : कृषि मंत्री दलाल

## कहा, खेतों से पानी निकलवाने की जिम्मेदारी मेरी, जल्द से जल्द करवाएंगे निकासी

## पानी दो दिन के भीतर नहीं निकाला तो अधिकारियों के खिलाफ करेंगे सख्त कार्रवाई

रणबीर रोहिल्ला। सोनीपत



गोहाना-बरोदा हलकों के गांवों का दौरे के दौरान लोगों से बातचीत करते कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जय प्रकाश दलाल।

**हरियाणा** के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जय प्रकाश दलाल ने गोहाना-बरोदा हलकों के गांवों का दौरा करते हुए किसानों को आश्वस्त किया कि खेतों से पानी निकलवाने की जिम्मेदारी उनकी है। वे इसी काम के लिए आये हैं, जिसे समयबद्धता के साथ पूरा करवाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन किसानों की फसल खराब हुई है उन्हें सरकार से मुआवजा दिलाया जाएगा।

कृषि मंत्री जय प्रकाश दलाल ने जल भराव की स्थिति का समीक्षात्मक दौरा करते हुए संबंधित अधिकारियों को पानी निकासी के कड़े निर्देश दिए। दौरे की शुरुआत उन्होंने कथूरा गांव से की, जहां पहले उन्होंने ग्रामीणों की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज वे खेतों से पानी निकलवाने के लिए ही आये हैं। उन्होंने जानकारी ली कि कितने क्षेत्र में फसलों में पानी भरा हुआ है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि दो दिन के भीतर पानी निकालें। उन्होंने ग्रामीणों को कहा कि वे उनका फोन नंबर ले लें, यदि दिए गए समय में निकासी न हो तो उन्हें सूचित करें। इस संदर्भ में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सख्त चेतावनी भी दी कि समयबद्धता के साथ निकासी सुनिश्चित करें। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने कथूरा से रिंढ़ाना की ओर कूच किया तो बीच रास्ते में उन्हें धनाना के किसान खड़े मिले। उन्होंने गाड़ी रुकवाकर किसानों से बातचीत कर जलभराव की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। धनाना के ग्रामीणों ने निकासी के लिए अतिरिक्त व्यवस्था की मांग की, जिसे कृषि मंत्री ने मौके पर ही स्वीकृत कर लिया। यहां से वे रिंढ़ाना पहुंचे, जहां उन्होंने खेतों में जलभराव की स्थिति का निरीक्षण किया।

कृषि मंत्री रिंढ़ाना से बनवासा की ओर चले तो बरसात शुरू हो गई। बनवासा पहुंचते-पहुंचते बारीश ने तीव्र रूप धारण कर लिया, किंतु कृषि मंत्री रुके नहीं। वे बनवास के पंप हाउस पर पहुंचे, जहां किसानों से सीधी बातचीत करते हुए जल निकासी की समस्या के विषय में पूछा। यहां ग्रामीणों ने ट्यूबवेलों के लिए बिजली कनेक्शन दिलाने की मांग भी की, जिसके लिए उन्होंने मौके पर ही स्वीकृति प्रदान की। साथ ही उन्होंने चंडीगढ़ में आला अधिकारी को फोन पर निर्देश दिए कि वे आगामी दिवस ही गोहाना-बरोदा के जलभराव की स्थिति वाले गांवों का दौरा कर उन्हें विस्तृत रिपोर्ट प्रेषित करें, ताकि समस्या का समाधान किया जा सके। बनवासा के उपरांत कृषि मंत्री दलाल बरोदा गांव में पहुंचे। तेज बरसात के बीच ही उन्होंने किसानों से मुलाकात करते हुए जल निकासी की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान कृषि मंत्री ने किसानों को भरोसा दिया कि फिलहाल जल निकासी के अस्थाई तौर पर पुख्ता प्रबंध किये जायेंगे। इसके साथ ही इस समस्या के स्थाई समाधान की ओर मजबूती से कदम बढ़ाएंगे ताकि भविष्य में किसानों को जल भराव की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कुछ भी करके खेतों से पानी निकालें। इसके लिए और पंप अथवा ट्रैक्टर आदि की जरूरत हो तो लें। ग्रामीणों से भी सहयोग लें और डीजल की व्यवस्था करवाएं। उनकी ओर से जो भी मदद चाहिए उन्हें बतायें। अतिरिक्त संसाधनों का प्रयोग करके शीघ्रातिशीघ्र पानी की निकासी करवायें। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री दलाल ने कहा कि बारिश की अधिकता की वजह से भी जल भराव की समस्या बढ़ी है। अब इस समस्या के स्थाई समाधान की दिशा में प्रयास किये जाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि फसल खराब होने की स्थिति में मुआवजा भी दिलाया जाएगा।

# 15 अगस्त को लांयस क्लब द्वारा लाडवा से मथाना तक निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा



शिवाला रामकुंडी के नजदीक के दुकानदारों के साथ समाजसेवी संदीप गर्ग।

## दुकानदारों को हर घर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**स्टालवार्ट** फाउंडेशन के चेयरमैन संदीप गर्ग ने कहा कि 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में लायंस क्लब लाडवा द्वारा एक साइकिल रैली निकाली जाएगी जोकि लाडवा के बाबा बंसी वाले वृद्धाश्रम से चलकर मथाना के एचसी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में संपन्न होगी।

शुक्रवार को समाजसेवी संदीप गर्ग ने शिवाला रामकुंडी के नजदीक के दुकानदारों को हर घर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया व लोगों से अपील की। उन्होंने कहा कि सभी को 13 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक अपने संस्थानों व घरों की छतों पर तिरंगा लगाना चाहिए। उन्होंने बताया कि लायंस क्लब लाडवा की ओर से 15 को साइकिल रैली निकाली जाएगी। इनमें भारी संख्या में युवा भाग लेंगे व सभी युवाओं की साइकिलों पर तिरंगे झंडे भी लगे होंगे। वहीं उन्होंने कहा कि आज का युवा नशे की गिरफ्त में जकड़ता जा रहा है और अपने आप को आलसी बना रहा है। उन्होंने कहा कि साइकिल चलाने से न केवल स्वास्थ्य ठीक रहता है। बल्कि पेट्रोल व डीजल की भी बचत होती है।

उन्होंने कहा कि प्रतिदिन हर व्यक्ति व युवा को कम से कम पांच से दस किलोमीटर साइकिल पर काम करना चाहिए ताकि उसका शरीर ठीक रह सके। उन्होंने कहा कि यह साइकिल रैली 15 अगस्त पर निकाली जाएगी। जो कि लाडवा से चलकर गांव मथाना में एचसी मेमोरियल स्कूल में होगी। वहीं स्कूल में ध्वजारोहण भी किया जाएगा। मौके पर विशाल बांगड़, संदीप बांगड़, मुनीर आलम, करनैल, राजीव गर्ग, रविन्द्र सिंह, रूधर, सतनाम विर्क, अश्वनी कुमार, अनुज गर्ग, हितेश धीमान, अमित मेहरा, अमित मित्तल, रामकुमार गजलाना, राजकुमार सैनी गजलाना आदि मौजूद थे।

# निगम अधिकारियों की नींद तब खुलती है जब आग लग जाती है



स्थानीय निकाय मंत्री कमल गुप्ता के साथ भाजपा नेता राजीव जैन।

**सोनीपत।** भाजपा नेता राजीव जैन ने स्थानीय निकाय मंत्री कमल गुप्ता से आग्रह किया है कि निगम अधिकारियों को निर्देश दिए जाएं कि बरसात का मौसम खत्म होने से पहले सड़कों की मरम्मत की टेंडर प्रक्रिया पूरी कर लें, ताकि काम तुरंत शुरू हो सके।

राजीव जैन ने स्थानीय निकाय मंत्री जो वीरवार को मुरथल में वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का दौरा करने आये थे, से कहा कि निगम अधिकारियों की नींद तब खुलती है जब आग लग जाती है और निगम कुआं खोदने की तैयारी करता है। यही काम नालों की सफाई को लेकर हुआ है। नालों की सफाई का कार्य बरसात शुरू होने के बाद कराया गया, जिससे शहर में जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि शहर में बरसाती नालों को निर्माण के लिए अमृत योजना के तहत 29 करोड़ का ठेका हुआ था, उस पर काम नहीं हो पा रहा है। भाजपा नेता ने मंत्री को बताया कि ककरोई रोड पर 25 करोड़ की लागत से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तैयार है, परंतु पश्चिमी यमुना नहर से पानी लेने के लिए निगम अधिकारी प्रयास नहीं कर रहे। इसी तरह राठधाना रोड को 110 करोड़ की लागत से फोरलेन बनाया गया, सारा काम पूरा हो चुका है, केवल शहर में एक किलोमीटर का टुकड़ा बचा है, यह टुकड़ा गड्ढों से भरा पड़ा है। फाइल नगर निगम तथा लोक निर्माण विभाग के बीच कई माह से घूम रही है। नागरिक बुरी तरह से परेशान हैं। स्थानीय निकाय मंत्री ने वहीं मौजूद नगर निगम आयुक्त धर्मेंद्र सिंह को इन सब मामलों पर ध्यान देकर तेजी से कार्रवाई करने के निर्देश दिए।




# खिलाड़ियों ने जिमनास्टिक प्रतियोगिता में फहराया परचम

## जिमनास्ट ने 30 स्वर्ण पदक, 32 रजत पदक व 23 कांस्य पदक जीते

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



खिलाड़ियों का स्कूल पहुंचने पर फूलमालाओं से स्वागत करता स्कूल स्टाफ।

**शहर** के एक निजी स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय जिमनास्टिक चैंपियनशिप 2022-23 में लिटल एंजल्स स्कूल एवं लिटल एंजल्स जिमनास्टिक एकेडमी के जिमनास्ट ने 30 स्वर्ण पदक, 32 रजत पदक व 23 कांस्य पदक प्राप्त किए।

प्रतियोगिता में प्रथम व तोयेश ने चार-चार स्वर्ण पदक, प्रदीप व दीपक ने तीन-तीन स्वर्ण पदक, हितांशी व प्रतीक ने दो-दो स्वर्ण पदक व नायरा, शानवी, अक्षित, रक्षिता, रेयांशिका, भूमिका, समीर, दिव्यम व गौतम ने एक-एक स्वर्ण पदक प्राप्त किये। समीर, दिव्यम व प्रतीक ने चार-चार रजत पदक, गरिमा, साक्षी, हितांशी, गौताम, दीपक व सक्षम ने दो-दो रजत पदक व रव्या, निशांत, ध्रुव, लावन्या, प्रथम, प्रियांशी, तोयेश व पूरव ने एक-एक रजत पदक प्राप्त किये। दक्ष, नैंसी व प्रदीप ने तीन-तीन कांस्य पदक, गरिमा, साक्षी, गौतम ने दो-दो कांस्य पदक, परीक्षा, लावन्या, पर्व, रक्षिता, अक्षिता, आश्विन, प्रियांशी व गुरनूर ने एक-एक कांस्य पदक जीतकर अपने विद्यालय व जिले का नाम रोशन किया। इस चैंपियनशिप में लगभग 150 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया।

सभी विजयी खिलाड़ियों को विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग ने शुभकमानाएं दी। प्रधानाचार्या आशा गोयल ने फूलमाला पहनाकर बधाई दी। विद्यालय के खेल डायरेक्टर नरेन्द्र नेगी ने विद्यालय के सभी खिलाड़ियों एवं कोच सीमा शर्मा को बधाई दी। इस अवसर पर जिमनास्टिक के जिला सेक्रेटरी ओपी सैनी का भी स्वागत किया गया।

# मरमंस्क में आर्कटिक महासागर के समुद्रों में जलमग्न एवं खतरनाक वस्तुओं के बढ़ते स्तर पर हुई चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**मरमंस्क** में 25-26 जुलाई, 2022 को रेजिंग सबमर्ज्ड एंड डेंजरस ऑब्जेक्ट्स इन द सीज ऑफ द आर्कटिक ओसिएन (आर्कटिक महासागर के समुद्रों में जलमग्न एवं खतरनाक वस्तुओं के बढ़ते स्तर पर) पर एक कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इसके तहत एक बिजनेस प्रोग्राम का आयोजन हुआ। 2021-23 के दौरान आर्कटिक काउंसिल की रूस की चेयरमैनशिप के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के तहत इस कॉन्फ्रेंस का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम का संचालन रॉसकांग्रेस फाउंडेशन द्वारा किया गया। वहीं कार्यक्रम का आयोजन मिनिस्ट्री फॉर द डेवलपमेंट ऑफ द रशियन फार ईस्ट एंड द आर्कटिक एवं रोसाटम स्टेट कॉरपोरेशन द्वारा किया गया।

सीनियर आर्कटिक ऑफिशियल्स के चेयरपर्सन और रूस के विदेश मंत्रालय के तहत काम करने वाले आर्कटिक को-ऑपरेशन के अम्बैस्डर-ऐट-लार्ज निकोलेय कोरचुनोव ने कहा, पर्यावरण को होने वाले समूचे नुकसान को खत्म करना हमेशा से हमारी प्राथमिकता रही है और इनमें बढ़ते रेडियोएक्टिव एवं खतरनाक वस्तुओं का खात्म करना शामिल रहा है। हर गुजरते साल के साथ यह मुद्दा और अहम बनता जा रहा है क्योंकि रूसी फेडरेशन के तहत आने वाले आर्कटिक जोन का आर्थिक विकास जारी है। इनमें नॉर्दर्न सी रूट शामिल है, जिसका सामानों की शिपिंग के लिए इस्तेमाल बढ़ने ही वाला है।

कोरचुनोव ने कहा, यह स्पष्ट है कि वर्तमान जलवायु परिस्थितियों में हमें अपनी क्षमताओं में भरोसा करना होगा, उन्हें विकसित और बेहतर करना होगा। इससे 2035 तक राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने और रूसी आर्कटिक जोन को विकसित करने के रूस के राष्ट्रपति द्वारा तय लक्ष्य को हासिल करने से जुड़ी हमारी रणनीति को मदद मिलेगी।

स्टेट डुमा कमिटी ऑन इंडस्ट्री एंड ट्रेड के डिप्टी चेयरमैन गेन्नेडी स्काईलार के अनुसार, डूबी हुई परमाणु पनडुब्बियों को रिकवर करना और आर्कटिक क्षेत्र की कई अन्य समस्याओं को सुलझाना नॉर्दर्न सी रूट के विकास और ग्लोबल ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर के रूप में इसे बदलने के लक्ष्य के लिहाज से अहम है।

स्काईलार इन जोर देकर कहा, मौजूदा परिस्थितियों में आर्कटिक महासागर के समुद्रों में बढ़ते खतरनाक वस्तुओं के मुद्दों को सुलझाने के लिए हमें अपने पास मौजूद सभी संसाधनों को एकसाथ लाना होगा। इसके साथ ही साथ हमें अपने मित्र देशों के साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग भी विकसित करना चाहिए। यह एक रणनीतिक कार्य है और हमें आर्कटिक एवं नॉर्दर्न सी रूट के विकास को लेकर इच्छुक कंपनियों के साथ चर्चा करनी चाहिए। हम संघीय बजट संसाधनों और संघीय कार्यक्रमों की बात कर रहे हैं। इसके साथ-ही-साथ इस मुद्दे को सुलझाने के लिए सरकार की मदद करने में सक्षम साझीदार की तलाश करनी चाहिए।

## जिले में मिले 53 नये कोरोना पॉजिटिव केस

**करनाल।** सिविल सर्जन डॉ. योगेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार को जिला में कोरोना के 53 नये पॉजिटिव केस मिले हैं जबकि 23 व्यक्ति ठीक हुए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 829358 व्यक्तियों के सैंपल लिए हैं तथा पिछले 24 घंटे में 598 सैंपल लिए। कुल सैंपलों में से अब तक 49491 पॉजिटिव केस सामने आए थे, जिनमें से 48630 मरीज ठीक हो गए हैं। अब 261 एक्टिव कोरोना केस हैं।

# संक्षिप्त-समाचार

## विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच अपनाने के लिए किया प्रेरित



**कुरुक्षेत्र।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय खेड़ी मारकंडा द्वारा राखी पर्व को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप से बीके शकुंतला, बीके सीमा और बीके ऊषा द्वारा सभी को राखी बांधी गई। बीके शकुंतला ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच अपनाने का संकल्प करने के लिए प्रेरित किया। दैनिक जीवन की छोटी-छोटी समस्याओं को हम किस तरह से सकारात्मकता के जरिए शून्य कर सकते हैं, इस बारे में भी बताया गया। रेडक्रॉस में विभिन्न कोर्स कर रहे विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और अपने दैनिक जीवन में सकारात्मक सोच को अपनाने का निर्णय भी लिया। बीके सीमा ने आत्मा और परमात्मा के संबंध के बारे में बताया कि हम आत्माओं को यह शरीर परमात्मा द्वारा अच्छे कार्यों के लिए दिया गया है। इस शरीर के द्वारा हम समाज में अच्छे कार्य कर सकते हैं और परमात्मा के दिखाए हुए रास्ते पर चल सकते हैं। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सेक्रेटरी रणदीप सिंह ने बीके बहनों का सम्मान करते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्था सकारात्मकता एवं परमात्मा के संदेश को प्रसारित करते हैं। आने वाले समय में भी हम रेडक्रॉस सोसाइटी में संस्था के कार्यक्रम यूं ही करवाते रहेंगे।

## सेमिनार में हर घर तिरंगा लगाने का किया आह्वान



**कुरुक्षेत्र।** हर घर तिंरगा अभियान के तहत राजकीय बहुतकनीकी उमरी सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें हर घर तिंरगा की नोडल अधिकारी अर्चना शर्मा ने सरकार द्वारा आयोजित हर घर तिंरगा का उदेश्य व आजादी के अमृत महोत्सव के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्हाने इस कार्यक्रम की महत्वता बढ़ाने के लिए ब्यूरो ऑफ इंडियन सड्र्डन के सहायक निदेशक हर्ष कुमार व अनुष्का ब्यूरो ऑफ इंडियन सड्र्डन को विशेषज्ञ के तौर पर बुलाया गया है। प्रधानाचार्य कंवल सचदेवा ने ब्यूरो आफ इंडियन सड्र्डन के विशेषज्ञ द्वारा बताई गई महत्वपूर्ण जानकारी के लिए उनका धन्यवाद किया एंव संस्थन की ओर से छात्रों द्वारा बनाई गई तिंरगा बैच भेंट किए। इस अवसर पर अर्चना शर्मा, अजय मलिक, कविता राठी, नरेश कुमार, चंदन दास, रवि जांगडा, अकित कौशिक एवं जुलकर नैंन आदि उपस्थित रहे।

## गांव बारना में तिरंगा यात्रा आज

**कुरुक्षेत्र।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में उमंग समाजसेवी संस्था द्वारा गांव बारना में छह अगस्त दिन शनिवार को सुबह 10 बजे तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। तिरंगा यात्रा कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र के उपायुक्त मुकुल कुमार बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगें। संस्था के अध्यक्ष देवीलाल बारना ने जानकारी देते हुए बताया कार्यक्रम के दौरान गांव बारना चार शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। इस यात्रा में जहां ग्रामीण बढ़-चढ़कर भाग लेंगे वहीं शहीद सुरेंद्र कुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बारना के बच्चे व सोम कॉन्वेंट गुरुकुल घराड़सी के बच्चे भाग लेंगें। इस दौरान ग्रामीणों को संस्था की तरफ से तिरंगे भेंट किए जाएंगें ताकि हर घर में तिरंगा लगाया जा सके। उन्होने बताया कि इसी कड़ी में आठ अगस्त दिन सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बारना में संस्था की तरफ से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा व रक्तदाताओं व ग्रामीणों को तिरंगे भेंट किए जाएंगे।

## भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने आवास और प्रतिष्ठान पर फहराया तिरंगा




**कुरुक्षेत्र।** बीजेपी युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रुबल शर्मा ने कहा कि पीएम मोदी के आह्वान पर देशभर में 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। रुबल शर्मा ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ अपने आवास और प्रतिष्ठान पर राष्ट्र ध्वज तिरंगा फहराया। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारी संप्रभुता और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। हमें हर घर तिरंगा कार्यक्रम को महोत्सव की तरह मनाना चाहिए। रुबल शर्मा ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए हर घर तिरंगा सहित संगठन की आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिशा निर्देश दिए। रुबल शर्मा ने बीजेपी युवा मोर्चा पदाधिकारियों से अपील करते हुए कहा की युवा मोर्चा वर्कर व पदाधिकारी हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए जी-जान से जुट जाएं। इस अवसर पर युवा मोर्चा आईटी सेल प्रमुख सागर मदान, शिव शंकर, सुनील गुर्जर, विजय शर्मा, निर्मल सिंह रत्नडेरा, मोनू शर्मा, काली, काका नंबरदार ज्योतिसर समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विजेता टीमें आठ को ग्रेंड फिनाले में लेंगी भाग : जितेंद्र अरोड़ा



**कुरुक्षेत्र।** सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र के सदस्य जितेंद्र अरोड़ा ने बताया कि दो अगस्त को आयोजित की गई अंतरराज्यीय प्रतियोगिता की विजेता टीमें आठ अगस्त को वसुंधरा फरीदाबाद में होने वाले ग्रेंड फिनाले में भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि सामूहिक नृत्य में सहारा कॉम्प्रिहेंसिव स्कूल व समूह गान में दा माइलस्टोन स्कूल कैथल प्रथम रहा था। अब ये दोनों टीमें ग्रेंड फिनाले में भाग लेंगी। दोनों ही टीमों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था। जितेंद्र अरोड़ा ने आशा जताई कि स्टेट लेवल पर होने वाली प्रतियोगिता में ये दोनों टीमें जीतकर कुरुक्षेत्र का नाम रोशन करेंगी। जितेंद्र ने बताया कि सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र द्वारा अंतर प्रादेशिक संगीत प्रतियोगिता का आयोजन कुरुक्षेत्र, अंबाला, रेवाड़ी, सोनीपत, मुरादाबाद, पानीपत, रोहतक, गुड़गांव एवं दिल्ली में किया गया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता की विजेता टीमें अब आठ अगस्त को वसुंधरा फरीदाबाद में होने वाले ग्रेंड फिनाले में भाग लेंगे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 5100 रुपये, दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले को 3100 रुपये और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले स्कूल को 2100 रुपये की नगद राशि, सर्टिफिकेट और ट्रॉफी दी जाएगी।


Aavas FINANCIERS LTD
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

**आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड**

(पूर्व में ''ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड'' के नाम से ज्ञात) (CIN: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

**सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न सूची के अनुसार ऋणी का खाता एन.पी.ए. होने के कारण निम्न तालिका के अनुसार ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13(2) के अन्तर्गत 60 दिन का नोटिस दिया गया था। नोटिस के अनुसार यदि ऋणी/गारण्टर 60 दिवस के अंदर बकाया ऋण राशी जमा नहीं कराते हैं तो ऋण की वसूली बंधक सम्पत्ति को नीलाम करके की जायेगी। डिमाण्ड नोटिस की तामील ना होने के कारण नोटिस की छायाप्रति बंधक सम्पत्ति पर चस्पा की जा चुकी है। अत: आपको यह सूचित किया जाता है कि नोटिस प्रकाशित दिनांक से 60 दिन के अन्दर-अन्दर निम्न तालिका के अनुसार रुपया तथा भविष्य का ब्याज, वसूली में होने वाला खर्चा जमा कराये अन्यथा एक्ट की धारा 13(4) एवं 14 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न सूचि के अनुसार साम्यिक बंधक सम्पत्ति का भौतिक कब्जा लेने एवं इसे नीलामी कर ऋण राशि की वसूली कराने के लिए प्राधिकृत अधिकारी स्वतंत्र होंगे।

| ऋणी का नाम | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| **श्रीमती देविन्द्र कौर,** श्री हरजीत सिंह, श्री अंग्रेज खाता सं. LNYMN03718-190093154 व LNYMN04320-210146162 व LNYMN11721-220183258 | 03 अगस्त 2022 ₹ 2667781/- व ₹ 49474/- व ₹ 528171/- व 03 अगस्त 2022 | खेवात नं.-338, खातौनी नं.- 400, 401, 402, ख. नं. 53 मिनी (5-11) 70(8-0), 53 मिनी (2-9) 68/2(1-5) 69 (10-9), 52(5-7), बीइंग 231/7389 में से 41 कनाल 01 मारला, मौजा रादौर, एच.बी. नं. 45, यमुना नगर, हरियाणा **क्षेत्रफल 01 कनाल 05 मारला 06 सरसाई** |

स्थान : जयपुर    दिनांक 06.08.2022    प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

# कार्रवाई : डीटीपी ने शाहबाद में चल रहे अवैध निर्माण को किया जमींदोज

## पट्टी झामड़ा और धंतौड़ी में राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ अवैध ढाबा गिराया

गुरजोत दुग्गल। कुरुक्षेत्र/शाहाबाद

**गांव** पट्टी झामड़ा की एक कॉलोनी में चल रहे अवैध निर्माण पर शुक्रवार को डीटीपी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। कार्रवाई हेतु नियुक्त किए गए ड्यूटी मजिस्ट्रेट यूएचबीवीएन कार्यकारी अभियंता नसीब सिंह श्योकंद ने बताया कि डीटीपी कार्यालय ने अवैध कालोनी काटने वाले चूककर्ताओं के खिलाफ एफआईआर पहले से ही दर्ज करवाई थी। संबंधित तहसीलदार और नायब तहसीलदार को भी अवैध कॉलोनी में रजिस्ट्री न करने के बारे में लिखा गया था।

उन्होंने बताया कि डीटीपी कार्यालय में कुछ दिन पहले भी यह मामला संज्ञान में आया था कि शाहाबाद क्षेत्र में गांव पट्टी झामड़ और गांव धंतौड़ी में राष्ट्रीय राजमार्ग-44 के साथ अवैध ढाबे का निर्माण भू-मालिकों द्वारा बिना विभागीय अनुमति के किया जा रहा है, जिसके उपरांत कार्यालय द्वारा भू-स्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस भी जारी किया गया था और कॉलोनी विकसित करने के लिए जरूरी अनुमति प्राप्त करने के आदेश दिए थे। परंतु भू-स्वामियों और प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा न तो मौके पर पनप रही कॉलोनी में निर्माण को रोका गया और न ही विभाग से किसी प्रकार की अनुमति के लिए आवेदन किया।



गांव धंतौड़ी में राष्ट्रीय राजमार्ग-44 के साथ अवैध ढाबे को जेसीबी से जमींदोज करते डीटीपी विभाग के अधिकारी

इसके उपरांत विभाग द्वारा सभी औपचारिकताएं पूरी करने के उपरांत इस कालोनी में चल रहे अवैध निर्माण को शुक्रवार को तोड़ा गया है। इस मौके ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ साथ भारी पुलिस बल, सहायक नगर योजनाकार प्रवीण कुमार, कनिष्ठ अभियंता सुरेश पाल, दिनेश कुमार मौजूद रहे।

### क्या कहती है जिला नगर योजनाकार

जब इस बारे में जिला नगर योजनाकार सविता जिंदल से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के सहयोग से कुरुक्षेत्र व शाहाबाद के गावों में पनप रही अवैध कालोनी में तोड़-फोड़ की कार्यवाही पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत क्रियान्वित की गई है। विभाग द्वारा शाहाबाद खंड के गांव पट्टी झामड़ा में कॉलोनी में चल रहे अवैध निर्माण और जिला कुरुक्षेत्र में अवैध ढाबे के निर्माण कार्य को जेसीबी मशीन की मदद से हटाया गया। सविता जिंदल ने अपील करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाई गई ग्रुप हाउसिंग स्कीम, दीनदयाल हाउसिंग स्कीम, अर्फोडेबल ग्रुप हाउसिंग स्कीम (जिसमें पांच एकड़ भूमि पर लाइसेंस प्रदान किया जाता है) में आवेदन करके कॉलोनी काटने की जरूरी अनुमति प्राप्त करके ही कॉलोनी काटने की जरूरी अनुमति प्राप्त करें। आमजन से भी अपील करते हुए कहा कि आमजन सस्ते प्लाटों के चक्कर में प्रॉपर्टी डीलरों के बहकावे में न आकर अवैध कॉलोनियों में प्लाट आदि मत खरीदे और न ही किसी प्रकार का निर्माण करें। जमीन की खरीद करने से पहले डीटीपी कार्यालय से कॉलोनी की वैधता के बारे में पूर्ण जानकारी प्राप्त कर लें।

### 50 हजार तक का हो सकता है जुर्माना

सविता जिंदल ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति अवैध कॉलोनी में कोई प्लॉट आदि खरीदता है, तो उसके खिलाफ भी कार्यालय द्वारा कानून सम्मत कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में 50 हजार रुपये तक का जुर्माना व तीन साल की सजा का प्रावधान है। भविष्य में भी अवैध निर्माणों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई निरन्तर जारी रहेगी।



# युवा पीढ़ी दे भूजल संरक्षण में अपना योगदान : डॉ. सतविन्द्र टाया

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**सूचना** प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार केंद्रीय संचार ब्यूरो चंडीगढ़ की तरफ से सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा अटल भूजल योजना के तहत गांव नीमवाला व रतनगढ़ कखराली में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

मंच का संचालन अनूप सिंह हेड टीचर ने किया। गांव नींबवाला से पूर्व सरपंच प्रतिनिधि कृष्ण मोर ने कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों व नुक्कड़ नाटक की टीम का स्वागत किया। संगीत कला मंच की टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गों को भूजल संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ. सतविन्द्र टाया ने स्कूली बच्चों के साथ संवाद करते हुए विस्तृत चर्चा की। उन्होंने भूजल बचाने के तरीके बताएं। भविष्य की चिंता करते हुए टाया ने स्कूली बच्चों को चेताया कि आने वाला समय भूजल की भयंकर समस्या को लेकर आएगा। इसमें हमें पीने के पानी की किल्लत का सामना करना पड़ेगा। आज हम भूजल की कदर नहीं कर रहे, लेकिन जब हमें किसी भी कीमत पर भूजल नहीं मिलेगा, शायद हमें तब भूजल की कीमत का एहसास होगा। टाया ने सभी बच्चों से भूजल बचाने का आग्रह किया और बच्चों को अटल भूजल योजना में सहयोगी की भूमिका अदा करने के लिए आगे आने को कहा। उन्होंने बताया कि आने वाली पीढ़ी आप पर निर्भर है।

आप ही अच्छे भविष्य का निर्माण कर सकते हैं और अच्छे भविष्य के निर्माण के लिए भूजल रूपी अमूल्य धरोहर को बचाना अति आवश्यक है। इस मौके पर महिला एवं बाल विकास विभाग से आंगनबाड़ी सुपरवाइजर सुनीता रानी, गवर्नमेंट मिडिल स्कूल रतनगढ़ ककराली से राजकुमार, अनिल कुमार, गौतम दत्त शास्त्री, सुनील कुमार, नवीन कुमार के साथ साथ सभी आंगनबाड़ी वर्कर व हेल्पर मौजूद रहीं।

## संक्षिप्त-समाचार

### राष्ट्रध्वज देश के गौरव एवं मूल्यों का प्रतीकः डॉ. राजेश भल्ला




**करनाल।** देश की आजादी के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में केंद्र सरकार की ओर से आजादी अमृत महोत्सव के तहत पूरे राष्ट्र में आगामी 13, 14 और 15 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को बागवानी महाविद्यालय महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय करनाल में हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की गई। महाविद्यालय डीन डॉ. राजेश भल्ला ने हर घर तिरंगा अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि अभियान के तहत स्वतंत्रता दिवस सप्ताह के दौरान 13 अगस्त से 15 अगस्त के बीच देशभर में 'हर घर पर तिरंगा' फहराने के महा अभियान को सफल बनाने के लिए जिला के विश्वविद्यालय, महाविद्यालयों, विद्यालयों व शिक्षण संस्थानों से हर घर तिरंगा अभियान के प्रति भाषण, निबंध लेखन, गायन, प्रश्नोत्तरी एवं चित्रकला जैसी प्रतियोगिताओं व साइकिल रैली, प्रभात फेरी के माध्यम से आमजन में जागरुकता फैलाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि भारत का राष्ट्र घ्वज देश के गौरव एवं मूल्यों का प्रतीक है। जिला के शिक्षण संस्थान हर घर तिरंगा अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं और आमजन को अपने घरों पर राष्ट्रध्वज फहराने को प्रेरित कर सकते हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजय कुमार ने बताया कि 8 अगस्त को तिरंगा यात्रा, 9 अगस्त को कार्यक्रम की थीम पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 10 अगस्त को देशभक्ति गीत, नृत्य, भाषण ओर निबंध लेखन प्रतियोगिता होगी। अभियान की शुरुआत में महाविद्यालय विद्यार्थियों ने रंगोली बनाई गई। जिसकी सभी ने सराहना की। प्रतियोगिता में निर्णायक समिति में अनुसंधान निदेशक डॉ. आरके गोयल व परियोजना निदेशक डॉ. सुरेंद्र सिंह ने शिरकत की। मौके पर डॉ. विजय अरोड़ा, डॉ. युवराज, डॉ. सोनिया, डॉ. उमा सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### बुजुर्गों की पेंशन काटने पर कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन



**कुरुक्षेत्र।** बुजुर्गों की पेंशन काटे जाने के विरोध स्वरूप इनेलो कार्यकर्ताओं ने जिला प्रधान बूटा सिंह लुखी की अध्यक्षता में लघु सचिवालय समक्ष प्रदर्शन किया और एक ज्ञापन राज्यपाल के नाम सौंपा। इससे पहले सभी कार्यकर्ता पंचायत भवन में एकत्रित हुए और वहां से प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय पहुंचे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए इनेलो के जिला प्रधान बूटा सिंह लुखी ने कहा कि उम्र को आधार मानकर जननायक देवी लाल द्वारा बुजुर्गों को सम्मान के रुप में दी गई बुढ़ापा पेंशन गठबंधन सरकार द्वारा आय को आधार मानकर काटे जाने से इनेलो कार्यकर्ताओं में रोष है। ज्ञापन के माध्यम से सरकार को चेताया कि अगर सरकार ने ताऊ देवी लाल द्वारा बुजुर्गों को दिया गया सम्मान उनसे छीना तो सरकार एक बड़े जन आंदोलन के लिए तैयार रहे। युवा जिलाध्यक्ष राजू रामगढ़ रोड ने कहा कि इनेलो के संस्थापक चौधरी देवीलाल ने प्रदेश में बुजुर्गों के सम्मान के लिए पेंशन लागू की थी। इस पेंशन को सम्मान पेंशन का नाम दिया गया था। वहीं अब बीजेपी सरकार ने बुजुर्गों की पेंशन पर डाका डालने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में लगभग चार लाख लोगों की पेंशन बंद कर दी गई है। ये हमारे बुजुर्गों का अपमान है। यह हरियाणा प्रदेश का अपमान है। उन्होंने सरकार को चुनौती देते हुए कहा कि जब तक सभी बुजुर्गों की पेंशन बहाल नहीं की जाएगी, तब तक इनेलो पीछे हटने वाली नहीं है। इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष बूटा सिंह, जिला प्रभारी रामकुमार रोड़ ऐबला, हलका प्रधान कृष्ण बूरा किरमच, युवा जिलाध्यक्ष राजू रामगढ़ रोड़, युवा महासचिव मनजीत सिंह इस्माईलाबाद, युवा हलका प्रधान सुखबीर, जोगिंद्र मैहला, नगर परिषद चेयरमैन उम्मीदवार तनूजा कश्यप सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बैठक में किया पंचायती चुनावों पर मंथन

**कुरुक्षेत्र।** आम आदमी पार्टी के पंचायती राज प्रकोष्ठ के उत्तरी जोन के पदाधिकारियों की बैठक उत्तरी जोन के पंचायती राज संयोजक प्रवीण चौधरी की अध्यक्षता में ब्रह्मसरोवर स्थित निजी होटल में हुई। प्रवीण चौधरी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जल्द ही प्रदेश में पंचायतों के चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में पार्टी के सभी पंचायती राज पदाधिकारी पार्टी की ओर से खड़े होने वाले प्रत्याशियों के चुनाव के लिए जनता के बीच में जाकर चर्चा करें ताकि पंचायती चुनावों को पार्टी पूरी मजबूती के साथ लड़ सके। बैठक में उपाध्यक्ष सुभाष कसीथल, अशोक मित्तल, श्रवण सिंह गोला, सचिव संजय चौधरी, कोषाध्यक्ष देवेंद्र खैंची, संयुक्त सचिव परमिंद्र नागरा, नसीब जड़ोला, जोगिंद्र सिंह, कर्म सिंह भुक्कल, मान सिंह, रिंकू थाना, प्रदीप कंबोज, जस्सी राणा, कुरुक्षेत्र जिला संयोजक नैब सिंह पटाकमाजरा, करनाल जिला संयोजक एडवोकेट निर्मल सिंह, अंबाला जिला संयोजक कुलदीप सांगवान, यमुनानगर संयोजक राय सिंह, कैथल संयोजक गज्जन सिंह आदि शामिल रहे।

# कोर्ट ने पारस पेस्टिसाइडज इंडस्ट्रीज पर लगाया 30 हजार का जुर्माना

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**कृषि** एवं किसान कल्याण विभाग करनाल के उप निदेशक डॉ. आदित्य प्रताप डबास ने बताया कि न्यायालय करनाल ने जिला करनाल में अमानक पाया गया कीटनाशक नमूना के निर्माता फर्म पारस पेस्टिसाइडज इंडस्ट्रीज, गोपालपुर, सिकंदराबाद, बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश पर 30 हजार रुपये जुर्माना लगाया है।

पारस पेस्टिसाइडज इंडस्ट्रीज फर्म का कीटनाशक थियामाथोक्जाम 25 प्रतिशत जोकि रस चूसने वाले कीटों की रोकथाम के लिए प्रयोग होती है, का नमूना छह मई 2019 को पारस पेस्टिसाइडज इंडस्ट्रीज 183-बी, नई अनाज मंडी से सहायक पौधा संरक्षण अधिकारी द्वारा लिया गया था। क्वालिटी कंट्रोल प्रयोगशाला करनाल द्वारा 31 मई 2019 को जांच उपरांत नमूना अमानक पाया गया। जांच के लिए न्यायालय द्वारा कीटनाशक नमूना सेंट्रल इंसेक्टिसाइड प्रयोगशाला फरीदाबाद को भेजा गया, वहां से भी नमूना अमानक घोषित पाया गया।

### तीन अन्य फर्मों को भेजा नोटिस

**तीन अन्य दवा कंपनियों को भेजा नोटिसः डॉ. डबास**

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. आदित्य प्रताप डबास ने बताया कि गुण नियंत्रक निरीक्षक करनाल द्वारा निर्माता फर्म एग्रोटेक क्रॉप साइंस प्लॉट नंबर 232 गांव व पोस्ट ऑफिस बल्ला तहसील असंध से कीटनाशक नमूना जो पौधे में फफूंद की रोकथाम के लिए प्रयोग किया जाता है, लिया गया था।

# बारिश में कांग्रेस ने किया लघु सचिवालय पर प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**तेज** बरसात के बीच कांग्रेस पार्टी ने महंगाई बेरोजगारी और जीएसटी के विरोध में जमकर सरकार पर हमला बोला। इस दौरान प्रदर्शनकारी लघु सचिवालय पहुंचे और लघु सचिवालय के बाहर प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लघु सचिवालय के गेट पर नारेबाजी की और सरकार पर लोगों की अनदेखी का आरोप लगाया। कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है और लोग महंगाई बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं।

देश भर में शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी ने सड़कों पर उतर कर महंगाई बेरोजगारी जीएसटी और जांच एजेंसियों के दुरुपयोग को मुद्दा बनाकर सरकार को घेरा। सोनीपत में भी सुबह से ही कांग्रेस पार्टी ने विधायक पूर्व विधायक को कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में इन मुद्दों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। तेज बरसात होने के बावजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी इस दौरान लघु सचिवालय पहुंचे और लघु सचिवालय पर भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात होने के कारण कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अंदर नहीं आने दिया गया। प्रदर्शनकारी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लघु सचिवालय के गेट पर ही सरकार विरोधी नारेबाजी की। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व सांसद चौ. धर्मपाल सिंह मलिक ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी से आम आदमी त्रस्त है और सरकार लोगों की सुनवाई नहीं कर रही। यहां तक कि विपक्ष की भी सुनवाई नहीं हो रही। जब भी कांग्रेस पार्टी जन मुद्दों को लेकर प्रदर्शन करती है तो अधिकारियों को जवाब देने की वजह सरकार पुलिस को आगे कर रोकने की कोशिश करती है जो कि लोकतंत्र की हत्या है। उन्होंने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और जीएसटी ने आम आदमी की कमर तोड़ने का काम किया है। सरकार दिनों दिन महंगाई बढ़ा रही है और विरोधी पार्टियों पर झूठे केस दर्ज की जा रही हैं।



लघु सचिवालय के बाहर मंहगाई, बेरोजगारी व जीएसटी के विरोध में प्रदर्शन करते कांग्रेसी कार्यकर्ता।

जांच एजेंसियों का भी प्रयोग किया जा रहा है। प्रदर्शनकारी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महंगाई बेरोजगारी और खाने-पीने की चीजों से जीएसटी हटाने की सरकार से मांग की है। इस दौरान कांग्रेसी नेता कमल हसीजा, भलेराम जांगड़ा, सीमा शर्मा सहित काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मारकंडा नदी का बढ़ा जलस्तर, डूबीं फसलें

### गांव कठवा में घुसा पानी, सड़कें हुईं जलमग्न

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र/शाहाबाद

**हिमाचल** के पहाड़ों में हो रही लगातार वर्षा से मारकंडा नदी ने रुद्र रूप धारण कर लिया है। शुक्रवार अलसुबह शाहाबाद की मारकंडा नदी में मानो उफान-सा आ गया। नदी में 15 हजार क्यूसेक पानी आने पर गांव कठवा की सड़के जलमग्न हो गई। नदी में इतना पानी आने के बाद प्रशासन अलर्ट हो गया है।

हालात को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से पटवारियों व ग्राम सचिवों को स्थिति पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। सुरक्षा के दृष्टिगत नदी के साथ लगते गांवों में लगातार मुनादी करवाई जा रही है और गांववासियों को अलर्ट रहने की हिदायत दी गई है। इसके साथ ही बच्चों को नदी के आसपास न जाने देने के निर्देश जारी किए गए हैं।



गांव कठवा में घुसा मारकंडा नदी का पानी।

गेज रीडर रविद्र कुमार ने बताया कि वीरवार देर रात नदी में पानी बढ़ना शुरू हुआ और शुक्रवार की सुबह सात बजे तक नदी का स्तर 15 हजार क्यूसेक तक आंका गया है। उन्होंने बताया कि पहाड़ों पर वर्षा जारी है और मारकंडा नदी में पानी और बढ़ सकता है। मात्रा बढ़ने पर आसपास के गांवों में पानी घुस सकता है।

नदी में पानी का स्तर 10 हजार क्यूसेक से अधिक होने पर नदी के साथ लगते बाजीगर कॉलोनी, अरुप नगर, गुमटी, दयाल नगर, मुगल माजरा, मदनपुर व मोहनपुर आदि गांवों के अलावा अनेक डेरो में भी बाढ़ की सम्भावना हो जाती है। गर्मी के कारण मारकंडा नदी की गोद अभी तक जल से सूनी पड़ी थी और नदी की रेत आग से भी ज्यादा तप रही थी।

बता दें कि हिमाचल प्रदेश में कालाआंब की पहाड़ियों से बहती हुए मारकंडा नदी शाहाबाद पहुंचती है और आगे गुहला-चीका के निकट घग्गर नदी में मिल जाती है।

### फसलों को नुकसान न हो इसलिए कर रहे इंद्र देवता को खुश

शाहाबाद और इसके साथ लगते सैकड़ों गांवों के किसान इंद्र देवता को प्रसन्न करने के लिए इन दिनों ऋषि मार्कंडेश्वर मंदिर और मार्कंडेय नदी में प्रसाद चढ़ाते हैं। ऐसा विश्वास भी है कि मारकंडा नदी के जल में नहाने से लोगों के शारीरिक कष्ट दूर होते हैं।

# 27 लाख की धोखाधड़ी में शामिल एक और आरोपी काबू

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**करीब** 27 लाख रुपये की धोखाधड़ी में शामिल एक और आरोपी नदीम पुत्र मुस्तफीन निवासी जैतपुरा, थाना मुरादाबाद (यूपी) को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कर्ण गोयल ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि 24 अगस्त 2021 को आरएस लोजिस्टिक्स के मैनेजर कुलदीप निवासी मोहड़ी ने पुलिस को दी ।

शिकायत में बताया था कि डाबर इंडिया लिमिटेड कंपनी का माल पहुंचाने का ठेका उनकी कम्पनी के पास है। डाबर इण्डिया लिमिटेड का माल अम्बाला से गुवाहाटी जाना था। उसको पता चला कि नदीम अहमद का अम्बाला गुवाहाटी रोड कैरियर का ट्रांसपोर्ट का काम है। उसकी नदीम अहमद से माल भेजने बारे बातचीत हो गई और नौ अगस्त 2021 को उसने गाड़ी को उसके पास भेज दिया। उसने उस गाड़ी में माल लोड करवा दिया, जिसमें 1334 कार्टून बॉक्स जिनकी कीमत करीब 26 लाख 72 हजार रुपये थी।

इसके बाद गाड़ी के ड्राइवर ने बताया कि वह अभी मुरादाबाद है और उसकी गाड़ी खराब हो गई है। वह कहने लगा कि दो दिन में माल पहुंचा देगा। उसके बाद से उसका फोन बंद आया।

जब कुलदीप ने नदीम अहमद को फोन किया, तो वह कहने लगा कि ड्राइवर के पास पैसे भेजने है। उसने कहा कि उसने ड्राइवर को 46 हजार 700 रुपये भेज दिए हैं। उसके बाद अब तक उसने माल को नहीं पहुंचाया।

# यूएसएड ने भारत में ट्यूबरकुलोसिस खत्म करने को लेकर आयोजित नेशनल कॉन्फ्रेंस को दिया समर्थन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**यूनाइटेड** स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट ने कर्नाटक हेल्थ प्रमोशन ट्रस्ट (केएचपीटी), नेशनल ट्यूबरकुलोसिस एलिमिनेशन प्रोग्राम और ग्लोबल कोलिशन अगेंस्ट टीबी के साथ मिलकर एक महत्वपूर्ण कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। इस कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर किए जा रहे प्रयासों को गति देना था। नेशनल कंसल्टेशन ऑफ टीबी एलिमिनेशन बिल्डिंग सिनर्जी फॉर अ टीबी मुक्त भारत शीर्षक से आयोजित किए गए इस कॉन्फ्रेंस में संसद सदस्यों, विधानसभा सदस्यों, पंचायती राज के नेताओं, तकनीकी विशेषज्ञों और सिविल सोसाइटी के सदस्यों समेत सभी प्रमुख पक्षों ने हिस्सा लिया और टीबी को खत्म करने से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि इस लक्ष्य को साकार करने के लिए एक नया पोर्टल लॉन्च किया जाएगा। इसमें पूरे देश के टीबी-संबंधी आंकड़ों को उपलब्ध कराया जाएगा और यह सभी के लिए पहुंच के भीतर भी होगा। साथ ही, कोई भी व्यक्ति किसी टीबी मरीज को 'एडॉप्ट' कर उसके इलाज और पोषण के खर्चों का भी वहन कर सकेगा। इस तरह, यदि हम में से प्रत्येक व्यक्ति एक या अधिक मरीजों को 'एडॉप्ट' करें तो 2025 तक इस लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

मोहन एचएल, सीईओ केएचपीटीने कहा, स्वास्थ्य संबंधी किसी भी हस्तक्षेप के अंतर्गत कार्यस्थल और रिहाइशी स्थलों को शामिल करना जरूरी है ताकि हम शहरों में रहने वाले जोखिमग्रस्त समूहों की स्वास्थ्य जरूरतों को भी पूरा कर सकें।

संगीता पटेल, हेल्थ ऑफिस डायरेक्टर, यूएसएड इंडिया ने कहा, हमें इस पर भी सोच-विचार करना होगा कि हम अपने मौजूदा कार्यक्रमों को किस प्रकार अलग तरीके से कर सकते हैं, कुछ इस तरह से जैसे कि हमने पहले न किया हो।

डॉ. दलबीर सिंह, प्रेसीडेंट, ग्लोबल कोएलिशन अगेन्स्ट टीबी (जीसीएटी) ने कहा, यदि हम इस देश को तपेदिक जैसे दानव से मुक्ति दिलानी है तो हमें समूचे राजनीतिक वर्ग को इस अभियान से जोड़ा होगा, भागीदारियां बनानी होंगी और निजी क्षेत्र को भी साथ लेना होगा। हमें एक बहु-वर्गीय दृष्टिकोण लेकर चलना होगा। हमें 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता पर अमल कर शेष दुनिया के लिए उदाहरण सामने रखना होगा।

डॉ. राजेंद्र जोशी, डिप्टी डायरेक्टर जनरल, एनटीईपी ने समाज के हाशिए पर गुजर बसर करने वाले समुदायों तक पहुंचने की राह में पेश आने वाली अड़चनों का जिक्र किया। उन्होंने कहा, हमें टीबी के खिलाफ युद्ध में सामाजिक शर्मिंदगी को दूर करने के साथ-साथ जोखिम के कारकों को भी हटाना होगा।

### हरियाणा पिछड़ा वर्ग महासभा ने चुनावों को लेकर की चर्चा

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा पिछड़ा वर्ग महासभा के अध्यक्ष रामकुमार रंबा की अध्यक्षता में संरक्षक हाकम सिंह गुर्जर समसपुर, प्रदेश महासचिव रोशन लाल धीमान, शिवलाल जंगम, वीरभान, सुरेन्द्र कश्यप कुरुक्षेत्र, बलवंत सिंह, प्रेम जांगड़ा और वरिष्ठ पदाधिकारी को नगर परिषद के चुनाव बारे विचार-विमर्श किया गया। रंबा ने कहा कि मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, सांसद नायब सिंह सैनी व सरकार के कार्यों को देखते हुए हरियाणा में छोटी सरकार नगर निगम चुनाव में अहम भूमिका निभाएंगे। पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष रामकुमार रंबा ने हरियाणा में तमाम कार्यकारिणी प्रदेश प्रकोष्ठ प्रभारी, जिले के प्रधान व कार्यकारिणी कमेटी के सदस्यों, हरियाणा पिछड़ा वर्ग महासभा के सदस्यों को निर्देश दिए गए है कि छोटी सरकार बनवाने में अपनी अहम भूमिका निभाएं। पिछड़ा वर्ग के हकों की मांग समय-समय पर सरकार ने पूरी की है और भविष्य में भी सरकार पिछड़ा वर्ग के साथ है।

# हर जुल्म सितम के आगे संघर्ष हमारा नारा है : कुलदीप

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**मंहगाई** और आवाश्यक बस्तुओं पर जीएसटी लगाने के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं का रौद्र रूप सड़कों पर दिखाई दिया। कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्त्ताओं ने डीसी कार्यालय के बाहर धरना देने के बाद सामूहिक रूप से गिरफ्तारी दी।

गिरफ्तारी से पहले कांग्रेसी वर्करो ने मंहगाई का पुतला फूंका। मंहगाई, आवश्यक बस्तुओं पर जीएसटी लगाए जाने, बेराजेगारी और अग्रिपथ योजना के खिलाफ कांग्रेस वर्कर नारेबाजीकर रहे थे। कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं की अगुवाई जिला प्रभारी तथा पूर्व विधायक लहरी सिंह तथा पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा ने की। एआईसीसी तथा पीसीसीआई के निर्देश पर जिला कांग्रेस के सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं ने जिला मुख्यालय के बाहर 11 बजे से दोहर एक बजे तक धरना दिया।

पुतला दहन के बाद जब जीटी रोड जाम करने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता आगे बड़े रास्ते में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान कई बसे भर गई। कार्यक्रम का संचालन जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह ने किया। पूर्व स्पीकर कुलदीप शर्मा ने कहा कि कहा कि मंहगाई, बेरोजगारी, अग्रिपथ योजना के खिलाफ कांग्रेस अब सड़कों पर आक्रामक मुद्रा में उतर आई हैं। सरकार की तानाशाही के आगे कांग्रेस नहीं झुकेगी। कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता मतलौड़ा ने कहा कि जनता की आवाज इसी तरह उठाई जाएगी। पूर्व मंत्री भीम मेहता कि जीने से मरने तक के सामान पर जीएसटी लगा दी हैं।



मंहगाई के खिलाफ कांग्रेस जन जिला मुख्यालय के बाहर धरना देते हुए।

कांग्रेस इसके खिलाफ आंदोलन तेज करेंगे। इस अवसर पर पूर्व विधायक नरेंद्र सांगवान राकेश कांबोज, रिसाल सिंह, अनिल राणा, डॉ. सुनील पवार, कमल मान, रघुवीर संधू, कृष्ण बसताडा पार्षद पप्पू लाठर, हरी राम सांभा, जोगेंद वाल्मीकि ,राजेश वैद्य, रन पाल संधू, जोगेंद चौहान नाहर संधू, भूपेंद्र लाठर इंद्रजीत गुराया, निप्पी मान, अमरजीत धीमान, राजेश चौधरी, धर्मपाल कौशिक आदि कांग्रेस के सीनियर नेता गण, महिला नेत्रिया उषा तुली, डॉ. गीता, रानी कांबोज, मीनू दुआ, सुषमा नागपाल, युवा अध्यक्ष मनिंदर सेंटी, रोहित, रमेश सेनी बीरबल तवर, नरेश संधू, अरुण पंजा बी, राजेंद्र सिंह, भोला, रामेश्वर वाल्मीकि अनिल सैनी, जागीर सैनी, सुनेहरा वाल्मी कोशल चौधरी, सिराज, रोहताश पहलवान, कर्म पाल, होशियार सिंह, राजेंद्र नम्बरदार कार्यकर्ता मौजूद थे।

भड़के चीन को नैन्सी पेलोसी ने और चिढ़ाया, कहा

# अमेरिकी अधिकारियों को ताइवान दौरे से नहीं रोक सकता चीन



एजेंसी। तोक्यो

**अपने** एशिया दौरे के समापन पर अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी ने शुक्रवार को तोक्यो में कहा कि अमेरिकी अधिकारियों को ताइवान की यात्रा करने से रोककर चीन उसे अलग-थलग नहीं कर पाएगा।

पेलोसी का एशिया दौरा बेहद सुर्खियों में रहा और इस दौरान उनकी ताइवान की यात्रा और चीन की इसे लेकर नाराजगी विशेष तौर पर चर्चा में रही। पेलोसी ने कहा कि चीन ने ताइवान को अलग-थलग करने की कोशिश की, जिसमें हाल में उसे विश्व स्वास्थ्य संगठन में शामिल होने से रोकना शामिल है। उन्होंने कहा, वे ताइवान को अन्य स्थानों पर जाने या भाग लेने से रोक सकते हैं लेकिन वे हमें ताइवान की यात्रा करने से रोककर उसे अलग-थलग नहीं कर पाएंगे।

अमेरिकी नेता ने कहा कि ताइवान की उनकी यात्रा का मकसद द्वीप के लिए यथास्थिति में बदलाव लाना नहीं था बल्कि ताइवान जलडमरूमध्य में शांति बनाए रखना था। उन्होंने चीन की व्यापार समझौतों के उल्लंघन, हथियारों के प्रसार और मानवाधिकार संबंधी समस्याओं को लेकर आलोचना की जबकि ताइवान की एलजीबीटीक्यू अधिकारों सहित विविधता, प्रौद्योगिकी के प्रसार और व्यापार में सफलता सहित लोकतंत्र की स्थापना के लिए प्रशंसा की। पेलोसी ने कहा, हम अगर वाणिज्यिक हितों के कारण चीन में मानवाधिकारों के लिए आवाज नहीं उठाते हैं, तो हम दुनिया में कहीं भी मानवाधिकारों के बारे में बोलने के सभी नैतिक अधिकार खो देते हैं।

### पेलोसी पर प्रतिबंधों की घोषणा

**चीन** के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को अमेरिकी हाउस स्पीकर नैन्सी पेलोसी के खिलाफ प्रतिबंधों की घोषणा की। मंत्रालय ने कहा कि पेलोसी ने अपनी यात्रा के साथ चीन के आंतरिक मामलों में गंभीर रूप से हस्तक्षेप किया और चीन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को गंभीरता से कम करने का प्रयास किया और यह कि चीन पेलोसी और उसके तत्काल परिवार पर प्रतिबंध लगाएगा। हालांकि चीन ने प्रतिबंधों पर ज्यादा जानकारी साझा नहीं की। चीनी विदेश मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि पेलोसी ने चीन की गंभीर चिंताओं की अवहेलना की और वह इस यात्रा का कड़ा विरोध करता है। चीन ने पेलोसी की यात्रा को उत्तेजक बताया और कहा कि यह चीन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को कमजोर करता है। चीन ताइवान के विदेशी सरकारों के साथ अपने जुड़ाव का विरोध करता है। चीन का कहना है कि ताइवान उसका क्षेत्र है और उसे अपने नियंत्रण में लाने के लिए वह किसी भी कीमत पर जाने को तैयार है।

भाजपा सांसद ने कहा, एनआईए जांच करे

# झारखंड के 1800 स्कूलों में हो रही शुक्रवार को छुट्टी

एजेंसी। नई दिल्ली



**भारतीय** जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने शुक्रवार को लोकसभा में दावा किया कि झारखंड में 1800 स्कूलों में रविवार की बजाय शुक्रवार को छुट्टी हो रही है, जो इसका प्रमाण है कि देश इस्लामीकरण की तरफ बढ़ रहा है।

उन्होंने सदन में शून्यकाल के दौरान यह विषय उठाते हुए कहा कि इस मामले की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआई) से कराई जाए ताकि कड़ा संदेश दिया जा सके। दुबे ने कहा, मैं झारखंड राज्य में हो रहे इस्लामीकरण की ओर ध्यान दिला रहा हूं। राज्य के कुछ जिलों में जनसंख्या का संतुलन बदल गया है। बांग्लादेश निकट है और इसलिए ऐसा हो रहा है। उनके मुताबिक, अचानक देखने में आया कि झारखंड में 1800 ऐसे स्कूल हैं। जिन्होंने अपने नाम में उर्दू शब्द लगा लिया। इन स्कूलों में रविवार को छुट्टी नहीं होती है, बल्कि शुक्रवार को हो रही है। भाजपा सांसद ने कहा, देश इस्लामीकरण की तरफ बढ़ रहा है। झारखंड उसे रास्ता दे रहा है। इसकी एनआईए से जांच कराई जाए। यह कड़ा संदेश जाना चाहिए कि किसी भी कीमत पर इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजपा सांसद जयंत सिन्हा ने झारखंड के पिछड़ेपन का विषय उठाया और दावा किया कि विकास के कई मानकों पर राज्य बहुत पिछड़ा हुआ है।

उन्होंने कहा, राज्य अपने लोगों को अनुसंधान, अवसर और कौशल विकास मुहैया कराने में विफल है। झारखंड में सिर्फ सात-आठ नए स्टार्ट-अप पंजीकृत हुए हैं। केंद्र सरकार निर्देश दे कि राज्य सरकार अपनी कार्य प्रणाली में सुधार करे।

# बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सरकार प्रतिबद्ध : मांडविया

## हर जिले में स्वास्थ्य संरचना के लिए सौ करोड़ खर्च करने की योजना

**पांच साल में 64 हजार करोड़ रुपये किए जाएंगे खर्च**

एजेंसी। नई दिल्ली

**बेहतर** स्वास्थ्य सेवाओं तक हर व्यक्ति की पहुंच सुगम बनाने को लेकर सरकार की प्राथमिकता जताते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कहा कि आज देश में 800 लोगों पर एक डाक्टर है तथा आने वाले समय में इनकी संख्या और बढ़ेगी।

स्वास्थ्य को मौलिक अधिकार बनाने के प्रावधान वाले एक निजी विधेयक पर राज्यसभा में हुई चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए मांडविया ने कहा कि सरकार की स्वास्थ्य के प्रति सजगता के परिणाम स्वरूप देश में कोविड काल में समय रहते टीके बनाए गए और न केवल देशवासियों को ये टीके लगे बल्कि अन्य देशों को भी ये टीके दिए गए। मंत्री ने कहा कि आज देश में 800 लोगों पर एक डाक्टर है तथा आने वाले समय में इनकी संख्या और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों को आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपए तक की निशुल्क उपचार की सुविधा मिलना बहुत बड़ी बात है।

उन्होंने कहा कि देश में हर व्यक्ति को अपनी क्षमता पहचाननी होगी। उन्होंने कहा, पहले बेहतर अनुसंधान के परिणाम भारत तक पहुंचने में लंबा समय लगता था। लेकिन कोविड काल में भारतीय वैज्ञानिकों ने न केवल देश में टीका बनाया बल्कि देश में ही टीके लगाने की तमाम सुविधाएं जैसे सिरिंज, निडल आदि की व्यवस्था की गई। कोविड काल में इनमें से किसी चीज की कमी नहीं हुई। मांडविया ने कहा कि कोविड प्रबंधन को लेकर पूरी दुनिया ने भारत की सराहना की। उन्होंने कहा कि कोविड काल में मिले सबक के आधार पर सरकार ने हर जिले में स्वास्थ्य अवसंरचना के लिए 100 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना बनाई है ताकि आगे कभी जरूरत पड़ने पर आपात स्वास्थ्य स्थिति से निपटा जा सके। उन्होंने कहा, इसके तहत पांच साल में 64 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, जिसमें प्रयोगशालाओं की स्थापना से लेकर अन्य जरूरी सुविधाएं मुहैया कराना शामिल है।



### हर व्यक्ति का ब्योरा मिलेगा ऑनलाइन

**उन्होंने** कहा कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत हर व्यक्ति का पूरा ब्योरा ऑनलाइन उपलब्ध होगा जिससे अंततअ इलाज में ही मदद मिलेगी। साथ ही इलाज एवं उसके रिकार्ड की गोपनीयता भी बरकरार रहेगी। मांडविया ने कहा कि स्वच्छता के लिए चलाया जा रहा स्वच्छ भारत अभियान तथा नल जल योजना बेहतर स्वास्थ्य के लिए मददगार हैं। उन्होंने कहा कि हर दिन करीब 20 लाख लोग जन औषधि केंद्रों से दवाएं लेते हैं।

### 2021-22 में स्वास्थ्य बजट 83 हजार करोड़ रुपये किया

**स्वास्थ्य** बजट को 53 प्रतिशत बढ़ाया। 2014 में यह बजट 33 हजार करोड़ रुपये था जो बढ़कर 2018-19 में 52 हजार करोड़ रुपये हो गया। 2019-20 में 62 हजार करोड़ रुपये, 2021-22 में 71 हजार करोड़ रुपये तथा फिर यह 83 हजार करोड़ रुपये हो गया। 2017 में हम स्वास्थ्य नीति ले कर आए। उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि आम आदमी के लिए इन योजनाओं की वजह से इलाज कराना आज आसान हो गया है।

# हार का ठीकरा लोकतंत्र पर न फोड़ें राहुल गांधी: भाजपा

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए शुक्रवार को उन पर चुनावों में कांग्रेस की लगातार हार और उनके खिलाफ नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच का ठीकरा भारतीय लोकतंत्र और उसकी संस्थाओं पर फोड़ने का आरोप लगाया।

राहुल के संवाददाता सम्मेलन के ठीक बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने आज जो बयान दिए हैं, वे शर्मनाक और गैरजिम्मेदाराना हैं। उन्होंने राहुल को याद दिलाया कि वह उनकी दादी प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ही थीं, जिन्होंने देश पर आपातकाल थोपा था और लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन किया था।

राहुल ने इससे पहले एक संवाददाता सम्मेलन में महंगाई, बेरोजगारी और सामाजिक हालात को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार किया और दावा किया कि भारत में लोकतंत्र की मौत हो रही है तथा सिर्फ चार लोगों की तानाशाही है। कांग्रेस नेता को आड़े हाथों लेते हुए प्रसाद ने कहा, अपने भ्रष्टाचार और गलत कामों को बचाने के लिए भारत की संस्थाओं को बदनाम करना बंद कीजिए... जनता आपको नहीं सुन रही है तो आप हमें क्यों दोष दे रहे हैं।



**पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष का दिया बयान शर्मनाक और गैर जिम्मेदाराना**

**कहा, इंदिरा गांधी ही थीं, जिन्होंने देश पर आपातकाल थोपा था**

भाजपा नेता ने सवाल किया कि उनकी पार्टी को लोकतंत्र की नसीहत देने वाले राहुल गांधी को देश को यह बताना चाहिए कि क्या उनकी पार्टी में लोकतंत्र है? उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी को अगर जनता वोट नहीं देती है, तो कृपया करके लोकतंत्र पर क्यों ठीकरा फोड़ रहे हैं? प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी ने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ क्या-क्या नहीं कहा था, बावजूद इसके देश ने उन्हें खारिज कर दिया और भाजपा को पहले से भी अधिक सीटें दिलाकर जिताया।

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी करेंगे नीति आयोग शासी परिषद बैठक की अध्यक्षता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सात रविवार को नीति आयोग की शासी परिषद (गवर्निंग काउंसिल) की सातवीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बैठक का आयोजन राजधानी दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केन्द्र में होगा। पीएमओ ने कहा कि ऐसे समय में जब देश अपनी आजादी के 75 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा है, राज्यों को चुस्त, लचीला और आत्मनिर्भर होने और सहकारी संघवाद की भावना के अनुरूप आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बढ़ने की जरूरत है। उसने कहा, एक स्थिर, टिकाऊ और समावेशी भारत के निर्माण की दिशा में नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की सातवीं बैठक 7 अगस्त को होगी और यह बैठक केन्द्र और राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों के बीच साझेदारी और सहयोग के एक नए युग की दिशा में तालमेल का मार्ग प्रशस्त करेगी।

### बलूचिस्तान में हुआ विस्फोट, एक की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सड़क किनारे राष्ट्रीय ध्वज बेच रहे कई स्टाल पर अज्ञात बदमाशों ने हथगोला फेंका जिसमें हुए विस्फोट से एक व्यक्ति की मौत हो गई है जबकि 14 अन्य घायल हो गए। शुक्रवार को मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई। सूत्रों के अनुसार, वारदात क्वेटा के ज्वाइंट रोड पर बृहस्पतिवार रात को हुई। खबर के अनुसार स्वतंत्रता दिवस (14 अगस्त) से पहले पाकिस्तान का राष्ट्रीय झंडा और अन्य चीजें बेच रहे कई स्टाल पर बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने हथगोला फेंका। पुलिस ने कहा कि इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। रिपोर्ट के अनुसार, हमले में दो बच्चे सहित कम से कम 14 लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों का कहना है कि घायलों की हालत स्थिर है।

### पश्चिम बंगाल : सीएए दिसंबर तक लागू होने की संभावना

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक असीम सरकार ने शुक्रवार को दावा किया कि संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) दिसंबर तक लागू होने की संभावना है। पश्चिम बंगाल में भाजपा के शरणार्थी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सरकार ने कहा कि लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए राज्य में सीएए को लागू करने की जरूरत है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, राज्य शरणार्थी प्रकोष्ठ का प्रमुख होने के नाते, मुझे लगता है कि सीएए आखिरकार इस दिसंबर तक लागू हो जाएगा। उस समय तक प्रक्रिया गति पकड़ने लगेगी। उन्होंने कहा, लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए खासकर सीमावर्ती जिलों में हिंदू शरणार्थियों के लिए सीएए को पश्चिम बंगाल में लागू करने की जरूरत है। नदिया जिले के हरिणघाटा के विधायक सरकार ने पूर्व में कहा था कि अगर 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले सीएए को लागू नहीं किया गया तो बांग्लादेश से आए हिंदू शरणार्थियों के बीच असंतोष को कभी दूर नहीं किया जा सकेगा। इस बीच, तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राज्य में सीएए को कभी लागू नहीं होने देंगी। राज्य के वन मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक ने कहा, असीम सरकार जैसे लोग इस तरह के झूठे दावे करके पिछड़े मतुआ समुदाय समेत प्रवासियों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

### पुनीत राजकुमार को कर्नाटक रत्न से सम्मानित किया जाएगा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शुक्रवार को कहा कि एक नवंबर को राज्य स्थापना दिवस कर्नाटक राज्योत्सव के अवसर पर, कन्नड़ फिल्म अभिनेता पुनीत राजकुमार को मरणोपरांत कर्नाटक रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। अभिनेता का पिछले साल निधन हो गया था। वह राज्य के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित होने वाले 10वें व्यक्ति होंगे। बोम्मई ने कहा, हमने एक नवंबर को पुनीत राजकुमार को कर्नाटक रत्न पुरस्कार देने का फैसला किया है, हम इसकी तैयारी के लिए एक समिति बनाएंगे जिसमें राजकुमार के परिवार के सदस्यों को भी शामिल किया जाएगा, इसे पूरे सम्मान से आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यहां लालबाग ग्लास-हाउस में वार्षिक स्वतंत्रता दिवस पुष्प प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस साल के फ्लावर शो में कन्नड़ अभिनेता डॉ राजकुमार और उनके बेटे एवं अभिनेता पुनीत राजकुमार को विशेष पुष्पांजलि अर्पित की गई।

### बीएसएफ ने पाकिस्तानी मछुआरे सहित पांच नौकाएं जब्त कीं

**अहमदाबाद।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के कर्मियों ने गुजरात के कच्छ जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास हरामी नाला इलाके से शुक्रवार को एक पाकिस्तानी मछुआरे को पकड़ा और पांच नौकाएं जब्त कीं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बीएसएफ ने एक दिन पहले ही यहीं से पाकिस्तानी मछुआरों द्वारा छोड़ी गईं दो नौकाएं जब्त की थीं। बीएसएफ की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, शुक्रवार सुबह गश्त के दौरान बीएएफ के कर्मियों ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास मछली पकड़ने वाली कुछ नौकाओं को देखा।



## ममता ने की प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात

**समय से कोष जारी करने का किया अनुरोध**

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और अपने राज्य से संबंधित कई मुद्दों को उठाया, जिसमें जीएसटी बकाया और केंद्र द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत समय पर धन जारी करना शामिल है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने करीब एक घंटे तक हुई बैठक की एक तस्वीर साझा की है। प्रधानमंत्री को एक ज्ञापन में बनर्जी ने कहा कि ग्रामीण रोजगार योजना-मनरेगा, पीएम-आवास योजना और पीएम-ग्रामीण सड़क योजना के क्रियान्वयन के कारण राज्य के लिए धन को तत्काल जारी करने के संबंध में वह कई बार हस्तक्षेप का आग्रह कर चुकी हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के तहत राज्य को देय राशि अब लगभग 17,996.32 करोड़ रुपये है।

## उत्तराखंड पर्यटन विभाग मोदी सर्किट विकसित करेगा

**देहरादून।** उत्तराखंड पर्यटन विभाग कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में मोदी सर्किट विकसित करने की योजना पर काम कर रहा है जिसमें पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा 2019 में एक टीवी शो की शूटिंग के दौरान भ्रमण किए गए सभी स्थलों को शामिल किया जाएगा। डिस्कवरी चैनल पर आने वाले बियर ग्रिल्स के प्रसिद्ध शो मैन वर्सेस वाइल्ड की शूटिंग के दौरान मोदी ने कई प्रकार की साहसिक गतिविधियां की थीं। मोदी और ग्रिल्स ने जुगाड़ से एक राफ्ट बनाकर कोसी नदी को पार किया था और टाइगर ट्रेल से गुजरे थे और इस दौरान पीएम ने अपने हाथ में एक भाला पकड़ा हुआ था।

# अमेरिका ने मंकीपॉक्स को लेकर जन स्वास्थ्य आपात घोषित किया

एजेंसी। वाशिंगटन

**अमेरिका** ने तेजी से फैल रहे मंकीपॉक्स को लेकर बृहस्पतिवार को जन स्वास्थ्य आपात स्थिति घोषित कर दी, ताकि इससे निपटने के प्रयास तेज किए जा सकें।



देश में 7,100 से अधिक लोग इस बीमारी की चपेट में आ चुके हैं। इस घोषणा से इस संक्रामक रोग से निपटने के लिए संघीय धन एवं संसाधनों को जुटाने में मदद मिलेगी। बुखार, शरीर में दर्द, ठंड लगना, थकान और शरीर पर कई जगह फोड़े होना इस बीमारी के लक्षण है। अमेरिकी स्वास्थ्य एवं मानव सेवा मंत्रालय के प्रमुख जेवियर बेसेरा ने कहा, हम इस वायरस से निपटने की अपनी तैयारियों को अगले स्तर पर ले जाने को तैयार हैं और हम हर अमेरिकी से मंकीपॉक्स को गंभीरता से लेने का आग्रह करते हैं। मंकीपॉक्स रोधी टीकों की उपलब्धता को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन की आलोचना के बीच यह घोषणा की गई है। न्यूयार्क और सैन फ्रांसिस्को जैसे बड़े शहरों के स्वास्थ्य केंद्रों का कहना है कि उन्हें पर्याप्त संख्या में दो खुराक वाले ए टीके नहीं मिले हैं। कुछ को तो पहली खुराक की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए दूसरी खुराक देना बंद करना पड़ा।

## वायु प्रदूषण मुख्य रूप से शहरी क्षेत्रों की समस्या : सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने संसद में कहा कि वायु प्रदूषण मुख्य रूप से शहरों में होता है, इसलिए वह शहरी क्षेत्रों में परिवेशी वायु गुणवत्ता की निगरानी पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने बृहस्पतिवार को एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, वायु प्रदूषण मुख्य रूप से शहरों में होता है। इसलिए सरकार शहरी क्षेत्रों में परिवेशी वायु गुणवत्ता की निगरानी पर ध्यान केंद्रित कर रही है। तदनुसार 28 राज्यों और सात केंद्र शासित प्रदेशों में 465 शहरों को शामिल करते हुए 1243 निगरानी स्टेशन स्थापित किए गए हैं।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के खर्चे पर आपत्ति

# संसदीय समिति ने कहा, विज्ञापन पर होने वाले खर्च पर पुन: विचार हो

एजेंसी। नई दिल्ली

**बेटी** बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत वर्ष 2016-19 के दौरान जारी 446.72 करोड़ रुपये की करीब 78 प्रतिशत राशि मीडिया पैरोकारी पर खर्च होने के मद्देनजर संसद की एक समिति ने सरकार को सुझाव दिया है कि विज्ञापन पर होने वाले इस खर्च पर पुन: विचार किया जाना चाहिए।

संसद में बृहस्पतिवार को पेश भारतीय जनता पार्टी सांसद हिना गावित की अध्यक्षता वाली महिलाओं को शक्तियां प्रदान करने संबंधी संसदीय समिति ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के विशेष संदर्भ के साथ शिक्षा के माध्यम से महिलाओं का सशक्तीकरण शीर्षक वाली रिपोर्ट में यह बात कही गई है। समिति ने कहा कि सरकार को इसकी बजाय शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी महत्वाकांक्षी योजनाओं के विभिन्न क्षेत्रों में योजनाबद्ध आवंटन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। समिति ने अपने पांचवें प्रतिवेदन में सरकारी स्कूलों में छात्राओं के लिए शत-प्रतिशत पृथक शौचालयों के जरिए समय-सीमा को अंतिम रूप देने, सैनिटरी नैपकिन के स्वच्छ निपटान के लिए बालिका शौचालयों में इंसीनरेटर मशीन लगाने, शौचालयों में पानी की नियमित आपूर्ति और नियमित निरीक्षण की सिफारिश की थी।

**2016-19 में 446.72 करोड़ के की करीब 78 प्रतिशत राशि मीडिया पैरोकारी पर व्यय**

सरकार द्वारा की गई कार्रवाई के उत्तर से समिति ने यह संज्ञान लिया है कि सरकार के जवाब सिफारिशों को लागू करने की उसकी गंभीरता को दर्शाते हैं। हालांकि, उसे पर्याप्त आंकड़े नहीं मिलते हैं जो जमीनी स्तर पर वास्तविक परिवर्तन दिखाएं।

# आपराधिक मामलों में सांसदों को कोई विशेषाधिकार नहीं : सभापति

## कांग्रेस सदस्यों ने कहा, सत्र के दौरान खड़गे को ईडी के समन ने अपमानित किया

**राज्यसभा में कहा उच्च सदन के सदस्यों को सिविल मामलों में जरूर मिले हैं कुछ विशेषाधिकार**

एजेंसी। नई दिल्ली

**केंद्रीय** एजेंसियों का दुरुपयोग कर विरोधी दल के नेताओं को निशाना बनाए जाने के विपक्ष के आरोपों के मद्देनजर राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू ने शुक्रवार को कहा कि उच्च सदन के सदस्यों को सिविल मामलों में जरूर कुछ विशेषाधिकार मिले हुए हैं लेकिन आपराधिक मामलों में उनके पास ऐसा कोई विशेषाधिकार नहीं है। ज्ञात हो कि विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने बृहस्पतिवार को सदन में आरोप लगाया था कि संसद का सत्र जारी रहने के बावजूद उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा समन भेजा गया है।

शिवसेना के सदस्य अपने नेता संजय राउत को ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने का मुद्दा भी पिछले कुछ दिनों से उठा रहे हैं। शिवसेना की प्रियंका चतुर्वेदी ने भी यह मामला उठाया था कि संसद का सत्र चल रहा है और राउत को ईडी ने गिरफ्तार किया है। आज सुबह भी 11 बजे सदन की बैठक शुरू होने पर हंगामा कर रहे कांग्रेस सदस्यों ने कहा कि सत्र के दौरान खड़गे को ईडी का समन भेज कर उन्हें अपमानित किया गया। विपक्षी नेताओं की इन बातों का संज्ञान लेते हुए नायडू ने सदन में ऐसे मामलों में कानूनी स्थिति और सदन में पूर्व में दी गई व्यवस्थाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सदस्यों में एक गलत धारणा है कि एजेंसियों की कार्रवाई के खिलाफ उनके पास कोई विशेषाधिकार है। सभापति ने कहा, हालांकि आपराधिक मामलों में सांसद किसी आम नागरिक से अलग नहीं हैं। इसका मतलब यह है सत्र के दौरान या वैसे भी, सांसदों के पास गिरफ्तार होने से बचने का कोई विशेषाधिकार नहीं है। उन्होंने इस बारे में आसन की ओर से पूर्व में दी गई कुछ व्यवस्थाओं का भी उल्लेख किया। ऐसे ही एक मामले में वर्ष 1966 में तत्कालीन सभापति जाकिर हुसैन द्वारा दी गई एक व्यवस्था का जिक्र करते हुए सभापति नायडू ने कहा कि संसद सदस्यों के कुछ विशेषाधिकार हैं ताकि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। पूर्व उपराष्ट्रपति हुसैन द्वारा दी गई व्यवस्था का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसा ही एक विशेषाधिकार है कि जब सत्र चल रहा हो तो सदस्यों को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता लेकिन यह स्वतंत्रता सिर्फ सिविल मामलों में है, आपराधिक कार्रवाइयों में नहीं है।



### सत्र के शुरू होने के 40 दिन पूर्व या समाप्ति पर सिविल मामलों में गिरफ्तारी पर रोक

**सभापति** ने कहा, संविधान के 105वें अनुच्छेद के मुताबिक संसद सदस्यों को कुछ विशेषाधिकार हैं। इनमें एक विशेषाधिकार यह है कि सत्र के आरंभ होने या समिति की बैठकों में शामिल होने के 40 दिन पहले और इसके समाप्त होने के 40 दिनों के भीतर किसी भी संसद सदस्य को सिविल मामले में गिरफ्तार नहीं किया जा सकता है।

### सोमवार को सभापति नायडू को मिलेगी विदाई

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सोमवार को अपने सभापति एम. वेंकैया नायडू को विदाई देगी जिनका कार्यकाल 10 अगस्त को पूरा हो रहा है। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने शुक्रवार को सदन में इसकी घोषणा की। राज्यसभा के सभापति का कार्यकाल पांच वर्ष जबकि सदस्य का छह वर्ष होता है।

### हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही बाधित

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की पूछताछ सहित विभिन्न मुद्दों पर कांग्रेस एवं कुछ अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण शुक्रवार को लोकसभा की बैठक शुरू होने के करीब 25 मिनट बाद दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी गई। विरोध स्वरूप कांग्रेस के सदस्य काले परिधान पहनकर सदन में आए थे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हंगामा कर रहे सदस्यों से कहा कि उनका यह व्यवहार उचित नहीं है।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने राजधानी में पतंग उड़ाने पर लगाया प्रतिबंध

एजेंसी। नई दिल्ली

**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी में पतंग उड़ाने पर रोक लगाने से शुक्रवार को इनकार कर दिया और कहा कि यह सांस्कृतिक गतिविधि है।

अदालत ने पतंग उड़ाने के लिए इस्तेमाल में लाए जाने वाले चीनी सिंथेटिक मांझे की बिक्री पर राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) के प्रतिबंध आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने का राज्य सरकार और पुलिस को निर्देश भी दिया। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने कहा कि एनजीटी ने चीनी सिंथेटिक मांझे पर पूर्ण प्रतिबंध पहले से ही लगा रखा है और यहां तक कि दिल्ली पुलिस भी इस बाबत अधिसूचना जारी कर रही है और उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। अदालत पतंग उड़ाने, इसकी बिक्री, खरीद, भंडारण और परिवहन पर प्रतिबंध को लेकर एस. पाल सिंह की ओर से दायर एक जनहित याचिका की सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता का कहना था कि शीशे के लेप वाले धागों के कारण मनुष्य एवं पक्षी भी घायल होते हैं या मारे जाते हैं।

**चीनी मांझे की बिक्री को लेकर दिए निर्देश**

पीठ ने याचिका का निपटारा करते हुए कहा कि पतंग उड़ाने पर रोक नहीं लगाई जा सकती है, क्योंकि यह सांस्कृतिक गतिविधि है और इसे धार्मिक गतिविधि से जोड़कर भी देखा जाता है। अदालत ने राज्य सरकार और दिल्ली पुलिस को निर्देश दिया कि वे चीनी मांझे के इस्तेमाल और बिक्री को लेकर एनजीटी के आदेश पर अमल सुनिश्चित करें।

# नाले की सफाई को लेकर नोएडा प्राधिकरण पर एनजीटी सख्त

## लगाया 100 करोड़ का जुर्माना दिल्ली जल बोर्ड से भी होगी 50 करोड़ रुपये की वसूली




● फटकार लगाते हुए कहा- 95 सोसाइटी व इंडस्ट्री जिनका सिवरेज बिना शोधित किए न जा रहा है। यूपीपीसीबी सख्त एक्शन ले



**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

**नेशनल** ग्रीन ट्रिब्यूनल ने नोएडा प्राधिकरण 100 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। ये जुर्माना नोएडा के याचिकाकर्ता कुसुम गुप्ता की एक याचिका पर लगाया गया। जिसमे कहा गया था कि दिल्ली से नोएडा में प्रवेश कर सेक्टर.168 होते हुए यमुना तक जाने वाले करीब 21 किमी लंबे सिचाई नाले की साफसफाई नहीं की गई। नोएडा प्राधिकरण और दिल्ली जल बोर्ड की ओर से जो भी तथ्य प्रस्तुत किए गए वे इस प्रयोजन के लिए नाकाफी रहे।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने माना कि नाले की वजह से पर्यावरण को काफी नुकसान हुआ है। इसको लेकर यूपी व दिल्ली के चीफ सेकेट्री स्तर के अधिकारी इस मामले को गंभीरता लेते हुए संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करे और अधिकारियों के खिलाफएक्शन लिया जाए। अध्यक्ष सीपीसीबीए अध्यक्ष डीपीसीसी और अध्यक्ष यूपीपीसीबी की एक संयुक्त कमेटी बनाई जाए और तीन महीने में रेमिडिएशन का एक्शन प्लान बनाए। एनजीटी ने आदेश में दिल्ली जल बोर्ड को भी फटकार लगाते हुए 50 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है।

जुर्माने की रकम सेंट्रल पलूशन कंट्रोल बोर्ड के खाते में दोनों अथारिटीस को अलग-अलग जमा करनी होगी। साथ ही 95 सोसाइटी, इंडस्ट्री जिनका सिवरेज बिना शोधित किए न जा रहा है। यूपीपीसीबी सख्त एक्शन ले। यहीं नहीं इस मामले में गाजियाबाद नगर निगम, दिल्ली जल बोर्ड, ईस्ट दिल्ली म्यूनिसिपल कारपोरेशन, नगर पालिका परिषद, खोड़ा मकनपुर को भी निर्देशित किया कि नाले में जो भी गंदगी जाती है उसे वैरीफ ाई करते हुए एक्शन लिया जाए। याचिकाकर्ता कुसुम गुप्ता ने बताया कि नाले की सफाई के मामले को लेकर एक अक्टूबर 2018 को उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। वहां सुनवाई के दौरान एनजीटी जाने के लिए कहा गया। 1 नवंबर 2018 को उन्होंने एनजीटी में याचिका दायर की। जिसमें 5 अगस्त को एनजीटी ने सुनवाई करते हुए नोएडा प्राधिकरण और दिल्ली जल बोर्ड के खिलाफ निर्देश दिए।

## गाजियाबाद में कौशांबी एरिया का भूजल दूषित

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के कौशांबी एरिया का भूजल दूषित हो गया है। दिल्ली की लैब से जांच रिपोर्ट आने के बाद रेजिडेंट्स एसोसिएशन ने बोतलबंद पानी पीने की सलाह दी है। डीएम ने भूजल की जांच का आदेश दिया है।

कौशांबी रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय मित्तल के अनुसार, कई सोसाइटीज में दूषित पानी की शिकायत आ रही थी। इस पर जुलाई के आखिरी हफ्ते में कामदगिरी, सुमेरू और विंध्याचल सोसाइटी से पानी के सैंपल लेकर गाजियाबाद के नेशनल टेस्टिंग हाउस में जांच कराई गई। इन्हीं सैंपलों की जांच दिल्ली की एक प्राइवेट लैब में हुई। अब दोनों लैब की जांच रिपोर्ट एक आई है।

इसके मुताबिक, पानी में क्लोराइड 250 की जगह 1027 मिलीग्राम प्रति लीटर और टीडीएस 500 की जगह 2348 मिलीग्राम प्रति लीटर मिला है। ऐसे में रेजिडेंट्स को बोतलबंद पानी पीने की सलाह दी गई है। गाजियाबाद के डीएम राकेश कुमार सिंह ने कहा, कौशांबी के भूजल की जांच के लिए चार विभागों की कमेटी बना दी गई है। इस कमेटी में उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जल निगम, भूगर्भ जल विभाग और जिला उद्योग केंद्र के अधिकारी होंगे। वे टीडीएस और क्लोराइड की जांच करेंगे। डीएम ने कौशांबी एरिया के लोगों से अपील करते हुए कहा है कि वे सोसाइटीज में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम जरूर लगवाएं।

## मर्सिडीज कार ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

**नोएडा।** थाना सेक्टर 24 क्षेत्र के सेक्टर 31-25 के चौराहे पर बीती रात तेज गति में आ रही मर्सिडीज कार ने एक बाइक सवार को रौंद दिया। हादसे के बाद मर्सडीज का चालक फरार हो गया और बाइक सवार की मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक मूलरूप से अलीगढ़ का रहने वाला चित्रांश पुत्र रामगोपाल बीती रात अपनी बाइक से जा रहा था। सेक्टर 31-25 के चौराहे पर विपरीत दिशा से तेज गति में आ रही मर्सडीज कार के चालक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। चित्रांश गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मर्सिडीज कार का चालक मौके से फरार हो गया।



गाजियाबाद में मामूली बारिश के बाद ही जलभराव हो गया। इस दौरान वाहनों की लंबी कतारें भी लग गई।

# 22 करोड़ में से केवल छह करोड़ का उठाया मुआवजा

**दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे मुआवजा घोटाला**

● 16 करोड़ रुपये की फाइल तैयार मुआवजा उठाने वालों का इंतजार



**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद**

**दिल्ली** मेरठ एक्सप्रेसवे मुआवजा घोटाले में रोजाना नए राज निकालकर सामने आ रहे हैं। मामले की जांच में पता चला है कि कुल 22 करोड़ रुपये के मुआवजे में से छह करोड़ रुपये ही अभी तक खातेदारों के खाते में पहुंचे हैं। 16 करोड़ रुपये के मुआवजे की फ ाइल तैयार हैं। इसको लेकर अभी तक खाताधारकों ने आवेदन नहीं किया है। अब प्रशासन की टीम इन फ इल को होल्ड कराने की तैयारी में जुट गई है। ताकि बचे हुए मुआवजे को आवंटित करने से रोका जा सके।

इस मामले में कुल 22 करोड़ रुपये का मुआवजा घोटाला बताया गया था। अशोक सहकारी समिति ने जिन जान पहचान व रिश्तेदारों को जमीन बेचकर मुआवजे की फ ाइल तैयार की थी उनके लंबी सूची है। वर्ष 2016 में इस जमीन पर मुआवजा लिया गया। जिन लोगों को मुआवजे की राशि दी जानी थी उनकी संख्या भी 20 से ज्यादा की बताई गई है। वर्ष 2016 में ही सभी खातेदारों का फाइल तैयार कर मुआवजे की राशि तय हो गई। इसमें से कुछ खातेदारों ने मुआवजा ले लिया। करीब छह करोड़ की राशि गलत तरीके से उठा ली गई लेकिन बाकी खातेदारों के मुआवजे की फाइल तो तैयार हो लेकिन वह अपना मुआवजा उठाने नहीं पहुंचे। जांच के दौरान तथ्य सामने आए हैं कि अभी तक इस मामले में 16 करोड़ का मुआवजा नहीं लिया गया है। जांच टीम अब इस 16 करोड़ रुपये के मुआवजा खातेदारों की सूची तैयार कर रही है। इन फ ाइलों को अब होल्ड कराया जाएगा ताकि कोई भी खातेदार मुआवजे की इस राशि पर दावा न कर सके।

जांच टीम इसकी भी गहनता से जांच कर रही है कि आखिर जिस जमीन का अधिग्रहण हो चुका था उस जमीन के मुआवजे की फ ाइल कैसे तैयार हुई। मुआवजा राशि तय करते समय राजस्व विभाग की टीम ने दस्तावेजों की जांच क्यो नहीं की। इतना ही नहीं जिन खातेदारों को मुआवजा देना था। फाइल बनाने से पहले उनकी भौतिक सत्यापान हुआ या नहीं। सत्यापान करने के बाद मुआवजे की फाइल तैयार हो गई तो इतने साले के बाद यह राशि उनके क्यो नहीं दी गई।

### यह है मामला

यह घोटाला अशोक सहकारी समिति के जरिए किया गया। यह समिति को वर्ष 1964 में बनाई गई थी। इस समिति में एक ही परिवार के कई लोग सदस्य थे। इसके साथ ही दो अन्य समिति भी बनाई गई थीं। इन समितियों को फ र्जी तथ्यों के आधार पर बनाया गया था। वर्ष 1999 में समितियों को निरस्त कर दिया गया। इसके बावजूद समिति के नाम पर ही कार्य जारी रहा। वर्ष 2012 में दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस-वे के लिए जमीन अधिग्रहण को लेकर थ्री.डी का प्रकाशन किया गया, जिसके तहत एक्सप्रेस-वे के लिए चिह्नित जमीन की खरीद-फ रोख्त नहीं की जा सकती थी। लेकिन समितियों ने नियम विरुद्ध जाकर राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों से साठगांठ करके वर्ष 2016 में जमीन के बैनामे अपने परिजनों व जानकारों के नाम पर कर दिए। उसके बाद मिलीभगत कर कीमत से दस गुना ज्यादा तक मुआवजा लिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### युवती की मौत से गांव में तनाव

**नोएडा।** थाना जारचा क्षेत्र के चौना गांव में एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके से पुलिस को कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। थाना जारचा पुलिस को सूचना मिली कि चौना गांव निवासी सत्ते की 19 वर्षीय पुत्री नेहा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतका नेहा का पिता सत्ते हाल में जेल में बंद है। गत दिनों चौना व ततारपुर गांव के लोगों के बीच हुए हिंसक बवाल के आरोप में पुलिस ने उसे गत दिनों गिरफ्तार कर जेल भेजा था। नेहा की मौत से जहां परिजनों में कोहराम मचा हुआ है वहीं गांव में तनाव भी व्याप्त हो गया है। इस मौत पर तरह.तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। इसी गांव में गत दिन हुए बवाल के आरोप में चार और लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इस मामले में पुलिस अब तक 9 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

### खड़ी कार पर गिरा इमारत का छज्जा

**गाजियाबाद।** खोड़ा की आदर्श कालोनी में एक जर्जर इमारत का छज्जा अचानक नीचे खड़ी कार पर आ गिरा, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत यह रही कि कार का मालिक गाड़ी से बाहर था जिसके चलते वह बाल बाल बच गया। घटना के बाद घटनास्थल पर आसपास के लोग जमा हो गए। लोगों का कहना था कि खाली पड़ी इमारत की हालत के बारे में स्थानीय नगर पालिका को अवगत कराया जा चुका है। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। अब इससे लोगों की जान को खतरा बना है। खोड़ा नगर पालिका के अंतर्गत आने वाली आदर्श कालोनी में हुए हादसे के दौरान क्षतिग्रस्त कार का मालिक अकरम गाड़ी से बाहर था, जिससे उसकी जान बच गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि इमारत के आसापास काफी लोग अक्सर जमा होते हैं और गनीमत यही रही कि हादसे के वक्त वहां कोई नहीं था। कार की हालत देखकर साफ पता चल रहा था कि अगर इसमें कार चालक होता तो बड़ा हादसा होता।

### निर्माणाधीन सोसाइटी में फंदे से लटका मिला शव

**नोएडा।** थाना बिसरख क्षेत्र के निर्माणाधीन एक सोसाइटी में एक 30 वर्षीय अज्ञात युवक का शव सरिया से बंधे फंदे में लटका हुआ मिला है। पुलिस को शक है कि उसने आत्महत्या किया है। वही चर्चा है कि उसकी हत्या की गई है। थाना बादलपुर के प्रभारी निरीक्षक उमेश बहादुर सिंह ने बताया कि आज दोपहर को पुलिस को सूचना मिली कि गौर सिटी के पास जिंदल ग्रुप की निर्माणाधीन बिल्डिंग में एक 30 वर्षीय युवक का शव सरिया से बधे फंदे में लटका हुआ है। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### होटल के कमरे से चुरा ली पिस्तौल

**नोएडा।** थाना फेज-3 पुलिस ने होटल के कमरे से लाइसेंसी रिवाल्वर चोरी करने के आरोप में एक होटल कर्मी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की लाइसेंसी रिवाल्वर बरामद हुई है। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के पीआरओ पंकज कुमार ने बताया कि मामूरा गांव स्थित बॉलीवुड स्पाइस होटल के कमरे से सत्यपाल यादव की लाइसेंसी रिवाल्वर चोरी हो गई थी। इस मामले में सत्यपाल यादव ने अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी करने का मामला दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद जांच पड़ताल व होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों के आधार पर होटल कर्मी राहुल पुत्र विजेंद्र पर पुलिस का शक गहराया।

### रियल स्टेट कंपनी पर आईटी की रेड

**नोएडा।** रियल स्टेट सेक्टर की कंपनी लोट्स पर इनकम टैक्स विभाग ने सर्च की है। ये सर्च दिल्ली यूनिट ने की है। सर्च शुक्रवार को भी जारी है। इनकम टैक्स आफिसर को साक्ष्य मिले थे कि कंपनी के अधिकारियों ने बड़े स्तर पर टैक्स चोरी की है। दस्तावेजों को खंगालने के लिए 15 अधिकारियों की टीम है। सेक्टर 126 नोएडा में ऐस स्टूडियो में छठी मंजिल पर स्थित लोट्स बिल्डर के कार्यालय में सर्च की जा रही है। यहां कंपनी के पिछले तीन सालों के लेनदेन के दस्तावेज देखें जा रहे है। इस मौके पर स्थानीय पुलिस भी मौजूद है। अब तक सर्च में अनएकाउंटेड ट्रांजेक्शन के साक्ष्य मिले है। इसके अलावा कैश के लेनदेन की जानकारी भी मिली है। इनकम टैक्स ने कई साक्ष्य जुटाए है जिन पर पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों ने कार्यालय से कई दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट और अन्य दस्तावेज जब्त किए है। आईटी सूत्रों ने कहा कि जब्त सामग्री का विश्लेषण करने के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। इससे पहले भी नोएडा में लगातार कई स्थानों पर आईटी की रेड पड़ चुकी है। जिसमे एनबीसीसी के पूर्व डीजीएम, मेट्रो अस्पताल, पावर मैक कंपनी के अलावा कई स्थानों पर रेड हो चुकी है।

# त्योहारों पर लंबी दूरी की बसों के फेरे बढ़ाए जाएंगे

● ग्रेनो और नोएडा से रूट पर 30 मिनट मे एक बस रवाना करने की तैयारी



**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

**आगामी** त्योहारों के मद्देनजर ग्रेटर नोएडा और नोएडा स्थित उत्तर प्रदेश रोडवेज के डिपो से लंबी दूरी के विभिन्न जगहों के लिए बसें चलाई जाएंगी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

ग्रेटर नोएडा डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (एआरएम) ललित श्रीवास्तव ने बताया कि रक्षाबंधन के त्योहार के मद्देनजर लंबी दूरी के रूट पर सभी बसों के फेरे बढ़ा दिए जाएंगे, ताकि यात्रियों को समय पर बस मिल सके। उन्होंने कहा कि लंबी दूरी के रूट पर 30 मिनट में एक बस रवाना करने की तैयारी है।

उन्होंने बताया कि जिले में दूर से आकर काम करने वाले लोगों की तादाद काफी ज्यादा है। इनमें से ज्यादातर लोग त्योहार के मौके पर अपने-अपने घर जाते हैं। इस बार भी रक्षाबंधन पर बड़ी संख्या में लोगों के यात्रा करने की उम्मीद है। इसके लिए रोडवेज के अधिकारियों ने तैयारी की है। उन्होंने बताया कि ग्रेटर नोएडा डिपो से विभिन्न रूट पर 139 बसों का संचालन किया जा रहा है।

आठ से 20 अगस्त के बीच लंबी दूरी के रूट पर विशेष संचालन होगा, जिनमें आगरा, मैनपुरी, एटा, अलीगढ़, हाथरस, बुलंदशहर समेत अन्य रूट पर बसों के फेरे बढ़ा दिए जाएंगे। नोएडा के मोरना डिपो के एआरएम नरेश पाल सिंह ने कहा कि नौ अगस्त से लखनऊके लिए बसों की संख्या बढ़ा दी जाएगी। 12 अगस्त तक यात्रियों को अतिरिक्त बसों की सुविधा मिलेगी। आसपास के कम भीड़ वाले रूट से बसें हटाकर इन शहरों के लिए बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी। मेरठ, आगरा, बिजनौर, गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा, बुलंदशहर आदि शहरों के लिए बसें अतिरिक्त फेरे लगाएंगी।

# इथियोपिया में फंसे यूपी के चार लोग

**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद**

● कंपनी ने नौकरी करने भेजा था, पासपार्ट छीनकर किया बंद

**अफ्रीकी** महाद्वीप के देश इथियोपिया में नौकरी करने गए उत्तर प्रदेश के चार लोग वहां फं स गए हैं। उन्हें रोलिंग मशीन कंपनी ने बंधक बनाकर एक कमरे में कैद कर दिया है। पासपोर्ट भी छीन लिए हैं।

इथियोपिया में स्थित भारतीय दूतावास से भी उन्हें कोई मदद नहीं मिल पा रही। इन लोगों ने वीडियो जारी करके भारत सरकार से मदद की गुहार लगाई है। आजमगढ़ जिले में गांव वेलकुडा निवासी संजय कुमार मिश्रा, गांव चंदाभारी निवासी राजबहादुर चौबे, गांव जूड़ा रामपुर निवासी संदीप सिंह और बलिया जिले के ग्राम जनऊपुर निवासी धर्मेंद्र यादव 9 मार्च 2022 को गाजियाबाद की प्रीत मशीनरी रोलिंग मशीन के द्वारा इथियोपिया भेजे गए थे। प्रीत रोलिंग मशीन ने ही इनका वीजा बनवाया था और ये कहा था कि इथियोपिया में एक प्रोजेक्ट शुरू करना है। तीन महीने बाद इन चारों की भारत वापसी तय हुई थी। संजय मिश्रा इस कंपनी में बतौर रोलिंग फोरमैन और बाकी तीनों लोग फिटर पद पर तैनात हुए थे।

# कारोबारी को बंधक बना तमंचे के बल पर चार लाख ट्रांसफर कराए

**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद**



**मुरादनगर** की राधेश्याम विहार कॉलोनी में कारोबारी को बंधक बनाने के बाद तमंचे के बल पर चार लाख रुपये ट्रांसफ र कराने का मामला सामने आया है। कारोबारी ने गुरुवार शाम पीने के लिए मांगी मांगा तो आरोपी पानी लेने चला गया। जान बचाने के लिए कारोबारी मकान की पहली मंजिल से कूद गया।

घटना में घायल हुए कारोबारी को अस्पताल में भर्ती कराया गयाहै। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। राजनगर निवासी प्रमोद कुमार अपना कारोबार करते हैं। प्रमोद कुमार ने बताया कि मुरादनगर की राधेश्याम विहार कॉलोनी के फेज.एक में उनका बचपन का दोस्त रहता है।

आरोप है कि घर पहुंचने के कुछ देर बाद दोस्त ने उन पर तमंचा तान दिया और 16 लाख रुपये की मांग की। रुपये न देने पर वह उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहा था। कारोबारी का आरोप है कि इसके बाद दोस्त ने उन्हें कमरे में बंधक बना लिया और गन प्वाइंट पर उनके भाई व कुछ मिलने वालों से चार लाख रुपये खाते में ट्रांसफर करा लिए।

# एडिफिस ने सीबीआरआई को सौंपी रिपोर्ट

● रविवार तक मिल जाए क्लीयरैंस तो 21 अगस्त को टावर कर देंगे ध्वस्त

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**



**नोएडा** में सुपरटेक के दोनों टावर 21 अगस्त तक गिराए जा सकते है यदि सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट सीबीआरआई उन्हें रविवार तक क्लीयरैंस देती है तो। सीबीआरआई ने जिन प्वाइंट पर जवाब मांगा था उनको दिया गया है। हालांकि हम पूरी तरह से आश्वस्त है कि ये ब्लास्ट एक कंट्रोलड ब्लास्ट होगा। इसलिए इंप्लॉजन तकनीक का प्रयोग ही यहां किया जा रहा है। जिससे पहले भी कई इमारत देश और विदेश में गिराई जा चुकी है।

उन्होंने बताया कि रविवार को क्लीयरैंस मिलते ही एक्स्प्लोसिव लगाने का काम शुरू किया जाएगा। एक्स्प्लोसिव सिर्फ दिन में लगाया जाएगा। लेकिन हम ये कार्य 20 अगस्त तक हर हाल में पूरा कर लेंगे। सभी प्रकार की अंतिम तैयारियां हो चुकी है। 15 दिनों से पहले ही हम इमारत को रिचार्ज कर सकते है। सीबीआरआई ने इन पर मांगी थी रिपोर्ट ट्रॉयल ब्लास्ट के बाद जो नया ब्लास्ट डिजाइन तैयार किया है उसकी रिपोर्ट ब्लास्ट के दौरान ब्रिटेन की कंपनी की ओर से तैयार वाइब्रेशन रिपोर्ट ब्लास्ट के बाद डिबरीस का निस्तारण प्लान टेस्ट ब्लास्ट की रिपोर्ट उस दौरान वाइब्रेशन मानिटरिंग रिपोर्ट डस्ट क्लाउड।

टावर को ध्वस्त करने के लिए जो विस्फोटक लगाया जाएगा, उसमें 325 किलो सुपर पावर जैल, 63300 मीटर्स सोलर कार्ड, सॉफ्ट टयूब, जिलेटिन रॉड, 10990 नंबर सुप्रीम डिले नॉन इलेक्ट्रिक डेटोनेटर रैगिंग क्लास-6 और डिवीजन-2 होंगे। चार इंस्टेंट, नोयस एक्सप्लोसिव डिवाइस का प्रयोग किया जाएगा। विस्फोटक लगाने का काम 60 लोग करेंगे। टावर के किसी भी पिलर में पांच से ज्यादा होल नहीं होंगे। किसी भी होल में 1.375 किलो से ज्यादा विस्फ ोटक नहीं लगाया जाएगा। किसी भी दो पिलर में एक साथ विस्फ ोट नहीं होगा। टावर परिसर के 40 मीटर दायरे में किसी भी अन्य तरह की गतिविधि नहीं होनी चाहिए।

# सार्वजनिक स्थानों पर जाम छलकाना पड़ा भारी

● ग्रेटर नोएडा जोन में 519 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**



**ग्रेटर** नोएडा में सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करने वालों के खिलाफ पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। इस दौरान ग्रेटर नोएडा जोन में 519 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस अधिकारियों ने पुलिस फोर्स के साथ पैदल मार्च किया। नोएडा पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह के निर्देश पर गौतम बुद्ध नगर के सभी थाना क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया गया।

इस दौरान डीसीपी, एडिशनल डीसीपी अन्य पुलिस अधिकारियों के द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पैदल मार्च किया गया। पैदल मार्च के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ भी अभियान चलाया और उनकी धरपकड़ की गई। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ ग्रेटर नोएडा जॉन में कार्रवाई हुई। इस दौरान 519 लोगों को पुलिस के द्वारा पकड़ा गया और इन लोगों के खिलाफ आईपीसी की धारा 290 के तहत कार्रवाई की गई। सभी लोगों को साफ तौर पर हिदायत दी गई कि आगे से कभी भी खुले में शराब का सेवन न करें अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा चलाए गए इस विशेष अभियान में पुलिस के द्वारा चेकिंग अभियान भी चलाया गया।

इस दौरान शराब पीकर वाहन चला रहे लोगों की गाड़ियों के चालान काटे गए। वही नियमों का पालन न करने वाले 108 वाहनों के चालान काटे गए साथ ही दो मोटरसाइकिल को सीज भी किया गया। कुल 116 वाहनों के खिलाफ यह कार्रवाई की गई। पुलिस अधिकारियों के द्वारा महिला सुरक्षा को लेकर भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल मार्च किया गया। गौतमबुद्ध नगर की स्वयं सिद्धा टीम ने भी पैदल मार्च किया और महिलाओं से बातचीत की। साथ ही महिलाओं से उनकी समस्याओं के बारे में जाना और उन्हें हेल्पलाइन नंबर भी साझा किए गए।

किसी भी तरह की परेशानी होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करने के लिए महिलाओं से कहा गया। ग्रेटर नोएडा के बीटा 2 थाना क्षेत्र में एडिशनल डीसीपी विशाल पांडे, एसीपी महेंद्र देव सिंह और बीटा 2 थाना प्रभारी अनिल राजपूत के द्वारा पैदल मार्च किया गया। इस दौरान भारी पुलिस फोर्स उनके साथ मौजूद रही। एडिशनल डीसीपी विशाल पांडे ने बताया कि पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह के निर्देश के बाद यह विशेष अभियान चलाया गया है। 519 लोगों के खिलाफ कार्रवाई हुई है। यह वह लोग हैं जो खुले में शराब का सेवन कर रहे थे।

# मसूरी थाने में बदमाशी की रील बनाकर वायरल की


**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद**

**रील** बनाने के चक्कर में नियम-कानूनों को ताक पर रखने के मामले अकसर सामने आते हैं, लेकिन पहली बार ऐसा मामला सामने आया है जिसमें युवक ने थाने में ही बदमाशी की रील बना डाली।

मामला मसूरी थाने का है, जिसमें एक युवक ने गैंगस्टर के गाने पर रील बनाई है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद फ जीहत होने पर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है। सोशल मीडिया पर गुरुवार को एक वीडियो वायरल हुई। दस सेकेंड की इस वीडियो में एक युवक मसूरी थाने के कार्यालय की तरफ से एसएचओ के कार्यालय की तरफ आ रहा है। गैंगस्टर के गाने पर युवक ने बदमाशी की वीडियो बनाई है। फि ल्मी अंदाज में वह हाथ को इस तरह हवा में लहरा रहा है, जिस तरह हथियार लहराते हैं। वीडियो वायरल होते ही पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस ने देर शाम आरोपी को ट्रेस कर लिया, जिसकी पहचान आकाश पंडित के रूप में हुई है।

युवक जिस वक्त थाने में बदमाशी की रील बना रहा था, उस दौरान एक महिला पुलिसकर्मी स्कूटी निकाल रही थी। वीडियो पर संज्ञान लेते हुए अधिकारियों ने पहले तो मसूरी पुलिस को फटकार लगाई और फि र वीडियो की सत्यता की जांच कर आरोपी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए।

# परमाणु बम से उत्पन्न धुएं का गुब्बार, हिरोशिमा



हिरोशिमा दिवस छह अगस्त को कहा जाता है। अमेरिका ने छह अगस्त, 1945 के दिन जापान के हिरोशिमा नगर पर 'लिटिल बॉय' नामक यूरेनियम बम गिराया था। इस बम के प्रभाव से 13 वर्ग किमी में तबाही मच गयी थी। हिरोशिमा की 3.5 लाख की आबादी में से एक लाख चालीस हजार लोग एक झटके में ही मारे गए। ये सब सैनिक नहीं थे। इनमें से अधिकांश साधारण नागरिक, बच्चे, बूढ़े तथा स्त्रियां थीं। इसके बाद भी अनेक वर्षों तक अनगिनत लोग विकिरण के प्रभाव से मरते रहे। अमरीका इतने पर ही नहीं रुका। उसे एक अन्य प्रकार के बम के प्रभावों को अभी और आजमाना था। इसलिए इस अमानवीय विनाश के तीन दिन बाद ही नौ अगस्त को 'फैट मैन' नामक प्लूटोनियम बम नागासाकी पर गिराया गया, जिसमें अनुमानित 74 हजार लोग विस्फोट व गर्मी के कारण मारे गए। इनमें भी अधिकांश निरीह नागरिक थे।

## इतिहास

हिरोशिमा को छह अगस्त, 1945 तक जापान के एक औद्योगिक नगर के रूप में जाना जाता था। दूसरे विश्वयुद्ध के समय जापानी सेना की 5वीं डिविजन का यहां मुख्यालय था। यहां सैनिक छावनी भी थी और यह सैनिक आपूर्ति मार्ग का महत्वपूर्ण पड़ाव था। दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान छह अगस्त से पूर्व इस नगर पर अमरीका ने बमबारी नहीं की थी, ताकि अणुबम से होने वाले नुकसान का सटीक आकलन किया जा सके। विश्व में पहली बार छह अगस्त, 1945 को जब इस शहर पर लिटिल बॉय नाम का अणुबम गिराया गया, तब जापान सरकार के राशन आपूर्ति के आंकड़ों के अनुसार शहर में कुल आबादी 2,55,000 थी। लेकिन इस शहर में लगातार सैनिक और सहायक मजदूर आ-जा रहे थे। गैर आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार नगर की तत्कालीन आबादी 3,81,000 के आस-पास थी।

## अमरीका की विमान कार्रवाई

कमाण्डर कर्नल पॉल टिबेट्स की कमान में छह अगस्त को अमरीकी सेना के विमान एनोला गे (बी-29) ने दक्षिण प्रशान्त के वायु सैनिक अड्डे %टिनियन% से दो अन्य बी-29 विमानों के साथ उड़ान भरी। विमान का नाम %एनोला गे% उसके पायलट पॉल टिबेट्स की मां के नाम पर रखा गया था। साथ उड़ान भरने वाले विमानों में एक का नाम

> हिरोशिमा दिवस छह अगस्त को कहा जाता है। अमेरिका ने छह अगस्त, 1945 के दिन जापान के हिरोशिमा नगर पर 'लिटिल बॉय' नामक यूरेनियम बम गिराया था। इस बम के प्रभाव से 13 वर्ग किमी में तबाही मच गयी थी। हिरोशिमा की 3.5 लाख की आबादी में से एक लाख चालीस हजार लोग एक झटके में ही मारे गए।

था- %ग्रेट आर्टिस्ट%। अणुबम का प्रभाव नापने वाले यंत्रों-उपकरणों से सज्जित इस विमान को मेजर चार्ल्स स्वीनी उड़ा रहे थे। दूसरे अनाम विमान, बाद में जिसका नाम %नेसेसरी इविल% रखा गया, में दुनिया को अणुबम की संहारक क्षमता और अमरीकी शक्ति के प्रमाण जुटाने के लिये उच्च क्षमता के कैमरे लगे हुए थे, इसके पायलट थे कैप्टन जॉर्ज मैक्वार्ड। टिनियन से उड़ान भरने के बाद तीनों विमानों ने इवोजिमा होते हुए जापान की वायुसीमा में प्रवेश किया। उस वक्त विमान 8,000 फीट की ऊंचाई पर उड़ रहे थे। हिरोशिमा के पास पहुंच कर विमान की ऊंचाई 32,300 फीट हो गयी। उड़ान के दौरान जलसेना के कैप्टन विलियम पार्सन्स ने विमान में %लिटिल बॉय% को फिट किया और लक्ष्य पर पहुंचने के 30 मिनिट पूर्व उनके सहायक सेकेण्ड लेफ्टिनेंट टेनेण्ट मॉरिस जैप्सन ने उस अणुबम पर लगे सुरक्षा उपकरणों को हटाकर उसे सक्रिय किया।

## हिरोशिमा पर हमला

जापान के चेतावनी राडार ने हमले के लगभग एक घण्टे पूर्व दक्षिण जापान की ओर बढ़ रहे इन अमरीकी विमानों को चिह्नित करके सम्भावित हवाई हमले की रेडियो से चेतावनी दे दी थी। सुबह लगभग आठ बजे हिरोशिमा के राडार चालक ने देखा कि विमानों की संख्या केवल तीन ही है, इसलिये उसने माना कि यह टोही विमान हैं और कोई हमला नहीं होने जा रहा। अपने ईंधन और हवाई जहाजों को बचाने की दृष्टि से जापानी वायुसेना ने अमरीकी जहाजों पर प्रतिरोधी हवाई आक्रमण नहीं किया। अगर जापान के राडार पहचान लेते कि ये बमवर्षक विमान हैं तो शायद अधिक गम्भीर प्रयास किये जाते। लक्ष्य पर स्थानीय समय के अनुसार सुबह 8:15 पर बम फेंका गया।

60 किलोग्राम यूरेनियम-235 वाले %लिटिल बॉय% नामक अणुबम को हवाई जहाज से फेंके जाने के बाद शहर से लगभग 2,000 फीट की, फटने की ऊंचाई, तक पहुंचने में 57 सेकण्ड लगे। हवा के विपरीत बहाव के कारण यह अपने निर्धारित लक्ष्य %इयोई ब्रिज% से करीब 800 फीट दूर %शीमा सर्जिकल क्लिनिक% के ऊपर फटा। धमाका लगभग 13 किलोटन टीएनटी के बराबर था। परिणामस्वरूप लगभग 1.6 किमी का इलाका पूरी तरह ध्वस्त हो गया। 11 वर्ग किमी का क्षेत्र आग की लपटों में घिरकर जल गया। अमरीकी अधिकारियों के अनुसार इस बम से 12 वर्ग किमी का इलाका पूरी तरह ध्वस्त हुआ था। जापानी अधिकारियों ने दावा किया कि हिरोशिमा नगर की 69 प्रतिशत इमारतें पूरी तरह नष्ट हो गयीं और इसके अलावा 6-7 प्रतिशत भवनों को आंशिक क्षति पहुंची। इसके बावजूद अमरीकी वैज्ञानिकों के अनुसार यू-235 वाला यह अस्त्र नाकाम रहा, क्योंकि इसने ईंधन के केवल 1.38 प्रतिशत का ही सक्रिय उपयोग किया था।

हमले के बाद सात अगस्त से नौ अगस्त के बीच जापान के सम्राट हिरोहितो व उनकी युद्ध सलाहकार समिति समर्पण के स्वरूप और शर्तों पर विचार कर रही थी, लेकिन अमरीकी सरकार को अपने एक और बम का परीक्षण कर प्रभाव का सटीक आकलन करना था और उसे दुनिया को दिखाना भी था। इसलिए जापान के समर्पण तैयारी को जानते हुए भी नौ अगस्त को दक्षिणी जापान के बन्दरगाह नगर नागासाकी पर 11 बजकर, एक मिनट पर 6.4 किलो प्लूटोनियम-239 वाला %फैट मैन% नाम का दूसरा बम गिराया गया। 43 सेकण्ड के बाद जमीन से 1,540 फीट की ऊंचाई पर यह बम फटा और इससे 21 किलोटन टीएनटी के बराबर धमाका हुआ। परिणामस्वरूप 3,900 डिग्री सेल्सियस की ऊष्मा उत्पन्न हुई और हवा की गति 1005 किमी प्रति घंटे तक पहुंच गयी। इससे तत्काल हुई मौतों की संख्या का अनुमान 40,000 से 75,000 के बीच था। 1945 के अन्त तक यह आंकड़ा 80,000 तक जा पहुंचा।

## जापान का समर्पण

17 अगस्त या 18 अगस्त को जापान पर तीसरा अणु हमला होना था। इसी क्रम से सितम्बर में तीन और अक्टूबर में तीन हमले करने की भी योजना थी। उधर जापान के सम्राट स्थिति को तुरन्त काबू में करना चाहते थे, जबकि सोवियत संघ ने भी जापान के विरुद्ध युद्ध की घोषणा कर दी। अन्ततः जापान ने 14 अगस्त को समर्पण कर दिया। इस प्रकार जापान के समर्पण के साथ ही विश्व इतिहास के सर्वाधिक निर्मम आक्रमण और सर्वाधिक संहारक अस्त्र के परीक्षण का पटाक्षेप हुआ।

## इतिहास में पहली और आखिरी बार हुआ था परमाणु बमों से हमला

### क्या अब भी हैं तबाही के निशां?

**परमाणु** हमलों के बाद रेडियोएक्टि विकिरण के शिकार जापानी लोगों की अदालती लड़ाई 76 साल बाद अब भी जारी है। अभी पिछले महीने ही वहां के हाईकोर्ट ने काली बारिश के पीड़ित 84 लोगों की याचिका पर उन्हें मेडिकल सुविधाएं देने के पक्ष में फैसला दिया। जापानी अदालत के इस फैसले का असर सरकार की ओर से जारी उस रिव्यू प्रोसेस पर भी होगा जो इस बात का परीक्षण करने के लिए शुरू किया है कि क्या परमाणु बम हमले के शिकार लोगों और काली बारिश के प्रभाव के लिए चिह्नित एरिया से बाहर के प्रभावित लोगों को भी समान हेल्थ सुविधाएं दी जानी चाहिए। दशकों से पीड़ित लोग अदालतों में अपनी मांग के लिए लड़ रहे हैं। अदालत ने साफ कहा कि सरकार द्वारा चिह्नित इलाके के बाहर भी काली बारिश से बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हुए थे और उन्हें हेल्थ सुविधाएं दी जानी चाहिए। अब उन्हें विकिरण से होने वाली 11 चिह्नित बीमारियों के इलाज की सुविधा मिल सकेगी।

जापान की अदालत के इस फैसले से कोर्ट के बाहर मौजूद पीड़ितों में उत्साह की लहर दौड़ गई। स्थानीय मीडिया से बात करते हुए पीड़ितों के संघ के 83 साल के अध्यक्ष मसाकी तकानो ने कहा- मैं कोर्ट का इस फैसले के लिए आभार जताता हूं। साथ ही राज्य प्रशासन और शहर के प्रशासन से अपील करता हूं कि पीड़ितों को ये सुविधाएं मिलने दें और ऊपरी अदालत में इस फैसले को चुनौती न दें।

अदालत के इस फैसले पर हिरोशिमा के मेयर कजूमी मतसुई ने कहा- शहर के लोगों की इच्छा को ध्यान में रखते हुए सिटी प्रशासन सरकार और तमाम पक्षों के साथ इस बारे में विचार करेगी कि क्या काली बारिश से प्रभावित इलाके का दायरा बढ़ाया जा सकता है?

### कोर्ट में दशकों से लंबित मामले के पीछे विवाद क्या?

परमाणु हमले के शिकार हिरोशिमा के लोगों की दशकों पुरानी ये लड़ाई सरकार के उस फैसले के खिलाफ है जिसमें सरकार ने बम गिरने की जगह के 19 किलोमीटर लंबे और 11 किलोमीटर चौड़े दायरे के एक ओवल शेप्ड इलाके को काली बारिश से प्रभावित माना था. परमाणु बम हमले के बाद कई इलाकों में एक घंटे तक काली बारिश हुई थी और विकिरण के कारण बहुत सारे लोगों की मौत हो गई थी तो कई लोग विकलांग हो गए थे. इन इलाकों में कई दशकों तक जन्मने वाले लोगों में विकलांगता के लक्षण पाए गए. लेकिन इस दायरे के बाहर कई इलाके के लोगों ने भी दावा किया कि विकिरण का असर उनके इलाकों में हेल्थ पर भी हुआ है और सरकार की ओर से उन्हें भी मेडिकल सुविधाएं और अन्य राहत मिलनी चाहिए.



# पर्यावरण के प्रति बनें जिम्मेदार

**शबनम धर का कहना है कि सतत रणनीतियां समय के साथ बड़ी बचत प्रदान करती हैं, वायु गुणवत्ता और कल्याण को बढ़ाती हैं। इसका परिणाम होता है कि वातावरण स्वस्थ होता है और यह बेहतर दक्षता को बनाए रखता है**



**मानव** निर्मित हस्तक्षेपों ने ग्लोबल वार्मिंग व जलवायु परिवर्तन पर बहुत बड़ा प्रभाव डाला है। जनसंख्या में तीव्र वृद्धि होने से, निर्माण में तीव्र वृद्धि हुई है। इससे प्रकृति और उसके संसाधनों का अत्यधिक दोहन हुआ है। जबकि देश में टिकाऊ वास्तुकला अभी भी उभर रही है, भारत तीसरे स्थान पर है। आईजीबीसी (इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल) द्वारा प्रमाणित भवन 40-50 प्रतिशत कम ऊर्जा और 20-30 प्रतिशत कम पानी का उपयोग करते हैं। यह क्षेत्र प्रत्येक वर्ष 20 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। किसी भी देश की प्रगति को प्राथमिक रूप से उसके शिक्षा व स्वास्थ्य उद्योग की स्थिति से आंका जाता है। वित्त वर्ष 2025 तक भारतीय शिक्षा प्रणाली के 225 बिलियन अमरीकी डालर के मूल्यांकन तक पहुंचने की उम्मीद है। यह उपमहाद्वीप शिक्षा में नेतृत्व प्रदान करने के मामले में एक संशयग्रस्त मोड़ पर है।

**स्थाई वास्तुकला**- टिकाऊ वास्तुकला रणनीतियों का उपयोग करके अधिक से अधिक सार्वजनिक भवनों को डिजाइन किया जा रहा है। हालांकि प्रारंभिक लागत अधिक है, मगर टिकाऊ रणनीतियां समय के साथ बड़ी बचत प्रदान करती हैं, वायु गुणवत्ता और कल्याण में सुधार करती हैं और एक स्वस्थ वातावरण के रूप में परिणाम देती हैं। स्थायी वास्तुकला बेहतर दक्षता बनाए रखते हुए संसाधनों में मॉडरेशन का उपयोग करने पर निर्भर करती है। स्थायी वास्तुकला के तहत बने भवनों को ग्रीन बिल्डिंग कहा जाता है।

हरित भवन वह है जिसका निर्माण और प्राकृतिक पर्यावरण पर न्यूनतम प्रभाव पड़ता है। वे ऊर्जा-बचतकारी संसाधनों के साथ काम करते हैं और पर्यावरण की दृष्टि से जिम्मेदार हैं। इन संरचनाओं को पानी, सूरज व अन्य प्राकृतिक संसाधनों से ऊर्जा का दोहन करने के लिए डिजाइन किया गया है। इनके अलावा, हरित भवन ऊर्जा-कुशल प्रणालियों का भी उपयोग करते हैं, जिससे वे पर्यावरण के अनुकूल हो जाते हैं।

परंपरागत ढंग से संरचित इमारतों की तुलना में, टिकाऊ संरचित इमारतें कम कचरा पदार्थ का उत्पादन करती हैं और कम अनुपात में ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन करती हैं, जिससे लोगों के रहने या काम करने के लिए यह स्वस्थ हो जाती है।

**तेजी से बढ़ती**- पर्यावरणीय समस्याओं को देखते हुए, स्वस्थ जीवन निर्माण के लिए टिकाऊ वास्तुकला का कार्यान्वयन अत्यावश्यक हो जाता है। लीड और ब्रीअम जैसे पर्यावरण मानक स्थायी भवन डिजाइन के लिए दिशानिर्देश प्रदान करते हैं। हमारे ग्रह की पर्यावरणीय स्थिरता के लिए सतत वास्तुकला महत्वपूर्ण है। यह समय की मांग है।

**ऊर्जा दक्षता**- ऊर्जा दक्षता टिकाऊ वास्तुकला की सबसे महत्वपूर्ण विशेषताओं में से एक है। हरित भवन को ऊर्जा सक्षम कहा जाता है क्योंकि यह पर्यावरण के अनुकूल होने के लिए ऊर्जा-बचत विधियों का उपयोग करता है, फिर भी सुसंरचित इमारत का निर्माण करता है।

ऊर्जा का उपयोग करने वाले छोटे से छोटे उपाय को भी ध्यान में रखते हुए, अक्षय स्रोतों का उपयोग करने हेतु हवा के रिसाव को रोककर, हरित भवनों की संरचना सावधानी से की जाती है। हरित भवनों में ऊर्जा बचत के लिए उपयोग की जाने वाली कुछ तकनीकों में ऊर्जा-कुशल रोशनी की स्थापना, टाइमर सुविधा वाली स्ट्रीट लाइट, सौर पैनलों का उपयोग आदि शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, हरे रंग की इमारतें हाइड्रोइलेक्ट्रिक और ज्वारीय शक्ति जैसे चिर-टिकाऊ योग्य संसाधनों का उपयोग करती हैं।

**अक्षय संसाधन उपयोग**- स्थायी भवन पर्यावरण के अनुकूल समाधान बनाने के लिए निष्क्रिय डिजाइन और नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करते हैं। यह निर्माण और इंजीनियरिंग विधियों के उचित व मध्यम स्तर को लागू करके गैर-नवीकरणीय सामग्रियों के उपयोग को कम करता है। अक्षय ऊर्जा का उपयोग प्रभावी पुनर्चक्रण का उपयोग करके निर्माण कचरे को कम करने में मदद करता है। इसके अलावा, अक्षय संसाधनों का उपयोग पुनर्नवीनीकरण निर्माण अपशिष्ट और इंजीनियरिंग सामग्री का उपयोग करके पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने में मदद करता है।

**पर्यावरण के अनुकूल समाधान**-टिकाऊ वास्तुकला, पर्यावरण के अनुकूल होने के कारण, पर्यावरण को कई तरह से मदद करती है। योजना जलवायु, परिदृश्य, ऊर्जा और तूफानी जल प्रबंधन को ध्यान में रखती है, फिर निर्माण के दौरान पर्यावरण-अनुकूल प्रणालियों व सामग्रियों का उपयोग किया जाता है। संरचनाओं के निर्माण के लिए उपयोग की जाने वाली सामग्री पर्यावरणीय प्रभाव को काफी कम कर देती है, जिससे सुरक्षित और स्वस्थ जीवन का निर्माण होता है। पर्यावरण-अनुकूल समाधानों को लागू करने के लिए कई रणनीतियों का उपयोग किया जा सकता है।

**कांच समाधान**- कांच से बनी इमारत पर्यावरण - अनुकूल होने के साथ-साथ प्रभावशाली लुक देती है। यह इमारत को एक आरामदायक और आधुनिक रूप देती है और पर्यावरण सुरक्षा कारक को बनाए रखता है। इन इमारतों में इस्तेमाल किया गया ग्लास इमारत के इंटीरियर में फैले प्रकाश को अनुकूलित करता है और गर्मी की लहरों को प्रतिबिंबित करने में मदद करता है, जिससे एक आरामदायक इनडोर जीवन प्रदान होता है। यह सुविधा इमारत के अंदर ठंडे तापमान को सक्षम करती है और सूरज से प्राप्त गर्मी का प्रभावी ढंग से उपयोग करती है। इसके अलावा, इस्तेमाल किया गया ग्लास प्रकाश उपकरणों व कृत्रिम तापमान का उपयोग घटाता है क्योंकि यह ग्लास प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग के समाधान को सक्षम बनाता है। इस ग्लास सॉल्यूशन का उपयोग करने से बिजली- बिलों में कमी करने में मदद मिलती है और लोगों को रहने के लिए एक स्वस्थ जगह भी मिलती है।

**स्मार्ट ईंटें**- स्मार्ट ईंट 9ए आरईबी (संसाधन कुशल ईंट) है। यह प्रौद्योगिकी और टिकाऊ निर्माण का एक संयोजन है। इस प्रक्रिया से तेजी से निर्माण होता है, जिससे काफी समय की बचत होती है। इसके अलावा, यह प्रक्रिया श्रम के अनुकूल है और इसकी संरचनात्मक प्रक्रिया में किसी रेत या पानी की आवश्यकता नहीं होती है। कम संसाधनों के उपयोग से, यह उपभोक्ताओं को एक गुणवत्तापूर्ण संरचना प्रदान करती है।

**गैर-पारंपरिक रेत**- इस प्रकार की रेत का निर्माण व्यापक रूप से उपलब्ध कठोर ग्रेनाइट पत्थरों का चूरा बनाकर किया जाता है। चूंकि इन पत्थरों को कूच दिया जाता है, इसलिए यह परिवहन लागत को काफी हद तक कम कर देता है। ये पत्थर पारंपरिक नदियों में पाए जाते हैं और ये इमारत को मजबूत नींव देते हैं।

**पर्यावरण कुशल धातु**- एल्युमीनियम जैसी धातुएं उत्पादन- प्रक्रिया से लेकर परिवहन तक उच्च ऊर्जा उत्पन्न करती हैं। हालांकि, टिकाऊ वास्तुकला धातु को बार-बार रीसाइक्लिंग या पुनः उपयोग करके धातु का उपयोग करती है, इसलिए बहुत सारी ऊर्जा की बचत होती है। पुनर्चक्रण और पुनः उपयोग के कारण धातु द्वारा उपयोग की जाने वाली ऊर्जा कम हो जाती है और यह सामग्री को टिकाऊ बनाती है। जो सामग्री बनाई जाती है वह जलप्रतिरोधी, लंबे समय तक चलने वाली और इसके प्रतिस्थापन की आवश्यकता नहीं होती है।

गैर हरित-भवनों की तुलना में हरे रंग की इमारतों के संपत्ति मूल्य में 7 प्रतिशत की वृद्धि होने से, वे बेहतर वेंटिलेशन और बेहतर प्राकृतिक प्रकाश के साथ सामान्य कल्याण में भी योगदान करते हैं। यह अनुमान लगाया गया है कि 2050 तक हरित इमारतें 84 गीगाटन सीओ2 उत्सर्जन को कम करके वातावरण पर समग्र नकारात्मक प्रभाव को दूर कर सकती हैं।

**लेखक स्टूडियो आर्कोहम में भागीदार हैं**

पायनियर
हरियाणा, शनिवार, 06 अगस्त 2022



# सुधीर ने जीता गोल्ड, लॉन्ग जंप में श्रीशंकर को मिला सिल्वर

## सात भारतीय मुक्केबाज भी अपना पदक पक्का कर चुके हैं

### फाइनल में पहुंचे भारत के चार पहलवान

एजेंसी। बर्मिंघम

**कॉमनवेल्थ** गेम्स के सातवें दिन का खेल जारी रहा। खेल के समाप्त होने से पहले तक एथलीट्स भारत की झोली में पांच गोल्ड, सात सिल्वर और आठ ब्रॉन्ज के साथ कुल 20 मेडल डाल चुके थे। दिन के आखिरी समय में भारत के लिए मुरली श्रीशंकर ने इतिहास रचा, जो देश के लिए लॉन्ग जंप में सिल्वर मेडल जीतने वाले पुरुष खिलाड़ी बने।

पुरुष और महिला मिलाकर इस मेगा इवेंट में यह लॉन्ग जंप में भारत का अब तक का चौथा मेडल है। अंजू बॉबी जॉर्ज ने 2002 में ब्रॉन्ज और प्रजुषा मलियाक्कल ने 2010 में सिल्वर मेडल जीता था। इधर सुधीर पैरा पावर लिफ्टिंग स्पर्धा के पुरुष हैवीवेट फाइनल में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा। सुधीर राष्ट्रमंडल खेलों की पैरा पावर लिफ्टिंग स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी है। उन्होंने अपने दूसरे प्रयास में 212 किग्रा वजन उठाकर रिकॉर्ड 134.5 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। सुधीर हालांकि अपने अंतिम प्रयास में 217 किग्रा वजन उठाने में नाकाम रहे। साथ ही सात भारतीय मुक्केबाज भी अपना पदक पक्का कर चुके हैं। इस तरह भारत को कम से कम 27 मेडल मिलना तय है। आठवें दिन इन पदकों की संख्या बढ़ सकती है।





### मोदी ने पदक विजेताओं की सराहना की, बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पैरा खिलाड़ी सुधीर को राष्ट्रमंडल खेलों के पैरा पावरलिफ्टिंग में स्वर्ण पदक जीतने पर शुक्रवार को बधाई दी और उनके प्रदर्शन में निरंतरता की सराहना की। उन्होंने पुरुषों की लंबी कूद में रजत पदक जीतने के लिए मुरली श्रीशंकर की भी सराहना की और कहा कि दशकों बाद भारत ने इस स्पर्धा में पदक हासिल किया। सुधीर ने गुरुवार को पुरुषों की हैवीवेट पैरा पावरलिफ्टिंग में स्वर्ण पदक जीता था। इधर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी मुरली श्रीशंकर और पैरा स्वर्ण पदक जीतने वाले सुधीर को ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने पर शुक्रवार को बधाई दी। राष्ट्रपति ने ट्वीट किया, राष्ट्रमंडल खेलों की लंबी कूंद में रजत पदक जीतने पर श्रीशंकर को बधाई। आप की लंबी छलांग से भारत राष्ट्रमंडल खेलों की इस स्पर्धा में पहला पदक जीतने में सफल रहा। इस अभूतपूर्व उपलब्धि से कई भारतीय विशेषकर युवा प्रेरित होंगे।

### सातवें दिन तक भारतीय खिलाड़ियों द्वारा जीते गए पदक

**छह स्वर्ण:** मीराबाई चानू, जेरेमी लालरिनुंगा, अंचिता शेउली, महिला लॉन बॉल टीम, टेबल टेनिस पुरुष टीम, सुधीर (पैरा-पावरलिफ्टिंग)।

**सात रजत:** संकेत सरगरी, बिंदियारानी देवी, सुशीला देवी, विकास ठाकुर, भारतीय बैडमिंटन टीम, तूलिका मान, मुरली श्रीशंकर।

**सात कांस्य:** गुरुराजा पुजारी, विजय कुमार यादव, हरजिंदर कौर, लवप्रीत सिंह, सौरव घोषाल, गुरदीप सिंह, तेजस्विन शंकर।

### लॉन्ग जंप में काबिल-ए-तारीफ रही भारत की शुरुआत

**मोहम्मद** अनीस याहिया ने अपने दूसरे प्रयास में जोरदार वापसी की। उन्होंने अपने दूसरे प्रयास में 7.65 मीटर की छलांग लगाई। मुरली श्रीशंकर ने अपने दूसरे प्रयास में भी सुधार किया, क्योंकि उन्होंने अपने शुरुआती प्रयास में 7.60 मीटर की तुलना में 7.84 मीटर की छलांग लगाई। स्क्वाश में अनाहत-सुनयना की जोड़ी नॉक आउट हो गई है। पहले गेम में 11-4 से हारने के बाद दूसरे गेम में भी इस जोड़ी को हार मिली और हार का अंतर भी समान रहा। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने ये मैच 11-4, 11-4 से अपने नाम किया। इधर टेबल टेनिस में सनिल शेट्टी और हरमीत देसाई की जोड़ी ने 16वें राउंड में जगह बना ली है। सनिल शेट्टी और हरमीत देसाई की मेंस डबल्स जोड़ी के लिए यह जीत आसान रही। उन्होंने साइप्रस के इओसिफ एलिया और क्रिस्टोस सावा को 11-6, 11-5 और 11-1 से हराया।

### भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया 65 किग्रा के क्वार्टरफाइनल में पहुंचे

**बर्मिंघम।** भारत के स्टार पहलवान बजरंग पूनिया को शुक्रवार को यहां राष्ट्रमंडल खेलों के 65 किग्रा वर्ग के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने में दो मिनट से भी कम समय लगा। उन्होंने शुरुआती दौर में नौराऊके लोवे बिंघम को गिराकर आसान जीत दर्ज की। गत चैम्पियन बजरंग ने एक मिनट अपने प्रतिद्वंद्वी को समझने में लिया और फिर जकड़ने की स्थिति से अचानक बिघंम को पटक कर मुकाबला खत्म कर दिया। बिंघम को इस अचानक से हुए दांव का पता नहीं चला और भारतीय पहलवान आसानी से जीत गया। बजरंग अब ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मॉरिशस के जीन गायलियाने जोरिस बांडोऊके सामने होंगे। शुक्रवार को पुरुष फ्रीस्टाइल स्पर्धा में भाग लेने वाले अन्य भारतीय दीपक पूनिया (86 किग्रा) और मोहित ग्रेवाल (125 किग्रा) हैं। महिलाओं की स्पर्धा में अंशु मलिक (57 किग्रा), साक्षी मलिक (62 किग्रा) और दिव्या काकरान (68 किग्रा) भारतीय चुनौती पेश करेंगी।

### अंशु मलिक सेमीफाइनल में जीतीं

**महिलाओं** की 57 किग्रा फ्रीस्टाइल स्पर्धा में भारत की अंशु मलिक सेमीफाइनल में पहुंच गई। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की इरेन सिमोनोडिस को 64 सेंकड में ही हरा दिया। अंशु ने यह मुकाबला 10-0 से अपने नाम किया। उनसे पहले पुरुषों में बजरंग पूनिया और दीपक पूनिया ने जीत हासिल की थी।

### साक्षी ने हासिल की जीत

महिलाओं के 62 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में भारत की साक्षी मलिक ने क्वार्टर फाइनल में जीत हासिल की। उन्होंने इंग्लैंड की कैस्ले बर्न्स को 10-0 से हराया।

### भाविना का मेडल पक्का

भारत का एक मेडल और पक्का हो गया है। पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी भाविना पटेल ने विमेंस क्लास 3-5 इवेंट के फाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने इंग्लैंड की सुई बुले को 11-6, 11-6, 11-6 से हराया। अब वे गोल्ड मेडल मैच खेलेंगे। इस बीच भारतीय मेंस टीम ने 4×400 मीटर इवेंट के फाइनल में जगह बना ली है।

## विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स

# दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनीं रूपल

एजेंसी। कैली (कोलंबिया)

**उत्तर** प्रदेश के एक किसान की बेटी रूपल चौधरी विश्व अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बन गई हैं। रूपल ने महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता। इससे पहले उन्होंने चार गुणा 400 मीटर रिले में रजत पदक हासिल किया था।

रूपल उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के शाहपुर जैनपुर गांव की रहने वाली है। उनके पिता किसान हैं। यह 17 वर्षीय एथलीट बेहतरीन फॉर्म में हैं।

### रूपल ने महिलाओं की चार सौ मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता



उन्होंने तीन दिन के अंदर 400 मीटर की चार दौड़ में हिस्सा लिया। गुरुवार की रात को महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में रूपल ने 51.85 सेकेंड के समय के साथ ग्रेट ब्रिटेन की यमी मैरी जॉन (51.50) और कीनिया की दमारिस मुटुंगा (51.71) के बाद तीसरा स्थान हासिल किया। इससे पहले वह उस रिले टीम का हिस्सा थी, जिसने मंगलवार को चार गुणा 400 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता था। भारतीय टीम ने तीन मिनट 17.76 सेकेंड का समय लेकर एशियाई जूनियर रिकॉर्ड बनाया था। रूपल ने उसी दिन व्यक्तिगत 400 मीटर दौड़ के पहले दौर में हिस्सा लिया था और उसके बाद बुधवार को वह सेमीफाइनल और गुरुवार को फाइनल में उतरी थी।

उन्होंने चैंपियनशिप में दो बार अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। पहली बार सेमीफाइनल में उन्होंने 52.27 सेकेंड का समय निकाला और फिर फाइनल में इस समय में सुधार किया। इस साल के शुरू में रूपल ने खिताब की प्रबल दावेदार कर्नाटक की प्रिया मोहन को पीछे छोड़ कर राष्ट्रीय अंडर-20 फेडरेशन कप एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता था।

## अंतरराष्ट्रीय टी20 क्रिकेट

# श्रृंखला जीतने उतरेगा भारत, अय्यर के प्रदर्शन पर रहेगी नजर

## भारत अभी पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से आगे

फोर्ट लॉडरहिल (फ्लोरिडा)

**भारत** यहां लगातार दिन होने वाले चौथे और पांचवें टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को हराकर पांच मैचों की श्रृंखला जीतने और इस साल के आखिर में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी टीम को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगा।

शनिवार और रविवार को होने वाले इन मैचों में श्रेयस अय्यर के प्रदर्शन पर भी नजर होगी जिनके लिए टी20 विश्व कप की टीम में जगह बनाना मुश्किल बनता जा रहा है। भारत अभी पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से आगे है और वह अमेरिकी दर्शकों के सामने आखिरी दो मैच जीतकर इसे अपने नाम करना चाहेगा। भारत की वर्तमान टीम में जिस एक खिलाड़ी पर सभी की नजर टिकी रहेगी वह श्रेयस अय्यर है। दीपक हुड्डा ने मौकों का अच्छा फायदा उठाया है और ऐसे में मध्यक्रम में अय्यर के लिए जगह बनाना मुश्किल होता जा रहा है। एशिया कप के लिए केएल राहुल और विराट कोहली की टीम में वापसी तय है और ऐसे में अय्यर को बाहर बैठना पड़ सकता है। उन्होंने अब तक तीन मैचों में शून्य, 11 और 24 रन बनाए हैं और वह तेज गेंदबाजों की उठती गेंदों के सामने असहज नजर आते हैं। जब से राहुल द्रविड़ कोच बने हैं तब से किसी भी खिलाड़ी को पर्याप्त मौके मिले हैं, लेकिन अय्यर के मामले में वह वनडे की तरह टी20 में अच्छी फॉर्म बनाकर नहीं रख पाए।

द्रविड़ ने पिछले ढाई महीनों में अय्यर को नौ टी20 मैचों में मौका दिया लेकिन पहले 10 ओवरों में खेलने का मौका मिलने के बावजूद वह एक बार भी अर्धशतक नहीं बना पाए। अगर अय्यर को आखिरी दो मैचों में मौका मिलता है तो उनके पास बड़ा स्कोर बनाने के अलावा कोई और विकल्प नहीं होगा। पिछले मैच में अपने बेहतरीन शॉट से सभी को हैरान करने वाले सूर्यकुमार यादव को इस बार शीर्ष क्रम में अपने कप्तान रोहित शर्मा का साथ मिल सकता है। तीसरे मैच में रोहित को पीठ दर्द के कारण क्रीज छोड़नी पड़ी थी।



### दोनों टीम इस प्रकार हैं

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, दीपक हुड्डा, हार्दिक पंड्या, ऋषभ पंत, ईशान किशन, दिनेश कार्तिक, संजू सैमसन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, रविचंद्रन अश्विन, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल।

**वेस्टइंडीज:** निकोलस पूरन (कप्तान), रोवमैन पॉवेल, शमरह ब्रूक्स, डोमिनिक ड्रेक्स, शिमरोन हेटमायर, जेसन होल्डर, अकील होसेन, अल्जारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, काइल मेयर्स, ओबेद मैककॉय, कीमो पॉल, रोमारियो शेफर्ड, ओडियन स्मिथ, डेवोन थॉमस, हेडन वॉल्श।

मैच रात आठ बजे से शुरू होगा।

### आवेश खान पिछले दो मैचों में नहीं कर सके अच्छा प्रदर्शन

आवेश खान पिछले दो मैचों में अच्छी गेंदबाजी नहीं कर पाए थे, लेकिन टीम प्रबंधन के पास उनको बनाए रखने के अलावा कोई विकल्प नहीं है क्योंकि हर्षल पटेल अभी पसली की चोट से पूरी तरह नहीं उबरे हैं। यह देखना भी दिलचस्प होगा कि कुलदीप यादव को श्रृंखला में मैच खेलने के लिए मिलता है या नहीं क्योंकि हर्षल के पूरी तरह फिट नहीं होने पर भारत अतिरिक्त स्पिनर के साथ उतर सकता है।



## यूएई लीग में खेलने के लिए

# ऑस्ट्रेलिया के 15 खिलाड़ियों को मोटी रकम की पेशकश

एजेंसी। सिडनी

### सात लाख डालर का दिया ऑफर

**संयुक्त** अरब अमीरात (यूएई) की इंटरनेशनल लीग (आईएल टी20) ने आस्ट्रेलिया के चोटी के 15 खिलाड़ियों को बिग बैश लीग (बीबीएल) से हटने और उनकी लीग में खेलने के लिए 700000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की पेशकश की है, जिससे क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया चिंतित है।

इन दोनों लीग का आयोजन एक ही समय में होना है। बिग बैश लीग 13 दिसंबर से चार फरवरी के बीच खेली जाएगी, जबकि आईएल टी20 का पहला टूर्नामेंट छह जनवरी से 12 फरवरी के बीच खेला जाना है। इससे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के लिए दोनों लीग में शामिल होना नामुमकिन है। सूत्रों के अनुसार 15 ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को बिग बैश लीग से हटने और यूएई की लीग में खेलने के लिए सात लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर की पेशकश की गई है। ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष खिलाड़ियों के मौजूदा केंद्रीय अनुबंध के अनुसार किसी भी खिलाड़ी को बीबीएल में खेलने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है।

बीबीएल का अब तक का सबसे अधिक भुगतान डार्सी शॉर्ट को 258,000 अमेरिकी डॉलर (370,000 आस्ट्रेलियाई डॉलर) किया गया। आईपीएल में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को जो भुगतान किया गया है, उसकी तुलना में यह रकम काफी कम है। लेकिन आईपीएल लीग के मालिकों ने यूएई और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका की टी20 लीग में भी निवेश किया है और ऐसे में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को बीबीएल के लिए अपने भुगतान ढांचे में बदलाव करने की जरूरत होगी।

### अदिति और दीक्षा ने की निराशाजनक शुरुआत

**मुइरफील्ड (स्कॉटलैंड)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक और दीक्षा डागर ने यहां 2022 एआईजी महिला ओपन में निराशाजनक शुरुआत की। अदिति ने पहल दौर में दो ओवर 73 के साथ शुरुआत की और वह संयुक्त 56वें स्थान पर हैं। दीक्षा ने छह ओवर 77 का स्कोर बनाया और वह संयुक्त 118वें स्थान पर हैं। कट में जगह बनाने के लिए इन दोनों भारतीय गोल्फर को दूसरे दौर में बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। इस बीच जापान की हिनाको शिबुरो ने 65 (-60) ने शुरुआती दौर में अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने अमेरिका की जेसिका कोर्डा पर एक शॉट की बढ़त बना रखी है।

## संक्षिप्त समाचार

### रादुकानू सिटी ओपन के क्वार्टर फाइनल में



**वाशिंगटन।** मौजूदा यूएस ओपन चैंपियन एम्मा रादुकानू ने उमस भरी गर्मी में लगभग तीन घंटे जूझने के बाद कैमिला ओसोरियो को हराकर सिटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। रादुकानू ने ओसोरियो को 7-6 (5), 7-6 (4) से हराकर सत्र में दूसरी बार क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। रादुकानू इससे पहले अप्रैल में स्टुटगार्ट में अंतिम आठ में पहुंची थी। यूएस ओपन की तैयारियों के लिए महत्वपूर्ण इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए रादुकानू को अब 60वीं रैंकिंग की लियूडमिला सैमसोनोवा का सामना करना होगा। सैमसोनोवा ने अजला टोमलजानोविच को 4-6, 6-3, 6-2 से हराया। पुरुषों के वर्ग में योशिहितो निशिओका ने सातवीं वरीयता प्राप्त करेन खाचानोव को 7-6 (2), 7-6 (1) से पराजित किया। क्वार्टर फाइनल में निशिओका का सामना डैन इवांस से होगा, जो तीसरी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज के तीसरे सेट में हटने के कारण आगे बढ़ने में सफल रहे।

### लाहिड़ी ने की विंडहम चैंपियनशिप में अच्छी शुरुआत

**ग्रीन्सबोरो (उत्तरी कैरोलिना)।** भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने विंडहम चैंपियनशिप के पहले दौर में चार अंडर 66 का कार्ड खेलकर शानदार शुरुआत की।लाहिड़ी ने छह बर्डी की लेकिन इस बीच वह दो बोगी भी कर बैठे। इनमें से एक बोगी उन्होंने 18वें और अंतिम होल में की। पहले दौर के बाद लाहिड़ी 14वें स्थान पर हैं। जान हूह ने पहले दौर में नौ अंडर 61 का स्कोर बनाया जिसमें सात बर्डी और एक ईगल शामिल है। पहले दौर के बाद शीर्ष पर काबिज हैं। लाहिड़ी ने कुछ अच्छे मौके गंवाए। उन्होंने पहले, पांचवें और छठे होल में बर्डी बनाई लेकिन इस बीच तीसरे होल में उन्होंने अपना शॉट गंवाया। इसके बाद उन्होंने 12वें, 14वें और 15वें होल में बर्डी बनाई लेकिन 18वें होल में फिर से बोगी कर बैठे।

### शाकिब अल हसन की पोस्ट की जांच करेगा बीसीबी

**ढाका।** बांग्लादेश के सबसे बड़े क्रिकेट स्टार शाकिब अल हसन फिर से विवादों से घिर गए हैं क्योंकि उनके देश के क्रिकेट बोर्ड ने सट्टेबाजी कंपनी के समर्थन में की गई उनकी हाल की सोशल मीडिया पोस्ट की जांच करने का फैसला किया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 2019 में भारतीय सट्टेबाज की भ्रष्ट पेशकश की रिपोर्ट नहीं करने पर शाकिब पर एक साल का प्रतिबंध लगाया था। बांग्लादेश के वर्तमान नियमों के अनुसार सट्टे से जुड़ी किसी भी तरह की गतिविधि को बढ़ावा देना या उसका समर्थन करना निषेध है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) इस ऑलराउंडर की हाल में सोशल मीडिया डाली गई उस पोस्ट की जांच करेगा, जिसमें उन्होंने बेटविनर नामक कंपनी के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की थी। बीसीबी अध्यक्ष नजमुल हसन ने कहा कि शाकिब को कारण बताओ नोटिस दिया जाएगा। शाकिब ने लगभग 400 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों में 12,000 से अधिक रन और लगभग 650 विकेट लिए हैं। नजमुल ने कहा, दो बातें हैं। पहला अनुमति लेने की कोई संभावना नहीं है क्योंकि हम इस तरह की अनुमति नहीं देंगे। सट्टेबाजी से जुड़ी किसी भी चीज में हम अनुमति नहीं देंगे। इसका मतलब है कि उन्होंने हमसे अनुमति देने के लिए नहीं कहा था। दूसरी बात हम यह जानना चाहते हैं कि क्या उन्होंने करार पर हस्ताक्षर किए हैं या नहीं। बीसीबी की गुरुवार को बैठक हुई जिसमें शाकिब कि सोशल मीडिया पोस्ट की जांच करने का फैसला किया गया।